

बमों का जवाब वोटों से देगा बंगाल, बनेगी डबल इंजन की सरकार :शाह -12




अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने से सेंसेक्स 703 अंक टूटा, निफ्टी भी गिरा -12



21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक की दहलीज पर भारत: मोदी -13



अल्कारेज को पछाड़ सिनर फिर बने दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी -14


आज का मौसम
37.0⁰ अधिकतम तापमान
21.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.45
सूर्यास्त 06.31

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी 12:12 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 14 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 233, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## अलविदा आशा ताई...



प्रख्यात पार्श्वगायिका आशा भोसले सोमवार को मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशान घाट में पंचतत्व में विलीन हो गईं। उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए हजारों लोग उमड़े। सीएम देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# वोटरों की बायोमेट्रिक पहचान के लिए होगी सुप्रीम सुनवाई

### फर्जी वोटिंग रोकने के लिए दायर जनहित याचिका पर केंद्र, निर्वाचन आयोग और राज्यों से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें मतदान केंद्रों पर फर्जी वोटिंग रोकने के लिए निर्वाचन आयोग को उंगली के निशान और आंखों की पुतली के आधार पर पहचान सुनिश्चित करने वाली बायोमेट्रिक प्रणाली लागू करने का का अनुरोध किया गया है। हालांकि, सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट किया है कि याचिका में किए गए इस अनुरोध पर वर्तमान में जारी कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के संदर्भ में विचार नहीं किया जाएगा।

पीठ ने कहा, अगले संसदीय चुनाव या राज्य विधानसभा चुनावों से पहले इस तरह का उपाय अपनाना उचित है या नहीं, इस पर विचार किए जाने की आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर याचिका पर केंद्र, निर्वाचन आयोग और कई राज्यों से जवाब तलब किया।

याचिका में दलील दी गई है कि निर्वाचन आयोग अनुच्छेद 324 के तहत अपनी पूर्ण शक्ति का इस्तेमाल करते हुए मतदाता पहचान को मजबूत करने और फर्जी मतदान को समाप्त करने के लिए उंगली के निशान और आंखों की पुतली पर आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली लागू कर सकता है। इससे सुनिश्चित होगा कि वास्तविक पंजीकृत मतदाताओं को ही वोट डालने की अनुमति मिले। मौजूदा मतदाता पहचान पत्रों और मैनुअल सत्यापन आधारित व्यवस्था की पुरानी तस्वीरों और लिपिकीय त्रुटियों से दुरुपयोग होने की आशंका रहती है।

यह भी कहा गया है कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा प्रवासी है, जिसके कारण अक्सर मतदाता सूचियों में विसंगतियां होती हैं। उंगली के निशान और आंखों की पुतली पर आधारित बायोमेट्रिक पहचान वास्तविक समय में सत्यापन को सक्षम बनाती है।



### डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण कानून के खिलाफ याचिका पर केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 के उन प्रावधानों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सोमवार को केंद्र से जवाब मांगा जो 2005 के सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत पारदर्शिता को कथित रूप से कमजोर करते हैं। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने जनहित याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान की दलीलों पर गौर करने के बाद कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय (कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग) और विधि एवं न्याय मंत्रालय से जवाब मांगा। पीठ ने राजस्थान को भी इस कार्यवाही में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। याचिका में डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 की धारा 44(3) को चुनौती दी गई है, जो सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 8(1)(जे) का स्थान लेती है।

## न्यूज ब्रीफ

### न्यायिक अधिकारियों के घेराव मामले में दो कांग्रेस नेता गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में एनआईए ने सोमवार को कांग्रेस के दो नेताओं को गिरफ्तार किया, जबकि पार्टी के मोथाबाड़ी उम्मीदवार सायम चौधरी को रातभर पूछताछ के बाद छोड़ दिया। एक एनआईए अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार नेताओं में आसिफ शेख और शहादत हुसैन शामिल हैं जो सायम चौधरी के सहयोगी हैं। सायम चौधरी का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है और कॉल रिकॉर्ड व संदेशों की जांच की जा रही है। इसके बाद चौधरी से आगे पूछताछ की जा सकती है।

### रुपये में 56 पैसे की बड़ी गिरावट, 93.39 प्रति डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** रुपये सोमवार को 56 पैसे की बड़ी गिरावट हुई और वह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.39 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका-ईरान शांति वार्ता विफल होने से पश्चिम एशिया में अनिश्चितता का माहौल छा गया जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई और वैश्विक स्तर पर डॉलर की मांग बढ़ गई। अमेरिका के ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी की घोषणा के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने को लेकर अनिश्चितता ने घरेलू बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी को तेज कर दिया जिससे भारतीय मुद्रा कमजोर हो गई।

### एससीएओआरए के अहम पद महिला वकीलों के लिए आरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) के आगामी चुनावों में सचिव, संयुक्त कोषाध्यक्ष और दो कार्यकारी पदों को महिला वकीलों के लिए आरक्षित कर दिया। कोर्ट ने यह आदेश पारित करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 का हवाला दिया। यह अनुच्छेद सुप्रीम कोर्ट को किसी भी लंबित मामले में पूर्ण न्याय प्रदान करने के लिए आवश्यक कोई भी डिक्री या आदेश पारित करने का असाधारण अधिकार देता है।

# नोएडा : वेतन के मुद्दे पर फूटा कर्मचारियों का गुस्सा... आगजनी, तोड़फोड़, पथराव

### हजारों की भीड़ ने फैक्ट्रियों पर धावा बोलकर वाहनों में आग लगाई, ठप हुआ औद्योगिक शहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

**अमृत विचार:** कम वेतन, ओवरटाइम भुगतान और असुविधाजनक कार्य स्थितियों के विरोध में नोएडा के औद्योगिक क्षेत्र में कर्मचारियों का आंदोलन सोमवार को काबू से बाहर होने के साथ हिंसक हो गया। सेक्टर-62, 63, 82, 84 और फेज-2 के औद्योगिक इलाकों में हजारों कर्मचारी सड़कों पर उतर आए, इसके बाद बड़े पैमाने पर आगजनी, पथराव और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं।

प्रदर्शनकारियों ने कई और वाहनों के साथ पुलिस की कई गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को कई जगह आंसू गैस के गोले दागने के साथ लाठियां भांजनी पड़ी। कपड़ा ट्रेडर्स के कर्मचारियों की हड़ताल से शुरू हुआ यह विवाद चौथे दिन नोएडा में कई और फैक्ट्रियों और कंपनियों तक पहुंच गया। सेक्टर 62 से लेकर सेक्टर 82 तक हजारों कर्मचारी सड़क पर उतर कर उग्र प्रदर्शन करने लगे। कई वाहनों में आग लगाने के साथ फैक्ट्रियों में तोड़फोड़ और पथराव किया। कर्मचारियों के आक्रोश को शांत करने के लिए पुलिस-प्रशासन से शासन तक अलर्ट हो गया। डीजीपी राजीव कृष्ण और एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश कंट्रोल रूम से नोएडा की स्थिति के बारे में जानकारी लेते रहे।



नोएडा में प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने पुलिस की गश्ती बाइक को भी फूंक दिया।

- पुलिस ने आंसू गैस छोड़कर और लाठी भांजकर पाया काबू

महंगाई के बावजूद कम वेतन होने को लेकर कर्मचारी कई दिनों से नाराज थे और हरियाणा के समान वेतन वृद्धि की मांग कर रहे थे। उन्होंने नोएडा की कंपनियों में श्रम नियमों के पालन पर भी सवाल उठाया था। इन मांगों को लेकर कई दिनों से कर्मचारियों में गुस्सा बढ़ रहा था जो सोमवार को भीषण रूप से फूट पड़ा। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मजदूरों की अनदेखी के कारण हालात बिगड़े हैं।

### कई किलोमीटर तक भीषण जाम, हजारों लोग फंसे

नोएडा-ग्रेटर नोएडा के प्रमुख मार्गों पर हालात बेकाबू रहे। चिल्ला बॉर्डर, सेक्टर-62, एनएच-9, दिल्ली बॉर्डर और यमुना एक्सप्रेसवे तक भारी जाम लग गया। नोएडा में कर्मचारियों के उग्र प्रदर्शन और सड़क जाम किए जाने का असर यमुना एक्सप्रेस-वे तक दिखा।



### कर्मचारियों की मांगें

वेतन वृद्धि और हरियाणा के बराबर सैलरी, ओवरटाइम का नियमानुसार दोगुना भुगतान, तय कार्य घंटे और साप्ताहिक अवकाश, बोनस और श्रम कानूनों का पालन।

### प्रशासन ने की तैयारी

सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द, पीएसी और आरएएफ समेत भारी फोर्स तैनात, डीजीपी स्तर से मॉनिटरिंग, अफवाह फैलाने वालों पर एफआईआर।

### मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों से की षड्यंत्रकारियों से सावधान रहने की अपील, जांच के लिए हाई पावर्ड कमेटी बनाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर में कहा कि कुछ तत्व विकास को बाधित करने के लिए षड्यंत्र कर रहे हैं। उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे औद्योगिक अशांति फैलाने वालों से सतर्क रहें और ऐसे प्रयासों को किसी भी कीमत पर सफल न होने दें। मुख्यमंत्री के निर्देश पर औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है जो जांच के लिए मौके पर पहुंच गई है।

# ट्रंप की धमकी से युद्ध भीषण होने के आसार

काहिरा, एजेंसी

- ईरान ने दी फारस और ओमान की खाड़ी में बंदरगाहों को निशाना बनाने की चेतावनी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी करने की धमकी के बाद तेल की कीमतें और बढ़ने के साथ युद्ध के और भीषण होने के आसार है। ट्रंप की धमकी के जवाब में ईरान ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में स्थित बंदरगाहों को निशाना बनाने की धमकी दी है जिससे क्षेत्र में टकराव गहराने का खतरा बढ़ गया है।

इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग ने कहा है कि फारस की खाड़ी और ओमान सागर में सुरक्षा या तो सभी के लिए होगी या किसी के लिए भी नहीं। इससे पहले, अमेरिका ने घोषणा की थी कि वह सोमवार को पूर्वी समयानुसार सुबह 10 बजे या ईरान में शाम साढ़े पांच बजे से ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू करेगा।

### नाकाबंदी के एलान से आठ प्रतिशत उछली कच्चे तेल की कीमत

अमेरिका की ओर से ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की घोषणा के बाद अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत आठ प्रतिशत बढ़कर 104.24 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट कच्चे तेल का मूल्य भी सात प्रतिशत बढ़कर 102.29 अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। फरवरी के आखिर में युद्ध शुरू होने से पहले इसकी कीमत लगभग 70 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी जो बढ़कर 119 अमेरिकी डॉलर से अधिक तक पहुंच गई थीं।

### ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया ने ट्रंप की घोषणा से दूरी बनाई

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कहा है कि ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी करने की अमेरिका की योजना का उनका देश समर्थन नहीं करेगा और हम युद्ध में नहीं पड़ेंगे। ट्रंप ने दावा किया था कि ब्रिटेन जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग हटाने वाले जहाज भेजेगा। स्टार्मर ने कहा कि वह लड़ाई बंद होने के बाद ही बारूदी सुरंगों को हटाने में मदद कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि अमेरिका ने नाकेबंदी की घोषणा एकतरफा तरीके से की है।

# पंजाब में बेअदबी के लिए अब उम्रकैद

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब विधानसभा में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के किसी भी कृत्य के लिए आजीवन कारावास और 25 लाख रुपये तक के जुर्माने के कठोर दंड का प्रस्ताव करने वाला विधेयक सोमवार को आम सहमति से पारित हो गया।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। आम आदमी पार्टी सरकार ने गुरु ग्रंथ साहिब के अपमान के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान करने के लिए जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार अधिनियम, 2008 में संशोधन के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया था। विधेयक पारित होने के बाद मान ने कहा कि यह विधेयक बेअदबी के कृत्यों के विरुद्ध मजबूत निवारक का कार्य करेगा और यह कानून पवित्र ग्रंथों की बेअदबी के अंत का प्रतीक है। यह भी कहा कि विधेयक राष्ट्रपति को भेजने की जरूरत नहीं है, केवल राज्यपाल की स्वीकृति पर्याप्त है।

- विधेयक आम सहमति से पारित, 25 लाख रुपये के जुर्माने का भी प्रावधान

### विधेयक के कड़े प्रावधान

इस अधिनियम के तहत गुरु ग्रंथ साहिब के 'सरूपों' (पवित्र ग्रंथ) की बेअदबी करने वाले किसी भी व्यक्ति को न्यूनतम सात वर्ष और अधिकतम 20 वर्ष तक के कारावास की सजा दी जाएगी। कम से कम दो लाख रुपये और अधिकतम 10 लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा। अपराध करने का प्रयास करने वाले को भी तीन से पांच वर्ष की सजा हो सकती है। उस पर कम से कम एक लाख रुपये और अधिकतम तीन लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा।

## ठाणे में वैन की सीमेंट मिक्सर से टक्कर, 11 लोगों की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार को एक पुल पर एक वैन की सीमेंट मिक्सर से टक्कर हो जाने के बाद 11 लोगों की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना सुबह 10 बजकर करीब 45 मिनट पर मुरबाद के गोविली गांव में रायता पुल पर हुई। कल्याण से मुरबाद जा रही वैन विपरीत दिशा से आ रहे सीमेंट मिक्सर से टकरा गई।

इस हादसे में वैन में सवार 11 लोगों की मौत हो गई। दो घायलों को उल्हासनगर के केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि इनमें से छह लोगों की पहचान कर ली गई है। मृतकों में आठ पुरुष और तीन महिलाएं शामिल थीं। दुर्घटना के बाद कल्याण से अहिल्यानगर जाने वाली सड़क पर कई घंटे तक जाम लगा रहा।

# खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि होने से खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ी

**नई दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई। फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत के स्तर पर थी। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।

सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर मार्च में 3.87 प्रतिशत रही जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े नई श्रृंखला यानी 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी किए हैं। खुदरा महंगाई हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बनी हुई है।

### सोना-चांदी, सब्जियां महंगी

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, सोने-चांदी के आभूषण, नारियल, टमाटर और फूलगोभी की कीमतों में मार्च महीने में भारी बढ़ोतरी हुई। वहीं प्याज, आलू, लहसुन, अरहर दाल और चने की कीमतों की महंगाई दर घटी। बिजली, गैस और अन्य ईंधन श्रेणी में खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 1.65 प्रतिशत रही जो फरवरी में 1.52 प्रतिशत थी।

# अंसार गजवातुल के तीन आतंकियों को उम्रकैद

विधि संवाददाता, लखनऊ

देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने व यूपी में बड़े आतंकी हमले के लिए हथियार और विस्फोटक एकत्र करने की साजिश रचने के आरोपी अल कायदा के सहयोगी संगठन अंसार ग़ज़वातुल हिन्द के आतंकी मुशीरुद्दीन, मिनहाज़ और तौहीद को एनआईए के विशेष न्यायाधीश जैनेन्द्र कुमार पांडेय ने दोषी करार दिया है। कोर्ट ने तीनों को आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। मिनहाज और मुशीरुद्दीन को सजा के अलावा एक लाख 42 हज़ार रुपये जबकि तौहीद पर 85 हज़ार रुपये का जुर्माना लगाया है। एनआईए की ओर से विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह ने बताया कि एटीएस के इंस्पेक्टर सुशील कुमार सिंह ने एटीएस थाने में 11 जुलाई 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एटीएस को सूचना मिल रही थी कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान बॉर्डर से आतंकवादी गतिविधियां संचालित करने वाले अल कायदा के आतंकी उमर हेलमण्डी ने भारत मे आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए संगठन में सदस्यों की भर्ती करने के निर्देश दिए है। कहा गया कि मिनहाज ने मुशीरुद्दीन को यूपी में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए भर्ती किया, वहीं मिनहाज और मुशीर ने धमाके करके भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए हथियार, बम एकत्र किए और धमाकों के स्थान को चिन्हित किया। 11 जुलाई 2021 को एटीएस ने दुबग्गा-काकोरी स्थित मिनहाज के घर पर छापा मारकर भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ, एक पिस्टल और कुकर बम बरामद किया था। इसके बाद मिनहाज अहमद और मुसीरुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया था । पूछताछ में मोहम्मद मोईद और शकील के नाम भी सामने आए। बताया गया कि आतंकी संगठन उत्तर प्रदेश, विशेषकर लखनऊ में युवाओं की भर्ती कर बड़े हमले की साजिश रच रहा है।

- प्रदेश में बड़े आतंकी हमले की थी अभियुक्तों की योजना

**कामयाबी** | दिल्ली से एयर एंबुलेंस से लाया गया दिल, ग्रीन कॉरिडोर से ऑपरेशन थिएटर तक पहुंचा

# एसजीपीजीआई में हुआ प्रदेश का पहला हृदय प्रत्यारोपण

- गंभीर बीमार 43 वर्षीय महिला को मिली नई जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की चिकित्सा दुनिया में एक नया अध्याय जुड़ गया। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआईएमएस) ने राज्य का पहला सफल हृदय प्रत्यारोपण कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

दिल की मांसपेशियों की गंभीर बीमारी से जूझ रही 43 वर्षीय महिला को डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम ने नया जीवन दिया।

दिल्ली में एक ब्रेन डेड मरीज के परिवारीजनों की सहमति से हृदय, लिवर और गुर्दे दान कराए गए। लिवर और दो गुर्दे का प्रत्यारोपण दिल्ली में ही किया गया। इससे पहले हृदय को विशेष एयर एम्बुलेंस से रविवार की सुबह लखनऊ एयरपोर्ट लाया गया।

प्रशासन और यातायात पुलिस की मुस्तैदी से बनाए गए ग्रीन कॉरिडोर के रास्ते दिल को समय पर एसजीपीजीआई के ऑपरेशन थिएटर तक पहुंचाया गया। एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने बताया कि संस्थान के कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी (सीवीटीएस), कार्डियोलॉजी और एनेस्थीसिया विभाग के डॉक्टरों ने पहले से तैयारी कर रखी थी। टीम ने जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।



### प्रत्यारोपण के बाद महिला की हालत में सुधार

ऑपरेशन के बाद महिला को आईसीयू में रखा गया है, जहां उसकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है। इस उपलब्धि में राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सोटो) और दिल्ली के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) की टीमों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरएमएल अस्पताल ने अंग के सुरक्षित और सुचारू परिवहन में अहम योगदान दिया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि पर डॉक्टरों की टीम को बधाई देते हुए इसे प्रदेश की उन्नत चिकित्सा सेवाओं का प्रतीक बताया। वहीं, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी इस सफलता को स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### हज उड़ान कंफर्म करने की अंतिम तिथि कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** हज-2026 के लिए चयनित यात्रियों को उड़ान कन्फर्म करने के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, यह प्रक्रिया 15 अप्रैल 2026 तक ही पूरी की जा सकती है। सचिव/कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि यात्रियों को अपनी उड़ान कंफर्म करने के लिए हज कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट hajcommittee.gov.in और "हज सुविधा" मोबाइल ऐप पर ऑनलाइन विकल्प दिया गया है। निर्धारित तिथि के बाद यह सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी। निर्देशों के मुताबिक, एक बार फ्लाइट कन्फर्म होने के बाद उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन या बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही, हज किट, बोर्डिंग पास और अन्य यात्रा दस्तावेज जारी करने के लिए यह जरूरी है कि यात्री की कोई भी देय धनराशि शेष न हो। ऑनलाइन फ्लाइट कन्फर्मेशन के बाद एक रसीद जनरेट होगी, जिसे हस्ताक्षरित कर सुरक्षित रखना होगा।

### सोलर दीदी योजना बनी प्रभावी मॉडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित सोलर दीदी योजना महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण विकास का प्रभावी मॉडल बनकर उभर रही है। इस योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को सौर ऊर्जा तकनीक की ट्रेनिंग देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। अब महिलाएं सोलर लैंप, पैनल और चार्जिंग यूनिट जैसे उपकरणों की स्थापना और मरम्मत का काम खुद संभाल रही हैं। इससे गांवों में ऊर्जा की उपलब्धता बेहतर हुई है और बिजली की समस्या का स्थानीय स्तर पर समाधान मिल रहा है। योजना से महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिले हैं। सोलर उत्पादों की बिक्री, इंस्टॉलेशन और सर्विसिंग के जरिए वे नियमित आय अर्जित कर रही हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और समाज में पहचान भी बढ़ रही है। सोलर दीदियां गांवों में सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम कर रही हैं।

### बड़ी संख्या में युवाओं को मिला रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ/मुजफ्फरनगर :** नुमाइश ग्राउंड में आयोजित भव्य रोजगार मेला युवाओं के लिए बड़े अवसर का मंच बनकर उभरा। कार्यक्रम में 27 हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से बड़ी संख्या को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देकर रोजगार के और अवसर सृजित किए जाएंगे। रोजगार मेले में 200 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिससे युवाओं को सीधे उद्योगों से जुड़ने का अवसर मिला। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि जो इस बार चयनित नहीं हो सके, उन्हें भी आगे अवसर मिलते रहेंगे।

### हेल्पलाइन 1912 बनी उपभोक्ताओं का सहारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हेल्पलाइन 1912 प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस हेल्पलाइन पर दर्ज करीब 95.11 लाख शिकायतों में से 94.04 लाख का निस्तारण किया गया, जो लगभग 98.88% सफलता दर दर्शाता है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर पावर कारपोरेशन ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।

# आंबेडकर जयंती बनेगी सामाजिक न्याय का महापर्व

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- आज लखनऊ में भीमराव आंबेडकर को सीएम योगी देंगे श्रद्धांजलि प्रदेशभर में होंगे आयोजन

**अमृत विचारः** प्रदेश में इस वर्ष भीमराव आंबेडकर जयंती को भव्य और व्यापक रूप में मनाने की तैयारी है। योगी सरकार ने इसे केवल एक स्मृति दिवस नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, जागरूकता और जनसशक्तीकरण के महाअभियान का रूप दिया है। प्रदेश के सभी जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर जनप्रतिनिधि जनता को संविधान, अधिकारों और समानता के मूल्यों से अवगत कराएंगे।

राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित आंबेडकर महासभा परिसर में मुख्य कार्यक्रम होगा, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत बौद्ध भिक्षुओं द्वारा पुष्पांजलि और बुद्ध वंदना से होगी। महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष लालजी प्रसाद निर्मल के नेतृत्व में यह आयोजन किया जा रहा है।

### 'योगी की पाती' से आंबेडकर के विचारों को अपनाने का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी आदित्यनाथ ने आंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों के नाम 'योगी की पाती' जारी कर भीमराव आंबेडकर के विचारों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से करोड़ों लोगों को गरिमामय जीवन का अधिकार दिलाया और उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा व सामाजिक समता के लिए प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के संदेश को आज भी प्रासंगिक बताते हुए युवाओं से इसे जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, वंचित, महिलाओं और युवाओं तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। राशन, आवास, शौचालय, स्वास्थ्य सेवाएं और 'घरौनी' योजना के जरिए स्वामित्व अधिकार देने जैसे प्रयास इसी दिशा में हैं। सीएम ने बताया कि छात्रावासों के पुनर्निर्माण और नई योजनाओं से कमजोर वर्ग के छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। साथ ही प्रदेश में करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का प्रयास भी जारी है।

सरकार की मंशा है कि बाबा साहब के विचार समानता, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया जाए। इसी क्रम में सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि गांव-गांव जाकर जनसंवाद करेंगे। जयंती से पहले मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमाओं पर छत्र लगाने, बाउंड्री वॉल और सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश भी दिए हैं। इस निर्णय से दलित समाज में विशेष उत्साह है।

14 अप्रैल को पूरे प्रदेश में विश्वविद्यालयों, विद्यालयों और संस्थानों में गोष्ठियां, भाषण, निबंध व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके साथ ही कैबिनेट द्वारा स्वीकृत 'डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना' के तहत 403 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न महापुरुषों के स्मारकों का विकास कराया जाएगा।

# पारिवारिक समस्याएं मिल बैठकर हल करें : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने फरियादियों से की अपील


**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में शिकायतें सुनीं और समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देश दिए। इस दौरान कई शिकायतें पारिवारिक विवाद से जुड़ी आईं, जिस पर मुख्यमंत्री ने सभी को समझाया और कहा कि परिवार सबसे बड़ी पूंजी होती है। समझदारी से पारिवारिक मामले मिल-बैठकर सुलझाएं। कहा कि विश्वास करिए, बिखरने के बजाय परिवार एकजुट हो जाएगा और वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी भी एक रहेगी।

मुख्यमंत्री ने पारिवारिक विवादों से जुड़ी सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। फिर शिकायत लेकर आए लोगों ने कहा कि पारिवारिक झगड़ों में पुलिस-प्रशासन की सहायता लेना अंतिम विकल्प ही होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान तत्परता व संवेदनशीलता के साथ कराया जाए। इसमें शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य है।

# सरकारी विद्यालयों को प्रतिस्पर्धी बनाने पर मुख्यमंत्री ने दिया जोर

## राज्यपाल और सीएम योगी ने किया जनभवन विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन




जनभवन के आदर्श माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य को बस की चाबी सौंपतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जनभवन के 5.17 करोड़ रुपये से निर्मित नए भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान 'हमारा जनभवन' पुस्तक का विमोचन किया गया और विद्यालय की प्रधानाचार्य को बस की चाबी भी सौंपी गई।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं होता, सही मार्गदर्शन मिलने पर हर कोई अपनी क्षमता का सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सकता है। वैद्य जीवक का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि हर तत्व में उपयोगिता होती है, जरूरत उसे पहचानने की है। सीएम ने कहा कि हम अपने स्तर पर थोड़ा सा भी प्रयास करें तो सरकारी स्कूल को भी कॉन्वेंट-पब्लिक स्कूल की तर्ज पर प्रतिस्पर्धा योग्य बना सकते हैं। यह आदर्श माध्यमिक विद्यालय उस प्रतिस्पर्धा के लिए खुद को तैयार कर रहा है। इस आदर्श माध्यमिक विद्यालय का भव्य भवन, अच्छी लैब, लाइब्रेरी, क्लास रूम व प्रांगण स्पष्ट उदाहरण है कि हम सरकारी विद्यालयों को भी इस रूप में आगे बढ़ा सकते हैं।

### बच्चों से किया संवाद, लैब व लाइब्रेरी देखी

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विद्यालय का निरीक्षण कर कक्षाओं, स्पेस लैब, कंप्यूटर लैब और पुस्तकालय का अवलोकन किया। बच्चों ने 'गुड मॉर्निंग सर' और 'वंदे मातरम' कहकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद कर उनके प्रोजेक्ट्स देखे और हौसला बढ़ाया। साथ ही उनके साथ फोटो भी खिंचवाई।

बताया गया कि भवन निर्माण में 4.70 करोड़ रुपये राज्य सरकार और शेष राशि सीएसआर फंड से उपलब्ध कराई गई। विद्यालय में आधुनिक लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास और खेल सुविधाएं विकसित की गई हैं।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री सुरेश खन्ना, गुलाब देवी, संदीप सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रमिक शांतिपूर्ण ढंग से कार्यस्थलों पर लौटें और अफवाहों से बचें

## नोएडा में श्रमिकों व कंपनियों के साथ बहुचरणीय संवाद शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार।

- औद्योगिक सामंजस्य बनाने में जुटी उच्चस्तरीय समिति

**अमृत विचारः** नोएडा, गौतमबुद्धनगर में उत्पन्न औद्योगिक असामंजस्य की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने सोमवार श्रमिकों और प्रबंधन पक्ष के साथ बहुचरणीय बैठकों का सिलसिला शुरू किया है। इसके माध्यम से समस्याओं के स्थायी समाधान की कोशिशें तेज हो गई है। समिति की ओर से अपील की गई कि श्रमिक शांतिपूर्ण ढंग से कार्यस्थलों पर लौटें। अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से बचें। केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें। औद्योगिक वातावरण में सौहार्द बनाए रखें।

औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सभागार में सोमवार को समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्रमिक प्रतिनिधियों और विभिन्न कंपनियों से जुड़े पक्षों ने हिस्सा लिया। बैठक में अपर मुख्य सचिव (एमएसएमई), प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन, श्रम आयुक्त, मंडलायुक्त मेरठ, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर सहित प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**श्रमिकों ने रखीं प्रमुख मांगें:** बैठक के दौरान श्रमिकों ने अपनी समस्याएं विस्तार से रखते हुए वेतन वृद्धि, साप्ताहिक अवकाश, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, श्रमिक हितों की सुरक्षा, सम्मानजनक कार्य वातावरण आदि प्रमुख मांगें समिति के समक्ष रखीं। समिति ने श्रमिकों को आश्वस्त किया कि उनके हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी औद्योगिक इकाइयों में श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

**संवाद और समाधान पर जोरः** समिति द्वारा श्रमिकों और प्रबंधन पक्ष के साथ बहुचरणीय बैठकों के माध्यम से समस्याओं का गहन अनुश्रवण किया जा रहा है, ताकि स्थायी समाधान निकल सके। समिति की ओर से अपील की गई कि श्रमिक शांतिपूर्ण ढंग से कार्यस्थलों पर लौटें। अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से बचें। केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें। औद्योगिक वातावरण में सौहार्द बनाए रखें।

### मनरेगा कर्मियों की मांगों पर मिला मुख्यमंत्री का आश्वासन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मनरेगा कार्मिक कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। कर्मचारियों के हित में पांच वर्ष से लंबित एचआर नीति सम्बंधित विभिन्न मांगों से अवगत कराया। कोर कमेटी के सदस्य उदय राज शर्मा ने बताया कि एचआर नीति की 4 अक्टूबर 2021 को घोषणा की गई थी। जो साक्ष्य सहित मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गई। उन्होंने संतोषजनक आश्वासन भी मिला। उम्मीद है कि मनरेगा कर्मियों की घोषणा, अवरुद्ध मानदेय एवं नियमित मानदेय, चिकित्सा अवकाश समेत अन्य मांगे जल्द पूरी हो जाएंगी।

# सीएम फेलोशिप कार्यक्रम के लिए 5.18 करोड़ जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 42 जिलों में योजना के क्रियान्वयन को वित्तीय स्वीकृति
- जिला स्तर पर सीडीओ के माध्यम से होगा खर्च

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 5.18 करोड़ रुपये (518.40 लाख) की धनराशि जारी कर दी है। इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए 42 जिलों में योजना के क्रियान्वयन के लिए धनराशि आवंटित की गई है।

सोमवार को जारी आदेश के अनुसार, यह राशि नियोजन विभाग की अनुदान संख्या-40 के अंतर्गत 'मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम' मद में स्वीकृत की गई है। यह धनराशि संबंधित जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों (सीडीओ) के माध्यम से व्यय की जाएगी, जिससे कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर गति मिल सके। शासनादेश के अनुसार, बलिया को सर्वाधिक 38.40 लाख रुपये, संभल को 33.60 लाख और बदायूं, गाजीपुर व महाराजगंज को 28.80-28.80 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। वहीं बरेली और मिर्जापुर को 24-24 लाख, बस्ती को 19.20 लाख तथा कई जिलों को 4.80 से 14.40 लाख रुपये तक की राशि दी गई है।

सरकार का उद्देश्य मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं की भागीदारी बढ़ाते हुए विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है।

### शिविर लगाकर खोजे जाएंगे टीबी मरीज

**अमृत विचार, लखनऊ:** ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में आयुष्मान आरोग्य शिविर अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेश में अब तक 2,695 शिविरों के जरिए दो लाख से अधिक संभावित टीबी मरीजों की पहचान की जा चुकी है। इस सफलता को देखते हुए उच्च जोखिम वाले गांवों में ऐसे शिविरों का आयोजन आगे भी जारी रखने का निर्णय लिया गया है। राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. ऋषि कुमार सक्सेना के अनुसार "टीबी फ्री पंचायत" पहल को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। विश्व टीबी दिवस से शुरू 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में स्क्रीनिंग, एक्स-रे और जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही सघन खोजी अभियान (एसीएफ) भी नियमित रूप से चलाया जा रहा है।

# योगी ने परखी मोदी के कार्यक्रम की तैयारियां

## प्रधानमंत्री आज करेंगे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

राज्य ब्यरो, लखनऊ/सहारनपुर

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सहारनपुर पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने हेलीपेड से लेकर जनसभा स्थल तक व्यवस्थाओं को परखा और अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री मंगलवार को सहारनपुर के गणेशपुर में बनाए गए हेलीपेड पर उतरेंगे। यहां से वे रोड शो करते हुए मां डाट काली मंदिर पहुंचेंगे और पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद देहरादून जाकर जनसभा को संबोधित करते हुए दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे, जिसका सीधा प्रसारण गणेशपुर में भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण के दौरान डाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना भी की और सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।



एक्सप्रेसवे के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेते मुख्यमंत्री योगी।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर सुबह 10:50 बजे गणेशपुर पहुंचेगा। इसके बाद 11:10 बजे एक्सप्रेसवे के एलिवेटेड रोड व्यू प्वाइंट का अवलोकन करेंगे। यहां उनका स्वागत फूलों की वर्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा। 11:35 बजे वे मां डाट काली मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे और फिर देहरादून के लिए रवाना होंगे।

### विशेषताएं

- वर्ष 2020 में केंद्र सरकार ने दी मंजूरी
- 4 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री मोदी ने किया शिलान्यास
- करीब 210 किमी लंबा एक्सप्रेसवे
- सफर का समय 6 घंटे से घटकर लगभग 2.5 घंटे
- एलिवेटेड रोड, अंडरपास व वाइल्डलाइफ कॉरिडोर जैसी आधुनिक सुविधाएं
- पश्चिमी यूपी व उत्तराखंड में निवेश, उद्योग और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**सियासत** मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के बाद तावड़े दिल्ली रवाना, चुनावी रणनीति पर मंथन तेज

# मंत्रिमंडल विस्तार से लेकर बड़े बदलावों की गणित तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात करते भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े।

**अमृत विचारः** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने उत्तर प्रदेश में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार और संगठनात्मक बदलावों को लेकर गहन मंथन किया। दो दिवसीय लखनऊ दौरे के दौरान उन्होंने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर फीडबैक लिया और इसके बाद दिल्ली रवाना हो गए।

प्रदेश में भाजपा संगठन और सरकार के स्तर पर चल रही हलचल ने राजनीतिक माहौल को गर्म कर दिया है। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह भी दिल्ली और लखनऊ के बीच लगातार बैठकें कर चुके हैं। लखनऊ प्रवास के दौरान तावड़े ने रविवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी, सूर्यप्रताप शाही एवं भूपेंद्र चौधरी समेत कई मंत्रियों एवं संगठन पदाधिकारियों से मिलकर मंत्रिमंडल विस्तार, क्षेत्रीय अध्यक्षों के चयन और संगठन में नए चेहरों को लेकर फीडबैक जुटाया। लखनऊ में दो दिनी ठहराव के बीच तावड़े ने नौ साल के कार्यकाल के दौरान सरकार के प्रति सत्ता रोधी रुझान एवं पीडीए के नैरेटिव के असर की थाह भी ली।

राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट सत्ता और संगठन में सामंजस्य से लेकर कई बड़े निहितार्थ हैं। चुनावी वर्ष में भाजपा ने मंत्रिमंडल एवं संगठन में अहम बदलावों के जरिए बड़ा चुनावी संदेश देने का गुणा गणित है। पिछले माह प्रदेशभर में नगरीय निकायों में 2802 सभासदों के समायोजन का परिणाम सकारात्मक मिलने से उत्साहित भाजपा निगम, आयोग, बोर्ड एवं प्राधिकरणों की रिक्तियां भरना चाहती है।

### संगठन व मंत्रिमंडल विस्तार में पीडीए फैक्टर

भाजपा इस बार चुनावी रणनीति में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फैक्टर को ध्यान में रखते हुए संगठन और मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर विचार कर रही है। इसके साथ ही सत्ता विरोधी रुझानों का आकलन भी किया गया है। माना जा रहा है कि यदि बड़े स्तर पर फेरबदल नहीं हुआ, तो मंत्रिमंडल में करीब छह नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मद्देनजर कम से कम एक महिला चेहरे को भी जगह देने की तैयारी है।

# 'लिवर पूप' ऐप से होगी नवजातों में गंभीर लिवर रोग की पहचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अपर मुख्य सचिव ने किया अवलोकन, ऐप को प्रदेशभर में लागू करने के निर्देश

**अमृत विचार :** प्रदेश में नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य को लेकर एक अहम पहल की गई है। अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष ने एआई आधारित 'लिवर पूप' मोबाइल एप्लिकेशन के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया। यह ऐप नवजातों में गंभीर लिवर रोगों की शुरुआती पहचान में मदद करेगा।

इस ऐप को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के बाल रोग विभाग के प्रोफेसर डॉ. पीयूष उपाध्याय ने विकसित किया है। उन्होंने बताया कि करीब 3 वर्षों के प्रयास से तैयार यह एप विशेष रूप से 0-1 वर्ष तक के बच्चों में बिलियरी एट्रेसिया जैसे गंभीर लिवर रोग की स्क्रीनिंग करता है। अपर मुख्य सचिव ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने वाला महत्वपूर्ण नवाचार बताते हुए प्रदेशभर में लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह ऐप आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहुओं और अभिभावकों के लिए उपयोगी साबित होगा।

यह ऐप 40 भाषाओं में निःशुल्क उपलब्ध है और जल्द ही गूगल प्ले स्टोर व एप्पल ऐप स्टोर पर भी जारी किया जाएगा। फिलहाल इसे ऑनलाइन डाउनलोड किया जा सकता है।

### ऐसे काम करता है ऐप

यह ऐप शिशु के मल के रंग के आधार पर बीमारी की पहचान करता है। यदि मल का रंग संदिग्ध पाया जाता है, तो यह पेशाब के रंग और अन्य संकेतों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करता है, जिससे डॉक्टर शुरुआती स्तर पर ही स्थिति का आकलन कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्राम प्रधान हरित ग्राम्य रत्न पुरस्कार से पुरस्कृत

**रसूलाबाद।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग द्वारा श्रेष्ठ प्रधान चयन में रसूलाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत खेड़ा कुर्सी की महिला ग्राम प्रधान पावनी मिश्रा को 12 अप्रैल को चयनित कर उन्हें हरित ग्राम्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। स्थानीय ब्लॉक प्रधान संघ के सदस्यों ने इस पर हर्ष जताया है और उन्हें बधाई दी है। खेड़ा कुर्सी ग्राम प्रधान पावनी मिश्रा उच्च शिक्षा (इंजीनियरिंग शिक्षा )प्राप्त महिला हैं और शहरी जीवन को छोड़कर कर ग्रामीणों के उत्थान के लिए ग्राम्य जीवन में रह रही हैं। ग्रामीण महिलाओं के उत्थान के लिए उन्होंने कई प्रयास कर अपने क्षेत्र की महिलाओं को लाभ पहुंचाया है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ अपने क्षेत्र के ग्राम वासियों को उपलब्ध कराया है।

### शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में जिलाध्यक्ष देंगी जानकारी

**कानपुर देहात।** मंगलवार को दोपहर 12 बजे भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित कार्यक्रम की जानकारी दी जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा ने बताया कि इस मौके पर जिला अध्यक्ष रेणुका सचान, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला और विधायक पूनम शंखवार द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी।

### बिना अनुमति हो रहा था निर्माण कार्य पुलिस ने रुकवाया

**रसूलाबाद।** पुलिस प्रबंधन समिति के रकबा में बन रही रास्ता को कोतवाल ने मौके पर जाकर रुकवाया। थाना रसूलाबाद की पुलिस प्रबंधन समिति के रकबा में गुलपीर बाबा की मजार है। मजार के पास ग्राउंड में बिना पुलिस की अनुमति से कुछ लोग इंटरलॉकिंग खड़ंजा का निर्माण कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह ने पुलिस टीम के साथ जाकर मौके पर काम कर रहे लोगों को काम बंद रखने की हिदायत दी। कोतवाल शिवनारायण सिंह ने बताया कि पुलिस की अनुमति के बिना पुलिस की जगह पर अवैध रास्ते का निर्माण किया जा रहा था, जिसे मौके पर जाकर बंद कर दिया गया।

### दबंगई दिखाने पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

**रसूलाबाद।** दशहरा सुजनपुर निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही चार लोगों के विरुद्ध थाने में मुकदमा कायम कराया है। दशहरा सुजनपुर निवासी सुरेश ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में पुलिस को बताया कि वह अपने खेत पर चरी बोने गया था। वहां पर गांव के ही सर्वेश कुमार अपने सगे भाइयों राजकुमार व प्रदीप सिंह एवं पुत्र सहित अंकित पहुंचे और उसके खेत की मेड़ काटने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर अपशब्द कहे और लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे उसके शरीर में गंभीर चोटे आई हैं। चीखने चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। इस पर वह इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने थाने आया है थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली गई है।

### अधिवक्ता के निधन पर हुई शोक सभा

**शिवली।** लायर्स एसोसिएशन तहसील मैथा के महामंत्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि अधिवक्ता राजवीर सिंह यादव का आकस्मिक निधन हो गया है। सोमवार को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कुलदीप तिवारी की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत कई लोग रहे।

### हादसे में सिपाही समेत चार घायल

**रसूलाबाद।** थाना क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में सिपाही समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए। थाना रसूलाबाद के पीआरबी 112 में तैनात आरक्षी शेर सिंह 33वर्ष बाइक फिसल कर गिर गया। इस कारण वह घायल हो गए। इसी प्रकार भटपुरा दिबियापुर औरैया निवासी बंटी 26 बाइक अनियंत्रित होकर गिर जाने के कारण घायल हो गया जबकि मलखानपुर निवासी मोहित 22 पुत्र सुरेश व विशु गौतम 26 पुत्र सोनेलाल ई रिक्शा पलटने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन सीएचसी ले गए जहां से दोनों की हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट रेफर कर दिया है।

# सड़क हादसे में कांस्टेबल की मौत, परिजनों में कोहराम

## आगरा जिले के खांडा गांव के केशव देव कहिंजरी चौकी में तैनात थे

संवाददाता, रसूलाबाद



केशव देव यादव।



सीएचसी में मौजूद सीओ, थाना प्रभारी व अन्य पुलिस बल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कहिंजरी चौकी में तैनात खांडा थाना बरहन जिला आगरा निवासी एक सिपाही की सरकारी बाइक में अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिए जाने से मौत हो गई। वह सरकारी काम से थाने से चौकी कहिंजरी जा रहे थे। रसूलाबाद कानपुर रोड पर हसानंद विद्यालय के समीप उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उनके घायल होने की सूचना पर पुलिस उन्हें तत्काल सीएचसी लाई जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत बताया। उनकी असामयिक मौत की खबर मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया।

खांडा थाना बरहन जिला आगरा निवासी केशव देव यादव 33 वर्ष पुत्र मुन्ना लाल यादव स्थानीय कहिंजरी चौकी में आरक्षी के पद पर तैनात थे। सोमवार शाम वह सरकारी बाइक से सरकारी कार्य से थाने से कहिंजरी चौकी जा रहे थे। इसी दौरान रसूलाबाद कानपुर रोड पर हसानंद विद्यालय के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े।

इसी दौरान पुलिस की गाड़ी कहिंजरी की ओर से आ रही थी। वह उन्हें तत्काल सीएचसी रसूलाबाद लाई जहां डॉक्टर सौरभ शाक्य ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। उनकी असामयिक मौत पर उनके पिता मुन्ना लाल यादव, मां व पत्नी संतोष देवी एवं पुत्र आर्या का रो रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह ने बताया कि इसकी सूचना उनके स्वजनों को दे दी गई है उनके आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# ज्यूनिहा गांव में जमीन में गड़े जेवर चुरा ले गए चोर

**रनियां।** गजनेर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर के अंदर जमीन में गड़े पांच लाख रुपये सोने के सिक्के, चांदी के जेवरात पार कर दिए।

ज्यूनिया गांव निवासी जय सिंह खेती-बाड़ी का काम करते हैं। रविवार की रात वे खाना खाने के बाद बाहर बरामदें में सोने चले गए। पत्नी मालती व बेटा अभय व अजय कमरें में सो गए। रात में अज्ञात चोर घर में दाखिल हुए और एक बंद कमरे में जमीन में गड़ी एक मटकी खोदकर छत के रास्ते भाग निकले।

गृहस्वामी ने बताया कि मटकी में 5 लाख रुपए नगद, एक सोने का सिक्का, तथा चांदी की पायल रखे थे जो चोरों ने पार कर दिए। भोर में अभय लघुशंका के लिए उठकर बाहर निकला तो कमरा खुला देखा अंदर झांककर देखा तो उसके होश उड़ गए। भागकर घरवालों को जगाकर घटना बताई। डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी पर सोमवार की सुबह थानाध्यक्ष गजनेर सूर्य प्रताप सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और पूछताछ करते हुए जांच पड़ताल शुरू की।

# प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह में बढ़ा कानपुर देहात का मान



सम्मानित किए गए जिले के शिक्षक। अमृत विचार

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में पुस्तक विमोचन एवं शिक्षक सम्मान समारोह लखनऊ में हुआ । इसमें कानपुर देहात जनपद के ब्लॉक रसूलाबाद, मैथा व झींझक के 5 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों के लिये राष्ट्रीय बाल शिक्षा शिखर सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के रसूलाबाद के प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर गजेन की शिक्षिका वैशाली मिश्रा, प्रतीक्षा त्रिपाठी (एआरपी, विकासखण्ड-मैथा), आलोक शर्मा संविलियन विद्यालय धर्मपुर झींझक एवं त्रिलोक चंद्र वरधान आदि को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों के लिये राष्ट्रीय बाल शिक्षा शिखर सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में 'अन्विति' सहित आठ महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इनमें से ज्यादातर पुस्तकों का सम्पादन दुर्गेश्वर राय द्वारा किया गया है। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 88 नवाचारी शिक्षक-शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय बाल शिक्षा शिखर सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आयोजन

**कानपुर देहात।** गांव राय रामापुर में बीते कई दिनों से माहौल को धार्मिक बना कर रखने वाले धार्मिक अनुष्ठान का आज विधिवत समापन हो गया। आयोजकों ने ग्रामीणों संग कथा का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रख्यात पुरोहित के पावन सानिध्य में विसर्जन किया। इस दौरान भक्तों द्वारा लगाए गए गगनभेदी जयकारों से गांव गुंजायमान बना रहा।

राय रामापुर गांव निवासी रघुवीर प्रसाद तिवारी द्वारा पितरों की आत्मशांति के लिए मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं गया भोज का आयोजन कराया गया था। कई दिनों तक चले कार्यक्रम से क्षेत्र का माहौल धार्मिक बन रहा। कथा का विश्राम होने के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो देर रात्रि तक अनवरत अंजलि वह शनिवार को प्रख्यात पुरोहित पवन शनि देव वैदिक मंत्र चरणों के बीच अनुष्ठान का समापन एवं विसर्जन किया गया। इस मौके पर शिवम पांडेय, करुणा शंकर पांडेय, विनोद पांडेय, पप्पू शुक्ला, विनय पांडेय, अनूप पांडेय, विशाल पांडेय समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# छेड़खानी पर किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र की कहिंजरी चौकी अंतर्गत सोमवार सुबह कक्षा 8 की एक बालिका ने घर में कमरे के पंखे के कुंडे में साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घर वाले लोग उस समय ऊपरी मंजिल पर थे। नीचे उतरने पर मां को इसका पता चला तो घर में कोहराम मच गया। मृत बालिका के पिता ने इस संबंध में पिराई-पिसाई कारखाने के एक कर्मचारी पर रविवार शाम लाही पिराने गई उसकी लड़की के साथ छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। उसने इसकी तहरीर थाने में आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध दी है।

किशोरी के पिता ने में पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि कक्षा आठ में पढ़ने वाली उसकी पुत्री रविवार शाम लगभग 3 बजे लाही पिराने गांव स्थित एक कारखाने में गई थी। वहां लाही पेर रहे कर्मचारी ने उसके साथ अभद्रता की। कारखाने पर उस समय लड़की और वह अकेले थे। घर लौटने पर उसने यह बात अपनी बड़ी बहन को बताई। इसके पश्चात सोमवार सुबह सात बजे उसने साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

इस पर घर में कोहराम मच गया। आरोपी व्यक्ति अटिया रायपुर में अपने बहनोई के यहां पिछले लगभग 3 साल से रह रहा है। वह विवाहित है। किशोरी की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि पिता द्वारा दी गई मामले की फौती सूचना के आधार पर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है।

# अपनी शक्ति पहचानें और दृढ़ता के साथ रखें अपनी बात : डॉ. मीनाक्षी शास्त्री

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



हवन कुंड में आहुतियां देते साधक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** आर्य समाज, अकबरपुर के 132वें वार्षिकोत्सव एवं वैदिक ज्ञान सत्संग महोत्सव के अंतिम दिन महिला सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसका संचालन विदुषी डॉ. मीनाक्षी शास्त्री (साध्वी तापसी तीर्थ), मेरठ द्वारा किया गया। शिविर के दौरान महिलाओं को जागरूक रह कर अपनी शक्ति पहचानने और अपने हित की बात दृढ़ता से कहने को प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन प्रातः, सायंकालं एवं रात्रि तीन सत्रों में विविध वैदिक अनुष्ठान, यज्ञ, भजन-प्रवचन तथा धर्मोपदेश आयोजित किए गए। वैदिक विद्वान आचार्य राम प्रसाद आर्य (वैदिक प्रवक्ता), पंडित राजेश आर्य (भजनोपदेशक) मैनपुरी, पंडित प्राणदेव अग्निहोत्री (योगाचार्य) नोएडा और आचार्य चन्द्र भूषण तिवारी (पर्यावरणविद) लखनऊ द्वारा वेदों के ज्ञान, सत्य सनातन वैदिक धर्म के सिद्धांतों एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इससे उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक एवं नैतिक प्रेरणा प्राप्त हुई। आयोजन के दौरान महिला सशक्तिकरण शिविर में महिलाओं को आत्मनिर्भरता, शिक्षा, संस्कार एवं समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के विषय में प्रेरित किया गया।

# फार्मर आईडी के बगैर नहीं मिलेगा सब्सिडी वाला खाद और बीज

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** उप कृषि निदेशक हरीशंकर भार्गव ने बताया कि सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों के हित में और सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया गया है। भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत अब प्रदेश के समस्त किसानों के लिए किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) होना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे किसान, जिनेके पास अभी तक फार्मर आईडी नहीं है, उनके लिए 15 अप्रैल तक जनपद भर में विशेष शिविर (कैंप) आयोजित किए जा रहे हैं।

किसान इन कैंपों में जाकर अपना पंजीकरण करा सकते है। भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किश्तें केवल उन्हीं किसानों को हस्तांतरित की जाएंगी, जिनके पास किसान पहचान पत्र होगा। इसके साथ-साथ कृषि विभाग और अन्य सहयोगी विभागों (उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई आदि) द्वारा संचालित सभी लाभकारी योजनाओं का चयन अब केवल किसान पहचान पत्र के आधार पर ही किया जाएगा। मई 2026 से सब्सिडी वाले खाद (फर्टिलाइजर), बीज और कीटनाशकों का वितरण केवल उन्हीं किसानों को किया जाएगा जिनका पंजीकरण फार्मर रजिस्ट्री में होगा।

इसके लिए आईएफएमएस पोर्टल को एग्रीस्टैक से जोड़ा जा रहा है। भविष्य में गेहूं धान, दालें और सरसों आदि फसलों की सरकारी केंद्रों पर बिक्री के लिए किसान पहचान पत्र अनिवार्य होगा। खरीद से पहले केंद्रों पर इस आईडी का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

# 'लखपति दीदी' के खराब प्रदर्शन पर मिशन मैनेजरों को दी चेतावनी

कार्यालय संवादादाता,कानपुर देहात

- जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति के काम की हुई समीक्षा

**अमृत विचारः** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति एवं जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लखपति दीदी योजना की खराब प्रगति पर विकासखंड रसूलाबाद के ब्लॉक मिशन मैनेजर नीरज सोनकर एवं गीता राजपूत को एक सप्ताह के भीतर प्रगति सुधारने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना में डेरापुर, राजपुर एवं सरवनखेड़ा विकासखंडों की धीमी प्रगति पर संबंधित ब्लॉक मिशन मैनेजरों को भी एक सप्ताह का समय दिया गया। जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में परिवार संतृप्तिकरण के तहत जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को सभी कोटेदारों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लक्ष्य पूर्ति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। समूह गठन की धीमी प्रगति पर झींझक, मलासा, रसूलाबाद एवं संदलपुर के ब्लॉक मिशन मैनेजरों पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा मुख्य विकास अधिकारी को दैनिक समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्टार्टअप के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह एवं ग्राम संगठनों को प्रोत्साहित करते हुए निर्देशित किया गया कि शेष सभी पात्र समूहों की पत्रावलियां तैयार कर अगली बैठक से पूर्व ग्राम निधि पर मांग दर्ज कराई जाए।

इसी प्रकार आरएफ एवं सीआईएफ वितरण हेतु भी शेष समूहों की पत्रावलियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। खराब प्रदर्शन पर मलासा के ब्लॉक मिशन मैनेजर सुनीत तिवारी के विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्रवाई हेतु मिशन मुख्यालय से पत्राचार करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना में धीमी प्रगति पर मैथा एवं रसूलाबाद विकासखंडों के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए इस माह के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने एसएचजी, वीओ एवं सीएफएफ के ऑडिट की ऑनलाइन फीडिंग एक सप्ताह में पूर्ण करने तथा समस्त कैडर की जानकारी पोर्टल पर समयबद्ध अपलोड करने के निर्देश दिए।

# एचएसआरपी बगैर नहीं मिलेगा पीयूसीसी

**कानपुर देहात।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता में हुई वीडियों कांफ्रेंसिंग में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) का लगाया जाना अनिवार्य है।

इस क्रम में वाहन पीसीसी पोर्टल पर आवश्यक तकनीकी व्यवस्था विकसित की गयी है, जिसके अंतर्गत 15 अप्रैल से बिना एचएसआरपी युक्त वाहनो का प्रदूषण अवमुक्त प्रमाण-पत्र (पीयूसीसी) निर्गत नहीं किया जा सकेगा। उपरोक्त निर्देशों के क्रम में सभी वाहन स्वामियों से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने वाहनों पर यथाशीघ्र एचएसआरपी स्थापित करा लें, जिससे भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# 17 अप्रैल से आरंभ होगी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- 22 अप्रैल को हो जाएगा मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

**अमृत विचारः** जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत संशोधित अधिसूचना के आधार पर वोटर लिस्टों के वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। अब 22 अप्रैल का मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन होगा।

पंचायत एवं नगरीय निकाय के जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम) कपिल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समस्त कार्रवाई समयबद्ध रूप से संपन्न कराई जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह पुनरीक्षण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 17 से 21 अप्रैल तक मतदाता सूचियों के कंप्यूटरीकरण के उपरांत मतदान केंद्रों-स्थलों का संभाजन की प्रक्रिया होगी। इसके बाद, मतदान स्थलों के बोर्ड की मैपिंग, मतदाता क्रमांक, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची का डाउनलोडिंग एवं फोटो प्रतियां तैयार करने आदि कार्य संपन्न किए जाएंगे। पहले की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 22 अप्रैल को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी (पंचायत) को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में संशोधित कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से सुनिश्चित करने हेतु निर्देश निर्गत किए हैं।

डीएम ने बताया कि सभी संबंधित कार्यालयों के सूचना पटों पर भी कार्यक्रम का स्पष्ट रूप से प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे, जिससे मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी पात्र व्यक्तियों का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किया जा सके। निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करना अनिवार्य होगा तथा किसी भी परिस्थिति में समय सीमा में वृद्धि नहीं की जाएगी। जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वह इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने नाम, पते एवं अन्य विवरणों की जांच कर लें।

**निर्देश** | जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी तय मियाद के भीतर सुनिश्चित करें समस्याओं का निस्तारण

# जनसुनवाई व आईजीआरएस के मामलों में बरतें संवेदनशीलता :डीएम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



डीएम ने सुनी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे लोगों की समस्या। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सोमवार को डीएम कपिल सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई की। इसमें बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। जिलाधिकारी ने शिकायत कर्ता की समस्या को सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरण के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए।

डीएम ने कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति से अवगत कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस लिए, अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवेदक को समय-समय पर उसके प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो। जिलाधिकारी ने शासन की प्राथमिकता योजनाओं एवं जनशिकायत निस्तारण प्रणाली के अंतर्गत संचालित आईजीआरएस पोर्टल की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर प्राप्त कोई भी शिकायत लंबित न रहे। सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय समस्त अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (जूम) के माध्यम से जुड़े रहे। जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई एवं आईजीआरएस से संबंधित प्रकरणों में पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत प्रदान की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई शासन एवं प्रशासन के बीच जनता का सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। इसका उद्देश्य केवल शिकायत दर्ज करना नहीं, बल्कि समस्याओं का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है।

# भागवत कथा के समापन पर भंडारे का हुआ आयोजन

संवाददाता,शिवली

**अमृत विचार।** पिछले एक सप्ताह से नुनारी बहादुरपुर औनहां स्थित त्यागी आश्रम हनुमान गढ़ी में चल रही श्रीमद् भागवतकथा के विश्राम के बाद सोमवार को भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में मौजूद कन्याओं को कथा व्यास ने दक्षिणा दे आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तों ने हनुमान गढ़ी भगवान के दर पर मत्था टेक प्रसाद ग्रहण किया।

शिवली क्षेत्र के नुनारी बहादुरपुर औनहां स्थित त्यागी आश्रम हनुमान गढ़ी पर सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के विश्रामावस्था के बाद विशाल भंडारा आयोजित हुआ। भंडारे में पहुंचीं देवी स्वरूपा कन्याओं को कथा वाचिका ने स्वयं अपने हाथों से प्रसादी दी और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं क्षेत्रीय सहित गांव के तमाम भक्तों ने हनुमान गढ़ी दर पर मत्था टेक भंडारे में बनी प्रसादी चखी। भागवत कथा साध्वी राज किशोरी शुक्ला ने बताया कि कथा के बाद भंडारे में भी भक्तों को पहुंच भंडारे की प्रसादी अवश्य ग्रहण करनी चाहिए क्योंकि सात दिनों तक ईश्वरीय चर्चा के बाद समस्त देवी देवताओं का उसमें आशीर्वाद छिपा होता है जिसे पाने के लिए हम सभी को उसमें सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। भंडारे में प्रमुख रूप से राम प्रकाश द्विवेदी ,प्रदीप अवस्थी, प्रमोद अवस्थी, मनोज तिवारी ,अजय पाल कश्यप ,शिवकांत दुबे, संतोष कश्यप, सोनू सैनी, ादि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बिठूर पुलिस ने 4 वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**बिठूर।** कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के तहत अपराधों की रोकथाम और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में बिठूर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सोमवार को बिठूर थाना पुलिस ने कई दिनों से फरार चल रहे 4 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन सभी के खिलाफ विभिन्न मामलों में न्यायालय से वारंट जारी था, लेकिन ये लगातार फरार चल रहे थे और अदालत में उपस्थित नहीं हो रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में सोहन सिंह, वरुण गुप्ता, संजय गौतम और सुजीत यादव शामिल हैं। इन सभी के विरुद्ध पूर्व में दर्ज मुकदमे न्यायालय में विचाराधीन हैं। न्यायालय द्वारा बार-बार उपस्थित होने के आदेश के बावजूद अनुपस्थित रहने पर इनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### स्कूली बस में धुआं निकलने से बच्चों में मची अफरा-तफरी

**घाटमपुर।** घाटमपुर में बच्चों से भरी स्कूली बस में अचानक धुआं निकालने लगा। इससे बस में बैठे बच्चों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से छात्रों को बस से बाहर निकाला गया और सूचना प्रशासन को दी गई। रेउना थाना क्षेत्र के अंतर्गत बक्सरा गांव के पास घाटमपुर एसेंट पब्लिक स्कूल की बस छात्र एवं छात्रों को छोड़ने जा रही थी। तभी बस से अचानक धुआं निकलने लगा। इससे बस में बैठे छात्र-छात्राओं में अफरा तफरी मच गई। यह देखते हुए मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने छात्र एवं छात्राओं को बाहर निकाला और सूचना प्रशासन को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। साथ ही पुलिस ने कहा कि स्कूल बस के कागज चेक किये जायेंगे।

### भोलेनाथ शर्मा बने नए एसडीओ

**बिल्हौर।** उत्तर प्रदेश शासन ने विद्युत विभाग के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए बिल्हौर उपखंड अधिकारी का तबादला कर दिया है। इस फेरबदल के तहत भोलेनाथ शर्मा को बिल्हौर का नया एसडीओ नियुक्त किया गया है। बिल्हौर में तैनात निवर्तमान एसडीओ अमरनाथ चौहान को उनके पद से हटा दिया गया है। उन्हें अब मुख्य अभियंता कार्यालय, कानपुर से संबद्ध किया गया है। आगरा से आए भोलेनाथ शर्मा अब बिल्हौर उपखंड की कमान संभालेंगे।

# ईंट लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी दबकर मजदूर की गई जान

## पुलिस ने शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार ।** टेनापुर मोड़ के पास सामने से आ रहे डंपर से बचने के प्रयास में ईंट से लदी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खड्ड में पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर में बैठे मजदूर की ईंट के नीचे दबकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही पतारा चौकी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल करने के साथ शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


पलटी पड़ी ट्रैक्टर ट्राली और ईंटें। अमृत विचार

बिधनू थाना क्षेत्र के रमईपुर निवासी 45 वर्षीय रामबाबू मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था, सोमवार दोपहर वह अपने साथी ट्रैक्टर चालक के साथ ईंट लादकर कानपुर जा रहा था, जैसे ही ईंट लोड टैक्टर ट्राली कानपुर सागर हाईवे पर स्थित टेनापुर मोड़ के पास पहुंची तभी सामने से ओवरटेक करके आ रहे तेज रफ्तार डंपर से बचने के प्रयास में ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खड्ड में पलट गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला, वहीं ट्रैक्टर में बैठे मजदूर रामबाबू की ईंट के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना फोनकर पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और परिजनों को सूचना देकर मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घाटमपुर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि सूचना मिली थी, परिजनों को जानकारी देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जनगणना ड्यूटी का शिक्षकों ने किया बहिष्कार

**शिवराजपुर।** सोमवार को बीआरसी कार्यालय में शिक्षकों ने जनगणना कार्य में लगाए जाने का विरोध करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

शिक्षकों ने आरोप लगाया कि उन्हें बार-बार गैर-शैक्षिक कार्यों में लगाया जा रहा है, जिससे विद्यालयों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है । इस मौके पर प्रहलाद सिंह कुशवाहा, अरुण यादव, शैलेन्द्र तिवारी, सहित अन्य शिक्षकों ने ज्ञापन देते हुए कहा कि शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए शिक्षकों का विद्यालय में रहना आवश्यक है, लेकिन उन्हें जनगणना जैसे अन्य विभागीय कार्यों में लगाकर मूल दायित्व से दूर किया जा रहा है। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि वे शिक्षा कार्य को प्राथमिकता देते हैं और इस प्रकार के अतिरिक्त कार्यों से मुक्त किए जाने की मांग की। शिक्षकों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो वे आगे भी विरोध जारी रखेंगे। ज्ञापन के साथ कई शिक्षकों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन भी दर्ज कराया।

# तारों से टकराई कंबाइन मशीन पांच बीघा गेहूं की फसल राख

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार ।** क्षेत्र के ग्राम मनावा और नया निवादा के बीच सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। कंबाइन मशीन से गेहूं की कटाई करते समय बिजली के तारों से उठी चिंगारी ने खेत में खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। इस आगजनी में एक किसान की करीब 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई।

सोमवार को लगभग 10:30 बजे थाना ककवन के ग्राम मनावा निवासी विनोद कुमार के खेत में कंबाइन मशीन से गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान कंबाइन का ऊपरी हिस्सा खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के हाईटेंशन तारों से टकरा गया। तारों के घर्षण से निकली चिंगारी सूखे गेहूं की फसल पर जा गिरी, जिससे देखते ही देखते पूरे खेत में भीषण आग लग गई।

खेत से धुआं और लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद अपने निजी संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाया और इसे पड़ोसी खेतों तक फैलने से रोका। हालांकि, जब तक आग बुझाई जा सकी, विनोद कुमार की करीब 5 बीघा फसल जलकर राख हो चुकी थी। घटना के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। राजस्व विभाग (लेखपाल) को नुकसान के आकलन के लिए सूचना भेज दी गई है ताकि पीड़ित किसान को उचित मुआवजा मिल सके।


जले हुए खेत को देखते ग्रामीण व पुलिसजन। अमृत विचार

> बिजली के तारों से निकली चिंगारी ने किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही राजस्व टीम को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।
> –मनीष कुमार (एसडीएम)

# बाबा साहब को नमन कर बच्चों ने किया याद

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार ।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर औरंगपुर सांभी स्थित सुधा इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानाचार्य सारिका त्रिपाठी ने बताया कि बाबा साहब की जयंती के मौके पर स्कूली बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता राइटिंग कंपटीशन के साथ ही भाषण और स्पीकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बच्चों को बाबा साहब की जीवनी की डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई और बच्चों से प्रश्नोत्तरी कर सवाल जवाब कर उनकी जानकारी बढ़ाई गई। इस मौके पर शिक्षक मनीष शुक्ला, मनीष मिश्रा, साक्षी कटियार, मीनू कटियार, विपिन शुक्ला, अंकुर यादव अंकित यादव, हर्षिता कटियार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांची सेहत

**बिल्हौर।** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सेवा भारती के सेवा विभाग द्वारा एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ककवन मंडल के सिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सह संघ चालक अवधेश के कर-कमलों द्वारा भारत माता और डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। शिविर में आने वाले लोगों की सेहत जांच कर उन्हें परामर्श दिया गया। इस सेवा कार्य में संघ और सेवा भारती के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें अवधेश त्रिवेदी, संदीप राजू स्वर्णकार, वीर बहादुर सिंह, राम लखन के साथ संघ परिवार के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि पर कब्जे का आरोप लगाकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम इन्दलपुर संभल मिश्रान में ग्राम समाज की आबादी वाली भूमि पर बाउंड्री वॉल के निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मामले ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है। समाजवादी पार्टी ने सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों पर सरकारी जमीन हड़पने के गंभीर आरोप लगाये हैं।

सोमवार को सपा नेता रचना सिंह के नेतृत्व में एक सैकड़ा महिलाओं और पुरुषों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम बिल्हौर को एक ज्ञापन भी सौंपा।

सपा नेता रचना सिंह ने प्रशासन को अवगत कराया कि सत्ता पक्ष के प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बाउंड्री वॉल खड़ी की जा रही है। उनका आरोप है कि यह बाउंड्री वॉल भविष्य में पूरी जमीन पर कब्जा करने की एक सोची-समझी साजिश है। वहीं, दूसरी ओर विपक्षी ग्रामीणों और ग्राम प्रधान का कहना है कि यह भूमि किसी निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि यहां पर व्यायामशाला निर्माण का प्रस्ताव है । हालांकि, बाउंड्री वॉल किस मद से और किसके आदेश पर बनाई जा रही है, इस पर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है।

PAKKA
Packaging with a Soul

**PAKKA LIMITED**

**Regd. Office: 312, Plaza Kalpana Society, 24/147, B-49, Birhana Road, Kanpur–208 001, Uttar Pradesh, India**
**Corp. Office: Pakka Nagar, Ayodhya – 224135, Uttar Pradesh**
**CIN – L24231UP1981PLC005294 | T: +91 7800018989**
**E: connect@pakka.com| Website: https://www.pakka.com**

**NOTICE OF EXTRAORDINARY GENERAL MEETING, CUT-OFF DATE AND REMOTE E-VOTING INFORMATION TO THE MEMBERS**

Notice is hereby given that the Extra-Ordinary General Meeting of the Company will be held on Tuesday, 5th May, 2026 at 05:00 p.m. (IST), in compliance with all the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the Rules made thereunder and the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, SEBI vide its Circular No. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD2/P/CIR/2024/133 dated October 3, 2024, read with the circulars issued earlier on the subject (“SEBI Circulars”), read with latest Circular no. 03/2025 dated September 22, 2025, read with circulars issued earlier on the subject (“MCA Circulars”) and other applicable circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs (“MCA”) and SEBI (collectively referred to as “relevant circulars”), to transact the business set out In the Notice calling the EGM.

Notice of the meeting, setting out the resolution proposed to be transacted thereat, along with the explanatory statement and other relevant documents have been sent to all the Members of the Company whose email addresses are registered with the Company / Depository Participant(s). The aforesaid documents are also available on the website of the Company at https://www.pakka.com, the website of BSE Limited at https://www.bseindia.com, the website of National Stock Exchange of India Limited at https://www.nseindia.com and on the website of National Securities Depository Limited (NSDL) (agency for providing the Remote e-Voting facility and e-voting system during the EGM i.e. https://www.evoting.nsdl.com.

Pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 of SEBI (LODR), 2015, the Company is providing remote e-voting facility to its members to exercise their right to vote on the resolutions proposed to be transacted at the Extra-Ordinary General Meeting. The Company has arranged a remote e-voting facility through the NSDL e-voting system.

Only a member whose name appears in the Register of Members as of cut-off date i.e. Thursday, 30th April, 2026 shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the General Meeting. Any person who becomes a member of the Company after dispatch of the Notice of the meeting and is holding shares on Thursday, 30th April, 2026, can use their existing user ID and password otherwise follow the detailed procedure mentioned in the Notice of Extra-Ordinary General Meeting.

Remote e-voting facility shall commence on Saturday, 2nd May, 2026 (09.00 AM) to Monday, 4th May, 2026 (5.00 P.M.) (both days Inclusive). The remote e-voting will be disabled by the NSDL after the said date and time.

The Company has appointed Mr. Amit Gupta, Practicing Company Secretary, Lucknow as the Scrutinizer to scrutinize the e-voting process in a fair and transparent manner.

If members have any queries or issues regarding attending EGM & e-voting from the e-Voting System, they may refer to the Frequently Asked Questions (“FAQs”) and e-voting user manual available at https://www.evoting.nsdl.com/, under help section or write an email to Ms. Pallavi Mahtre, Manager NSDL or Mr. Amit Vishal, Deputy Vice President NSDL at e-voting, or call on toll free no.1800 1020 990 and 1800 22 4430.

for Pakka Limited
Sd/-
Ved Krishna
Managing Director
DIN: 00182260

Place: Ayodhya
Date: 13.04.2026




www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## कानपुर महानगर

कानपुर, मंगलवार,14 अप्रैल 2026

### सुविचार



जो छोटी-छोटी बातों में सच को गंभीरता से नहीं लेता है, उस पर बड़े मसलों में भी भरोसा नहीं किया जा सकता।

-अल्बर्ट आइंस्टीन

कानपुर के प्रमुख समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ -II
- कम वेतन पर गैस प्लांट चालक भड़के -III
- कर किरपा, तेरे गुण गावां -IV

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

### शहर में आज



- **सत्याग्रह :** फूलबाग के अग्निकांड में तबाह हुए 29 परिवारों के लिए मुआवजा व न्याय शाम 5 बजे फूलबाग फलमंडी ढाल पर सत्याग्रह की शपथ।
- **कार्यक्रम :** समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण कार्यालय में 11 बजे अम्बेडकर जयंती पर कार्यक्रम।
- गांधी विचार केंद्र द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम शाम 4 बजे। सुरभि हाउस सब्जी मंडी बादशाही नाका कार्यालय में
- **धर्म :** गुरुद्वारा दु:ख हरण सरसय्या घाट पर खालसा साजना दिवस सुबह 11 बजे।
- **समागम :** महानगर कांग्रेस द्वारा अम्बेडकर प्रतिमा, राजापुरवा बस्ती, जे के मंदिर के बगल में सर्व धर्म सर्व वर्ग समागम शाम 5 बजे।

आईआईटी-जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज ने देश में पहली बार शुरू किया शोध अध्ययन

# जल्द ही पित्ताशय की पथरी का बिना ऑपरेशन मिल सकेगा इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- पेट के सूक्ष्मजीवों से लीवर-पैंक्रियास के प्रभावित होने का भी मिलेगा जवाब आसान होगा उपचार

**अमृत विचार।** पित्ताशय की पथरी देश में गंभीर समस्या है। इसकी औसत प्रचलन दर 20 फीसदी होने से भारत में करीब 28 करोड़ लोग पित्त की पथरी से प्रभावित हो सकते हैं। शोध के मुताबिक इनमें 20 फीसदी रोगियों को ही लक्षण उत्पन्न होने पर अस्पताल जाना पड़ता है, और पांच करोड़ लोगों को समस्या से छुटकारा पाने के लिए आपरेशन कराना पड़ सकता है। पित्त की पथरी की समस्या का समाधान खोजने के लिए आईआईटी कानपुर और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज ने देश में पहली बार साझा शोध अनुसंधान अध्ययन शुरू किया है। माना जा रहा है कि पेट के सूक्ष्मजीव पित्त की पथरी बनने की प्रक्रिया के अलावा, लीवर और पैंक्रियास की कार्यप्रणाली को कैसे प्रभावित करते हैं? इस सवाल का जवाब जल्दी ही मिल जाएगा।

आईआईटी कानपुर के बायोसाइंस बायोइंजीनियरिंग विभाग और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सर्जरी एवं पैथोलॉजी विभाग का साझा शोध अध्ययन पित्त की पथरी और उससे होने वाली अन्य जटिलताओं जैसे कि पैंक्रियाटाइटिस और लीवर की खराबी की रोकथाम में ऐतिहासिक सफलता दिला सकता है। इसके लिए मल के नमूनों के विश्लेषण से पेट और आंतों के स्वास्थ्य को जाना जाएगा। आंत को शरीर का ''दूसरा मस्तिष्क'' कहा जाता है, क्योंकि इसमें एक विशाल तंत्रिका तंत्र और करोड़ों सूक्ष्मजीव रहते हैं। जब इन सूक्ष्मजीवों की मात्रा या गुणवत्ता सामान्य नहीं रहती, तो ये आंत का पूरा मेटाबॉलिज्म बदल देते हैं, जिससे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (पेट और आंत संबंधी) बीमारियां होती हैं। इसी कारण पश्चिमी देशों में आंतों की जांच ''गट माइक्रोब एनालिसिस'' नियमित जांच बन चुकी है। लेकिन भारत में सामान्य स्टूल एनालिसिस की कीमत बहुत अधिक है। ऐसे में शोध अध्ययन में मल के नमूनों का आईआईटी के सहयोग से विश्लेषण होगा, इसके अलावा मरीजों के लीवर पैरेन्काइमा में होने वाले रूपात्मक बदलाव की जांच के लिए सर्जरी के दौरान ''इंट्रा-ऑपरेटिव लीवर बायोप्सी'' के नमूने लिए जाएंगे। लीवर में होने वाले किसी भी बदलाव के विश्लेषण के लिए लीवर बायोप्सी को सबसे सटीक मानक माना जाता है। इनके सम्मिलित परिणाम से पता चलेगा कि क्या बाहर से आंत के बैक्टीरिया को प्री-प्रोबायोटिक सप्लीमेंट्स देकर बीमारियों को रोका जा सकता है।विशिष्ट प्रीबायोटिक्स और प्रोबायोटिक्स का सेवन पथरी बनने से रोक सकता है। रोगियों में मेटाबॉलिक डिस्फंक्शन-असोसिएटेड स्टियाटोटिक लिवर डिजीज होने की संभावना घट सकती है।



> यह अध्ययन पित्त की पथरी और उससे होने वाली जटिलताओं जैसे पैंक्रियाटाइटिस और लीवर की खराबी की रोकथाम में ऐतिहासिक साबित हो सकता है। इससे जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली समस्याएं जैसे दर्द, अपच और अन्य पाचन संबंधी दिक्कतों के साथ सर्जरी की संभावना कम होगी। यह अध्ययन ऐसे हस्तक्षेप आधारित शोध का मार्ग प्रशस्त कर सकता है, जिसमें जांचा जाएगा कि क्या वास्तव में प्रीबायोटिक्स और प्रोबायोटिक्स का नियमित या ऐच्छिक सेवन पित्त की पथरी बनने की संभावना को कम करता है।
>
> -डॉ. संजय काला, प्राचार्य, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर।

## गोविंदपुरी होते हुए खातीपुरा-हावड़ा तक विशेष ट्रेन

**कानपुर।** रेलवे ने खातीपुरा से हावड़ा के मध्य गोविंदपुरी स्टेशन होते हुए विशेष साप्ताहिक ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इस गाड़ी में 2 पार्सल कोच, एसी प्रथम-1, एसी द्वितीय-2, एसी तृतीय -8, इकोनोमिक-1, भोजनालय-1, स्लीपर-4 डिब्बे होंगे।

गाड़ी संख्या 09707 खातीपुरा से प्रत्येक बुधवार को 15 अप्रैल से 29 अप्रैल तक चलेगी। गाड़ी संख्या 09708 हावड़ा से प्रत्येक शुक्रवार को 17 अप्रैल से 1 मई 2026 तक चलेगी। गाड़ी संख्या 09707 खातीपुरा से सायं 5 बजे रवाना होगी।

ईदगाह आगरा रात 9.35 बजे, टूंडला रात 10.55 बजे, गोविंदपुरी रात 1.40 बजे, गया दोपहर 12.20 बजे, हावड़ा रात 10.15 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09708 हावड़ा से रात 00.15 बजे रवाना होगी। धनबाद प्रातः 6 बजे, गया 10.35 बजे, सूबेदारगंज सायं 5.40 बजे, गोविंदपुरी रात 9 बजे, इटावा रात 11.50 बजे, ईदगाह आगरा रात 3.35 बजे, भरतपुर प्रातः 5.20 बजे, दौसा 10.15 बजे एवं खातीपुरा प्रातः 11.30 बजे पहुंचेगी।

# आंबेडकर जयंती पर आज बदला रहेगा यातायात

**जरा ध्यान दें**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- सेंट्रल और ईस्ट जोन के कई प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन
- मंगलवार दोपहर से कार्यक्रम समाप्त होने तक व्यवस्था लागू रहेगी

**अमृत विचार।** 14 अप्रैल मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्राओं को देखते हुए शहर के कई प्रमुख मार्गों पर दोपहर से कार्यक्रम समाप्त होने तक रूट डायवर्जन रहेगा। पुलिस ने सेंट्रल और ईस्ट जोन के कई प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन लागू करने का निर्णय लिया है ताकि कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्था न हो और लोगों को परेशानी से बचाया जा सके।

- कर्नलगंज, वीआईपी रोड, गंगा बैराज, रावतपुर और चिड़ियाघर की तरफ से आने वाले वाहन सीधे कंपनी बाग नहीं जा सकेंगे। इन्हें वैकल्पिक रास्तों से भेजा जाएगा।
- इसी तरह ईस्ट जोन में भी आवश्यकता पड़ने पर यातायात बदला जाएगा। सरसैया घाट, मेहताब तिराहा, फूलबाग और किला तिराहा की ओर जाने वाले वाहनों को अन्य मार्गों से गुजारा जाएगा। पुलिस मौके पर स्थिति के अनुसार यातायात को नियंत्रित करेगी।

### पार्किंग व्यवस्था है, वहीं खड़े करें अपने वाहन

यातायात पुलिस ने शोभा यात्रा एवं विभिन्न कार्यक्रम को देखते हुए कई स्थानों पर वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था भी की है, अपने वाहन पार्किंग पर ही खड़ा करें।

- गोपाल तिराहा से रैना मार्केट और वेंडी स्कूल तिराहे से कंपनी बाग तक सड़क के एक किनारे पर वाहनों को पार्क करने की व्यवस्था दी गई है। इसके अलावा फूलबाग क्षेत्र में अंडरग्राउंड पार्किंग का भी उपयोग किया जा सकेगा।

### सिटी ब्रीफ

#### आज जयंती पर छुट्टी

**कानपुर।** बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती पर मंगलवार सार्वजनिक अवकाश रहेगा। नानाव राव पार्क और आंबेडकर पार्क में मेले का आयोजन किया जाएगा। सभी सरकारी, निजी कार्यलयों व राजनैनतिक संगठनों के कार्यलयों में जयंती पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा।

#### फॉल्ट से गई बिजली

**कानपुर।** मंडी परिषद उपकेंद्र के शहीद पार्क क्षेत्र की बिजली सोमवार को दोपहर साढ़े 12 बजे नगर निगम टीम द्वारा जेसीबी से खुदाई के दौरान भूमिगत केबिल क्षतिग्रस्त होने से गुल हो गई, जो शाम को साढ़े चार बजे आई। विकास नगर में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली नहीं रही।

#### बाइक सवार वृद्ध को सांड़ ने पटका, मौत

**कानपुर।** कानपुर देहात के शिवली रामपुर निवासी 60 वर्षीय रामऔतार किसान थे। 22 मार्च को बिठूर में रहने वाले रामऔतार के ममेरे भाई राकेश ने सुसाइड कर लिया था। जिसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वह अपने भाई पप्पू के साथ बाइक से आ रहे थे। रास्ते में मकसूदाबाद में यातायात बाधित होने के कारण उन्होंने बाइक रोकी। तभी एक सांड़ ने बाइक के पीछे बैठे रामऔतार को पटक दिया था। हैलट में इलाज के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई।

# मानक विहीन चार ब्लड बैंकों के लाइसेंस सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में कुछ ऐसे ब्लड बैंक सेंटर संचालित किए जा रहे हैं, जहां पर मानक के तहत एकत्र ब्लड को नहीं रखा जा रहा है। 31 मार्च को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने चार ब्लड बैंक के गुणवत्ता की जांच के लिए छापेमार की थी, जांच में यह ब्लड बैंक सेंटर मानक में खरे नहीं मिले थे।

इसलिए सिविल लाइन, इंद्रा नगर व नौबस्ता समेत चार क्षेत्रों में स्थित ब्लड बैंक सेंटरों के लाइसेंस सस्पेंड कर दिए गए हैं। यहां पर मौजूद करीब 140 यूनिट ब्लड को सोमवार मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक भेज दिया गया है। ताकि 30 दिनों तक चैरिटेबल व ब्लड सेंटर बंद होने से वह खराब न हो सके। औषधि निरीक्षक ओमपाल ने बताया कि जब्त कर मेडिकल कॉलेज भेजे गए ब्लड का उपयोग जरूरतमंद मरीजों में किया जाएगा।

### एक अस्पताल सील छह को नोटिस

कानपुर। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को रामादेवी क्षेत्र के आठ अस्पतालों का निरीक्षण किया, जिसमे बिना मानक के संचालित सहाय हॉस्पिटल में ओटी व आईसीयू सील की। इसके अलावा मानक पूरे नहीं होने पर बेबी केयर हॉस्पिटल, राजा हॉस्पिटल, पीजीआर हॉस्पिटल, अनूप, अभिनव व केपीएस हॉस्पिटलों को नोटिस जारी किया। साथ ही तय समय पर जवाब मांगा।

## मांगों पर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**कानपुर। यूपी टीईटी से मुक्ति की मांग को लेकर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक महासभा के बैनर तले सोमवार को सैकड़ों टीईटी पास शिक्षकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में वर्ष 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। संयोजक अनुग्रह त्रिपाठी, दिनकर त्रिवेदी और अर्चित शुक्ल के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए।**

**शिक्षकों ने सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी। इस दौरान प्रदीप यादव, दीपक सिंह, विनय प्रकाश, शिल्पी कटियार सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।**

# 205 पीएम आवास के लिए 10 हजार लोगों ने किया आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केडीए परिसर से लेकर नगर निगम तक लगी रही भीड़
- धूप और गर्मी में लोगों का पारा चढ़ा, मारपीट की नौबत

**अमृत विचार।** कानपुर विकास प्राधिकरण में 205 शहरी आवासों के लिए अब तक लगभग 10 हजार लोग आवेदन कर चुके हैं। सोमवार को आवास के लिए केडीए परिसर से लेकर केडीए के गेट के बाहर नगर निगम तक आवास का फार्म लेने के लिए लोगों को भीड़ लगी रही। तेज धूप व गर्मी में नंबर देर से आने पर कुछ लोगों ने हंगामा किया। इसी बीच दो महिलाओं के बीच मारपीट हो गई। तैनात सुरक्षा गार्ड तमाशबीन बने रहे और मामला केडीए वीसी तक पहुंचा।

कानपुर विकास प्राधिकरण के तहत शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से किफायती पक्के घर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न आय वर्ग के लिए है, जिसमें सब्सिडी और बुनियादी सुविधा में पानी, बिजली व शौचालय के साथ 205 फ्लैट है। इसका विज्ञापन जैसे ही केडीए ने जारी किया, मकान का लाभ लेने के लिए 27 फरवरी से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग केडीए परिसर स्थित एचडीएफसी बैंक पहुंच रहे हैं। पहले इसकी अंतिम तारिख दो अप्रैल थी, लेकिन अब फार्म लेने की तारिख को 17 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है।

इसलिए सोमवार को केडीए परिसर में एचडीएफसी बैंक से लेकर, केडीए के गेट के बाहर और नगर निगम तक काफी लंबी लाइन लगी रही, फ्लैट की आस में महिलाएं, बुजुर्ग, युवा, अधेड़ सभी वर्ग के लोग शामिल थे। लाइन में एक-दूसरे को धक्का लगने और पहले फार्म लेने की होड़ आदि वजहों से लाइन में लगे कुछ लोगों की आपस में बहस व कहासुनी हुई। मारपीट की नौबत तक आ गई। केडीए में तैनात किए गए सुरक्षा गार्ड भी बीच-बचाव न कर सके। भीड़ ने महिलाओं को शांत कराया और उन्होंने शिकायत केडीए वीसी से की। वहीं, कई लोग तो एचडीएफसी बैंक कर्मियों की शिकायत तक केडीए में कर रहे हैं।

### केडीए की वजह से हो रही अराजकता

केडीए ने एचडीएफसी को 205 आवासों के लिए फार्म देने की जिम्मेदारी तो दे दी, लेकिन लोगों को फार्म लेने में परेशानी न हो, इसके लिए कोई भी इंतजाम नहीं किए। दो खिड़की से ही फार्म वितरित किए जा रहे हैं, जिसकी वजह से लोगों को समस्या हो रही है और तेज धूप से बचाव के लिए भी कोई इंतजाम नहीं किए है। फार्म में लगे लोगों के मुताबिक सुबह से नंबर लगाने पर दोपहर तक फार्म मिल रहा है, पानी तक की व्यवस्था नहीं की गई है।

### जरा बचकर चलें




सड़क पर या चौराहे से गुजर रहे राहगीर अपनी सुरक्षा स्वयं करें क्योंकि दुर्घटना वाहन कदम कदम हर मोड़ चल रहे हैं। जिनको किसी को भी मरणासन्न करने की पूरी छूट यातायात पुलिस ने दे रखी है। तभी तो चौराहे पर पुलिस के सामने से बेखौफ होकर ये यमराज के वाहन गुजर रहे हैं। – मनोज तिवारी।

# नलकूप ऑपरेटर जांच रहे पेयजल की शुद्धता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण फाइटर ने दाखिल किया वाद

**अमृत विचार।** कानपुर शहर की आबादी लगभग 55 लाख के आसपास है, जिनमे से कुछ जगहों पर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है। पूरे शहर में पानी की जांच के लिए जलकल के पास मात्र एक ही केमिस्ट है। आरोप है कि वह भी अपने कार्यालय में उपलब्ध नहीं होते है। इसलिए शहर में पेयजल आपूर्ति की शुद्धता के संबंध में सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री एडवोकेट प्रवीण फाइटर ने स्थाई लोक अदालत में वाद दाखिल किया है। जलकल महाप्रबंधक का कहना है कि नलकूप ऑपरेटरों को पेयजल की शुद्धता की काम दिया गया है लेकिन एडवोकेट प्रवीण फाइटर ने पूछा है कि आखिर नलकूप ऑपरेटर पेयजल की शुद्धता की जांच कैसे कर सकते हैं। ये काम तो प्रशिक्षित केमिस्ट का होता है।

वाद में नगर आयुक्त व जलकल महाप्रबंधक को प्रतिवादी बनाते हुये अदालत को बताया कि कानपुर नगर में आपूर्ति किये जा रहे पेयजल में शुद्धता का अभाव है। पेयजल की शुद्धता की जांच के लिए जलकल विभाग के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। केवल एक केमिस्ट के सहारे पूरे शहर की पेयजल व्यवस्था को जांचने का कार्य चल रहा है। वादपत्र में मांग की गई है कि जलकल महाप्रबंधक व नगर आयुक्त को आपूर्ति के पूर्व पेयजल की मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में विधिवत जांच व परीक्षण कराएं। वहीं, न्यायालय में जलकल महाप्रबंधक की ओर से लगाए जवाब में दावा किया गया है कि शहर में पेयजल की आपूर्ति पूर्णतया शुद्ध है और नलकूप आपरेटरों को पेयजल की जांच कर ही आपूर्ति करने की जिम्मेदारी दी गयी है। इसपर आपत्ति करते हुये अधिवक्ता प्रवीण फाइटर ने कहा कि नलकूप आपरेटर पेयजल की शुद्धता की जांच नहीं कर सकते हैं। मामले की सुनवाई कर रही पीठासीन अधिकारी बीना नारायण, सदस्य अमित दीक्षित व मीना राठौर ने सुनवाई की और अंतिम बहस के लिए 27 अप्रैल की तिथि निश्चित की। इस दौरान परिवादी की तरफ से अधिवक्ता श्रीकृष्ण मिश्रा, आशीष खन्ना, प्रदीप सोनी, पं. महेन्द्र प्रसाद शर्मा, फखरूददीन, राजीव श्रीवास्तव संतोष तिवारी, अनुराग, सहित कई अधिवक्ता रहे।

### जलकल सचिव ने स्वीकारा, दाखिल वाद सत्य

- अधिवक्ता प्रवीण फाइटर का कहना है कि जलकल महाप्रबंधक की ओर से जलकल के सचिव ईश्वर सिंह ने अदालत में दाखिल अपने शपथपत्र की धारा-3 में स्वयं स्वीकार कर लिया है कि दाखिल वाद पूर्णतया सत्य है। सोमवार को हुई सुनवाई में परिवादी एडवोकेट प्रवीण फाइटर ने अदालत के समक्ष जलकल के सचिव द्वारा दाखिल शपथपत्र का हवाला देते हुये कहा कि जब विभाग ने वाद के सत्य होने की पुष्टि अपने शपथपत्र द्वारा कर दी है तो वादपत्र के तथ्यों की सत्यता में अब कोई संदेह नहीं रह गया है इसलिये सम्बन्धित वाद में यथाशीघ्र आदेश पारित कर दिये जाये।

**शेयर बाजार** | युद्ध, बिकवाली और टैरिफ नीतियों से ऊपर नीचे हो रही बाजार की चाल


# अस्थिरता में भी 12 फीसदी बढ़ा कारोबार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, अमेरिकी टैरिफ नीतियां और अमेरिका-ईरान-इजराइल के बीच युद्ध की स्थिति ने बीते वित्त वर्ष में शेयर बाजार की चाल को काफी हद तक प्रभावित किया। पूरे साल बाजार में या तो तेज गिरावट दिखी या फिर सीमित दायरे में ही कारोबार हुआ। हालांकि कुछ मौकों पर बाजार ने नए ऊंचे स्तर छुए, लेकिन ये तेजी ज्यादा समय टिक नहीं सकी और जल्द ही मुनाफावसूली हावी हो गई। इसके बावजूद शहर से शेयर बाजार कारोबार में वृद्धि दर्ज की गई।

मार्च माह में भू-राजनीतिक तनाव के चलते बाजार पर भारी दबाव रहा, निफ्टी और सेंसेक्स में 11 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। लेकिन शहर के शेयर बाजार के टर्नओवर(कैश सेगमेंट) में सालाना करीब 12 % की बढ़ोतरी देखने को मिली। म्यूचुअल फंड एयूएम में भी करीब 3500 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। तमाम अवरोधों के बावजूद टर्नओवर और म्यूचुअल फंड एयूएम में बढ़ोतरी इस बात का संकेत है कि शहर के निवेशक अच्छे मौकों की तलाश में हैं, वहीं नियमित निवेश (एसआईपी) में जारी रखे हैं। हालांकि मार्च माह में हुए शेयर कारोबार पर सेबी का आधिकारिक बुलेटिन अभी नहीं आया है। मार्च के टर्नओवर की गणना पूरे वर्ष के औसत हिस्सेदारी प्रतिशत से की गई है।

**कैश सेगमेंट में हिस्सेदारी बढ़ी:** म्यूचुअल फंड में शहर की हिस्सेदारी देश के कुल निवेश में 0.47 प्रतिशत है। कानपुर का म्यूचुअल फंड में निवेश उत्तराखंड राज्य से भी ज्यादा है। सेबी के मंथली बुलेटिन से पता चलता है कि एनएसई कैश सेगमेंट में कानपुर की सबसे कम हिस्सेदारी अप्रैल 2025 में 0.10% थी, जबकि अधिकतम दिसंबर 2025 में 0.24% रही। सेबी के नवीनतम मंथली बुलेटिन के अनुसार एनएसई के कैश सेगमेंट में कानपुर की हिस्सेदारी लगभग 0.20 प्रतिशत है, जबकि बीएसई के कैश सेगमेंट में शहर की औसत हिस्सेदारी करीब 0.042 प्रतिशत है।




### निवेशकों को 400 करोड़ का झटका, अभी संयम दिखाएं



अमेरिका-ईरान के बीच सीज फायर वार्ता बेनतीजा रहने का सीधा असर सोमवार को शेयर बाजार पर आया। सुबह सेंसेक्स 1500 अंकों से ज्यादा की गिरावट के साथ खुला। हालांकि दिन चढ़ने पर बाजार में रिकवरी भी आई। कारोबार समाप्त होने पर सेंसेक्स 703 अंकों की गिरावट, जबकि निफ्टी 208 अंक नीचे फिसलकर बंद हुआ। इस गिरावट का सीधा असर शहर के निवेशकों पर पड़ा। शहर के निवेशकों के पोर्टफोलियो में करीब 400 करोड़ रुपये की कमी आने का अनुमान लगाया गया। शेयर बाजार विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार जब तक अमेरिका-ईरान के बीच तनाव की स्थिति स्पष्ट नहीं होती, बाजार में इसी तरह की तेज हलचल रह सकती है। ऐसे में निवेशकों को संयम और सतर्कता के साथ निवेश करना चाहिए।

# अब तपाएगी तेज धूप गर्म हवाएं भी चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**40** डिग्री तक पहुंच सकता शहर का तापमान

**अमृत विचार।** तूफान के बाद से बना नर्म मौसम अब गर्म होने वाला है। नम हवाएं अब गर्म हवाओं में बदलने वाली हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 20 अप्रैल के बाद शहर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। हांलाकि इससे पहले 15 अप्रैल तक एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहने की भी संभावना है। यदि यह विक्षोभ शक्तिशाली नहीं रहा तो तापमान में और अधिक बढोतरी हो सकती है।

शहर में अप्रैल के शुरुआती सप्ताह में आए तूफान का असर 55 साल बाद अप्रैल महीने को औसत से ठंडा रखे हुए है। पहाड़ों से आ रहीं ठंडी हवाएं भी शहरवासियों को तपिशभरी गर्मी से फिलहाल कुछ राहत दे रही हैं। मौसम विशेषज्ञ जल्द ही शहर में तपिश भरी गर्मी होने का अनुमान लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यदि 15 अप्रैल के आस-पास सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ का असर शक्तिशाली नहीं रहता है तो 20 तक शहर में तपिश भरी गर्मी दस्तक दे सकती है। इसके उलट यदि इस विक्षोभ का असर होता है तो 23 अप्रैल तक तापमान में औसत से काफी अधिक बढोतरी दर्ज की जा सकती है। इस दौरान एक से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। सोमवार को शहर में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञ एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शहर में तीन दिन तक मौसम शुष्क और गर्म रहने की संभावना है।

## सिटी ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से डेयरी संचालक की मौत

**कानपुर।** महाराजपुर में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार डेयरी संचालक की मौत हो गई। मूलरूप से फतेहपुर के खागा स्थित अजईपुर गांव निवासी 25 वर्षीय शिव बहादुर दूध डेयरी संचालक थे। परिवार में पत्नी प्रतिभा और छह माह की बेटी है। परिजन ने बताया कि वह अपनी छोटी बहन केतिकी के घर सरसौल में रहते थे। साथ ही चकेरी के संजीव नगर में दूध डेयरी चलाते थे। रविवार रात वह सरसौल लौट रहे थे। रास्ते में हाथीपुर स्थित गड़गुड़िया पुल पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर भाग निकला। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें हैलट अस्पताल भेजा। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

### गुमटी में मारपीट का वीडियो वायरल

**कानपुर।** गुमटी नं-5 का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। 29 सेकेंड के वायरल वीडियो में दो युवकों के बीच संघर्ष हो रहा है। जिसमें वह एक-दूसरे पर हाथापाई कर लात-जूतों से मारपीट करते नजर आ रहे है। बीच सड़क मारपीट होता देख दो लोग बीच-बचाव करने का प्रयास कर रहे है। चर्चा है कि, किसी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई, फिर देखते ही देखते दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई।

### टेक्निकल फेस्ट में एआई का महत्व बताया

**कानपुर।** एचबीटीयू के पेंट टेक्नालॉजी विभाग ने वार्षिक टेक्निकल फेस्ट टेक रोमा का आयोजन किया। इस दौरान पेंट टेक्नालॉजी, उसकी चुनौतियों, एआई का इस क्षेत्र में प्रयोग, कोटिंग व एलाइड टेक्नालॉजी पर चर्चा हुई। विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण मैथानी ने पेंट टेक्नालॉजी की चुनौतियों पर चर्च की। डीन डॉ. प्रवीण यादव ने इस क्षेत्र की संभावना पर विस्तार से समझाया।

# अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, आठ शातिर गिरफ्तार

## सट्टा जीतने वालों को साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर करते थे, 50 लाख रुपये फ्रीज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने गिरोह का खुलासा किया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस ने ऑनलाइन बेटिंग एप से जुड़े एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आठ शातिरों को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह सट्टा जीतने वालों को साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर करता था। पुलिस को आरोपियों के खातों में तीन महीने के भीतर 100 करोड़ रुपये से अधिक के ट्रांजेक्शन के साक्ष्य मिले हैं, जबकि 50 लाख रुपये की धनराशि फ्रीज कराई गई है।

पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि देश में प्रतिबंधित होने के बावजूद लोटस 365, रेड्डीबुक, कार्तिकेय और दुबई ईएक्सएच जैसे एप के माध्यम से सट्टा संचालित किया जा रहा था। बर्रा थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया। ये सभी दुबई, दिल्ली और नोएडा में बैठे सरगनाओं से आईडी खरीदकर नेटवर्क संचालित कर रहे थे। पूछताछ में सामने आया कि ब्रांच-24 नाम से सक्रिय यह गिरोह सट्टा जीतने वालों के खातों में रकम ट्रांसफर करने का काम करता था। इसके लिए व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से डिटेल साझा की जाती थी। आरोपी 18 से 50 हजार रुपये मासिक वेतन पर काम कर रहे थे और उन्हें पहले दो दिन का प्रशिक्षण भी दिया गया था। गिरोह के सदस्य पुलिस की नजर से बचने के लिए ओला-उबर या किराये की टैक्सियों में बैठकर एक जिले से दूसरे जिले घूमते हुए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करते थे, जिससे उनकी लोकेशन ट्रैक न हो सके। पुलिस ने इनके कब्जे से 79 बैंक खातों की जानकारी, 26 पासबुक, 54 एटीएम कार्ड, 25 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और 30 सिम कार्ड बरामद किए हैं।

- तीन महीने के भीतर 100 करोड़ रुपये से अधिक का ट्रांजेक्शन
- किराये की टैक्सियों में बैठकर चलाते थे धंधा

### रकम को तुरंत डॉलर या बिटक्वाइन में परिवर्तित कर देते थे

- पुलिस कमिश्नर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित सट्टा एप के माध्यम से प्राप्त रकम को तुरंत डॉलर या बिटक्वाइन में परिवर्तित कर देते थे। सट्टा खेलने वाले यूजर्स अपनी राशि ऑनलाइन जमा करते हैं और उसी बैलेंस से खेलते हैं। यूजर्स से मिली रकम को एप संचालक एक नंबर के अकाउंट में लेते हैं, ताकि संदेह न हो सके, और फिर उसे तेजी से विदेशी मुद्रा या क्रिप्टोकरेंसी में बदल देते थे। पुलिस के मुताबिक भारत में प्रतिबंध के बावजूद इन एप के क्लोन तैयार कर बड़े पैमाने पर अवैध सट्टेबाजी संचालित की जा रही है।

### ये आरोपी पकड़े गए

- पुलिस गुजैनी निवासी सत्यम तिवारी, बर्रा निवासी अनमोल विश्वकर्मा, साकेत नगर निवासी नितिन गुप्ता व अभिषेक वर्मा, नेहरू नगर निवासी हितेश निगम, कैंट निवासी स्नेहिल बजाज तथा हंसपुरम निवासी सुल्तान अहमद व नौशाद को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। गिरोह के मास्टरमाइंड व पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

### साइबर ठगी से जुटाते थे रकम

- जांच में यह भी सामने आया कि सट्टा जीतने वालों को भेजी जाने वाली रकम साइबर ठगी से जुटाई जाती थी। ठग डिजिटल अरेस्ट, हनी ट्रैप और ब्लैकमेलिंग जैसे हथकंडों से लोगों से धन ऐंठते थे और इस रकम को 60 प्रतिशत कीमत पर सट्टा गिरोह को बेच देते थे। इसके बाद यही धन सट्टा जीतने वालों के खातों में भेजा जाता था, जिससे कई बार उनके खाते भी फ्रीज हो जाते थे। टेलीग्राम सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए सट्टा एप का प्रचार कर लोगों को जाल में फंसाया जाता था। शुरुआत में छोटी रकम जिताकर विश्वास बनाया जाता था, बड़ी रकम लगाते ही यूजर्स को हरा दिया जाता था। इस गिरोह के कारण कई लोग अपनी जमा पूंजी गंवा चुके हैं और कुछ मामलों में आत्महत्या तक की घटनाएं सामने आई हैं।

# डिलीवरी ब्वाय के खाते से 130 करोड़ रुपये का लेन-देन कर डाला, दो दबोचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

- दिल्ली-यूपी की 19 कंपनियों के खाते से लेनदेन का पता चला

**अमृत विचार।** डिलीवरी ब्वाय के खाते में 130 करोड़ रुपये का लेनदेन करने वाले दो एजेंटों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीड़ित डिलीवरी ब्वाय का कहना है कि पहले यह रकम 35 करोड़ रुपये थी जब पुलिस ने बैंक खातों से जानकारी जुटाई तो यह रकम बढ़कर 130 करोड़ रुपये पहुंच गई। पुलिस आरोपितों के पास मौजूद म्यूल खातों की संख्या के बारे में जानकारी जुटा रही है। जिससे आरोपितों के नेटवर्क के बारे में जानकारी की जा सके। पकड़े गए एजेंटों ने शहर के साथ ही दिल्ली और प्रदेश की करीब 19 कंपनियों के खाते से लेनदेन किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक लैपटाप, रुपये गिनने की मशीन, छह मोबाइल फोन, 28 चेकबुक, 19 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं।

बेकनगंज के पेंचबाग निवासी डिलीवरी मैन ओवैस का कुछ साल पहले व्यापार था। जिसके लिए उन्होंने बैंक में करंट अकाउंट खुलवाया था। व्यापार में नुकसान होने पर वह डिलीवरी मैन का काम करने लगे। इस बीच उनकी मुलाकात बेकनगंज निवासी मो.अमान और चमनगंज निवासी मो.वसीउद्दीन उर्फ सरताज से हुई। इन लोगों ने विदेश में रहने वाले भाई से खाते में रुपये मंगवाने की बात कहकर किराये पर खाता लेकर चेकबुक व एटीएम ले लिया। जिसके एवज में उसे हर महीने 20 हजार रुपये का कमीशन दिया जाता था। आरोपितों ने नौ माह के अंदर उनके खाते में 35 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन कर डाला। जिसकी जानकारी होने पर ओवैस ने पुलिस से शिकायत की। डीसीपी सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को जब बैंक खुलने पर खाते की जांच की गई तो नौ माह में 35 की जगह 130 करोड़ रुपये का लेनदेन करने की बात सामने आई। आरोपितों के पास ऐसे कितने म्यूल बैंक अकाउंट है। इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। एजेंट अमान जहां बीकाम अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है वहीं वसीउद्दीन उर्फ सरताज बीए पास है। आरोपितों के पास से दो फर्मों के बैनर 39 साइन की हुई चेक, दो किराएदारीनामा, दो एग्रीमेंट एक सहमति पत्र और तीन आधारकार्ड बरामद हुए हैं। वहीं पीड़ित ओवैस का कहना है कि उसके द्वारा दी गई चेकों से ज्यादा का उपयोग एजेंटों ने करते हुए करोड़ों का लेनदेन कर डाला है। रुपये साइबर ठगी या फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी वापसी का अंदेशा जताया जा रहा है।

### स्कूटी चोर गिरफ्तार

**कानपुर।** चोरी की स्कूटी से फर्राटा भर रहे एक शातिर को ग्वालटोली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।
ग्वालटोली में रहने वाली शशि गुप्ता की स्कूटी बीते शनिवार एक शातिर चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट दर्जकर पुलिस ने करीब 50 सीसी कैमरे की फुटेज खंगाली, तब आरोपित का सुराग लग पाया। मामले में पुलिस ने सोमवार को चोरी की स्कूटी के साथ ग्वालटोली खलासी लाइन निवासी सोहित को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित वारदात को अंजाम देने के बाद स्कूटी से फर्राटा भर रहा था। सूचना के आधार पर उसे इलाके से दबोचा गया है।

## काम पर निकली किशोरी लापता अपहरण का मुकदमा दर्ज किया

**चकेरी।** लाल बंगला में मां की जगह घरों पर काम करने के लिए निकली 15 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने अज्ञात पर अपहरण का आरोप लगाकर चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है।

चकेरी के लाल बंगला निवासी पीड़ित के अनुसार वह मजदूरी करते हैं और उनकी पत्नी घरों में चौका बर्तन करती है। पीड़ित ने बताया कि बीती दस अप्रैल की दोपहर पत्नी की तबियत खराब थी। इस पर उनकी 15 वर्षीय बेटी घरों में काम करने गई थी। लेकिन तबसे नहीं लौटी। आस-पड़ोस और रिश्तेदारों में पूछताछ की। लेकिन किशोरी का कुछ पता नहीं चल सका।

जिसके बाद परिजनों ने अज्ञात पर बेटी के अपहरण का आरोप लगाकर चकेरी थाने में शिकायत की। इस संबंध में थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

# सरकारी जमीन बेच लाखों ठगे, जेल भी भिजवाया

- कोयला नगर के पीड़ित ने महिला और साथियों पर लिखाई रिपोर्ट

**चकेरी।** कोयला नगर में एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनकी पहचान की एक महिला ने महानगर पालिका की जमीन का 18.50 लाख का सौदा तय किया। फिर महिला ने उनसे 12 लाख रुपये ले लिये। बाद में सरकारी जमीन होने की जानकारी हुई। जिस पर उन्होंने विरोध किया तो महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनपर झूठा मुकदमा दर्ज करा जेल भिजवा दिया। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर के आदेश पर महिला समेत उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

कोयला नगर दहेली सुजानपुर निवासी सर्वेश कुमार पांडेय के अनुसार वर्ष 2016 में उनकी पहचान की नर्वल के हरचन्द्रखेड़ा निवासी रामकुमारी गुप्ता ने दहेली सुजानपुर में अपनी जमीन दिखाई। जिसका सौदा 18.50 लाख में तय हुआ। उन्होंने दिसंबर 2016 को दो लाख रुपये रामकुमारी को बयाने के तौर पर दिये। जिसके बाद रामकुमारी ने जमीन में बनी दो दुकानों का कब्जा उन्हें दिया। फिर उन्होंने कई बार में दस लाख रुपये ले लिये। पीड़ित के अनुसार 12 लाख रुपये लेने के बाद उन्होंने जमीन का बैनामा करने को कहा तो वह टालमटोली करने लगी। इसके बाद उन्हें उक्त जमीन महानगर पालिका की होने की बात पता चली। जिसके बाद उन्होंने विरोध किया तो नवंबर 2025 में रामकुमारी ने उनके खिलाफ जमीन पर कब्जा करने, धमकाने समेत अन्य धाराओं में फर्जी मामला दर्ज कराकर उन्हें जेल भिजवा दिया। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद आरोपित महिला ने अपने साथी जितेन्द्र कुमार सिंह, विपिन ठस उर्फ अमन यादव, विनीत कुमार व सोनू गुप्ता के साथ मिलकर उनके लिब्रा रोडवेज के नाम से कार्यालय पर कब्जा कर लिया और कार्यालय का सामान चोरी कर लिया। जेल से छूटने के बाद उन्होंने पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल से शिकायत की।

## घाटा होने पर लोहा कारोबारी चौथी मंजिल से कूदा

**कानपुर।** किदवई नगर में व्यापार में घाटा होने के कारण मानसिक तनाव में चल रहे लोहा कारोबारी ने अपने घर की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच पड़ताल की।

किदवई नगर ई-ब्लॉक निवासी 40 वर्षीय अर्पित जैन लोहा कारोबारी थे। परिवार में पत्नी श्वेता, दो बच्चे द्रव्य और प्रांशु है। चाचा मुकेश जैन ने बताया कि उनका गड़रियनपुरवा में लोहे का सामान बनाने की दुकान थी। व्यापार में घाटा होने के कारण बेटे एक माह से वह मानसिक तनाव में चल रहे थे। इस बीच वह एक बार वह घर से भी चले गए थे लेकिन फिर लौट आए थे। सोमवार सुबह वह घर की चौथी मंजिल स्थित छत पर पहुंचे। जहां से उन्होंने छलांग लगा दी। घटना की जानकारी के बाद परिवार में कोहराम मच गया। तत्काल उन्हें निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें सर्वोदय नगर स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# कार्रवाई न होने पर भाजपाइयों का हंगामा, थाना घेरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गेट पर चूड़ियां तोड़ीं, सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा पाठ एडसीपी को जांच सौपी गई

**अमृत विचार।** महिला उत्पीड़न की शिकायत पर सुनवाई न होने से नाराज बीजेपी कार्यकर्ताओं ने नौबस्ता थाने का घेराव कर हंगामा किया। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने थाने के गेट पर चूड़ियां तोड़ीं और सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया। सूचना पर पहुंचे डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी और एडीसीपी योगेश कुमार ने कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह मामला शांत कराया। चौकी प्रभारी की जांच एडीसीपी को दी गई।

यशोदानगर एस ब्लाक निवासी महिला के मुताबिक वर्ष 2025 में उसका विवाह हुआ था। इसके बाद से ही पति ने उसके साथ मारपीट और धारदार हथियार दिखाकर डराने-धमकाने का सिलसिला शुरू कर दिया। सास-ससुर के निधन पहले ही हो चुका है। जिसकी वजह उसने पति की बुआ और फूफा से शिकायत की, लेकिन आरोप है कि उन्होंने भी उसका साथ देने के बजाय उसके पति का पक्षपात किया। जिसके चलते बीती 20 मार्च को फिर मारपीट की गई। इस पर महिला ने यूपी-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस पति को थाने ले गई, लेकिन यशोदा नगर चौकी प्रभारी ने कार्रवाई के बजाय माफी मंगवाकर दबाव वश समझौता करा दिया। इसके बाद भी उत्पीड़न जारी रहा और शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस पर भाजपा नेता जसविंदर सिंह, आनंद परिहार, सुमित कश्यप, प्रवीण मिश्रा उर्फ बुल्ली, दीपांकर मिश्रा और पवन दीक्षित समेत अन्य कार्यकर्ताओं के साथ महिला नौबस्ता थाने पहुंची और धरने पर बैठ गई। डीसीपी दक्षिण ने बताया कि महिला की मांग पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं और चौकी प्रभारी के खिलाफ जांच एडीसीपी को सौंपी गई है।



डीआईओएस कार्यालय के बाहर लगा मिट्टी का पहाड़। अमृत विचार

# खोदाई से डीआईओएस कार्यालय के बाहर लगा मिट्टी का पहाड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जल निगम की ओर से पेयजल पाइप लाइन बिछाने के लिए की गई खोदाई लोगों के लिए बड़ी मुसीबत है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर मिट्टी का ढेर आवागमन में बाधा बन रहा है, जिससे रोजाना आने-जाने वाले अभिभावकों, छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

चुन्नीगंज स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर इन दिनों जल निगम द्वारा पेयजल पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। जिसके लिए सड़क की खोदाई की गई है। जिसके कारण जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर आने-जाने वालों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। निर्माण कार्य के दौरान निकाली गई मिट्टी को सड़क किनारे ही ढेर लगा दिया गया, जिससे वहां मिट्टी का बड़ा पहाड़ लग गया है। फिसलन और धूल की समस्या बढ़ गई है। यहां आने वाले अभिभावक, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी रोजाना इस अव्यवस्था से जूझ रहे हैं। बीएनएसडी इंटर कॉलेज के आशुतोष का कहना है कि मिट्टी को हटाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इससे दुर्घटना की आशंका है।

# ई रिक्शा-ऑटो की धर-पकड़ होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




टाट मिल के पास लगा जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार ने जब से ई रिक्शों को रोजगार से जोड़ा है, लाखों ई रिक्शे शहर में दौड़ रहे हैं और दिन प्रतिदिन उनकी संख्या में इजाफा हो रहा है। ट्रैफिक पुलिस ऐसे ई रिक्शों और ऑटो पर काबू पाने के लिए उनके रूट निर्धारित करना चाहती है जिसका काम पिछले एक साल से चल रहा है। तमाम ऐसे ई रिक्शा व ऑटो संचालक हैं, जो इस अभियान को नजर अंदाज कर रहे हैं, ऐसे ई रिक्शों व ऑटो की धर पकड़ के लिए अब थाना स्तर पर रणनीति बनायी है।

शहर में किस रूट पर कितने ई रिक्शे दौड़ रहे हैं, आरटीओ, नगर निगम, पुलिस हो या कोई अन्य विभाग, किसी विभाग के पास कोई आंकड़ा नहीं है। पिछले दिनों रात में ट्रैफिक पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से स्टैंडों पर खड़े ई रिक्शे व ऑटो को पकड़ लिया था और ट्रैफिक लाइन में ले जाकर उनके क्यूआर कोड लगा दिये थे। ट्रैफिक पुलिस अभियान तो चला रही है लेकिन बड़ी संख्या में ई रिक्शा व ऑटो ने अभी भी क्यूआर कोड नहीं लिया है जिससे उनके रूट फिक्स नहीं हो पा रहे हैं। अब ट्रैफिक पुलिस स्थानीय पुलिस की मदद से ऐसे ई रिक्शों व ऑटो को पकड़कर क्यूआर कोड लगाना चाहती है।

### व्यस्त 14 चौराहों पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालेंगे मार्शल

- डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार ने शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए सीएफडी यानी कजेंक्शन फ्री डिस्ट्रिक्ट योजना बनाई है। इस योजना में कानपुर के 14 व्यस्त चौराहों को चयनित किया गया है। यहां रस्सी लगाकर फुटपाथों की सीमा तय की जाएगी और ट्रैफिक मार्शल भी तैनात किये जाएंगे।

### ये हैं शहर के प्रमुख 14 चौराहे

- जरीब चौकी, पनकी बाईपास, टाटमिल, रामादेवी, शास्त्री चौक, फूलबाग, घंटाघर, रामादेवी चौराहा, माल रोड, वीआईपी रोड, बड़ा चौराहा, फजलगंज, बारादेवी, किदवई नगर चौराहा प्रमुख रूप से शामिल हैं।

विकास

झकरकटी बस अड्डे को पीपीपी मॉडल के तहत संवारा जाएगा

# बस अड्डे का काम करेंगे किदवई नगर, फजलगंज, विकास नगर डिपो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर में बस अड्डा के लिए जगह नहीं मिली तो ये फैसला लिया
- मंडलायुक्त ने 15 दिन में बस अड्डा खाली करने को कहा था




झकरकटी बस अड्डा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे का पीपीपी मॉडल के तहत आधुनिकीकरण होना है। ये मामला पिछले दो दशक से अधर में है क्योंकि झकरकटी बस अड्डे को अस्थाई तौर पर कहीं शिफ्ट किया जाना है लेकिन उसके लिए जगह नहीं मिल रही है। अब परिवहन ने इसका हल निकाल लिया है, कानपुर परिक्षेत्र के कानपुर शहर में पड़ने वाले डिपो को ही बस अड्डा के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के कानपुर परिक्षेत्र में सिग्नेचर सिटी बस अड्डा, विकास नगर, फजलगंज, किदवई नगर, उन्नाव एवं फतेहपुर डिपो आते हैं। झकरकटी बस अड्डा को पीपीपी मॉडल बनाने के लिए कंपनी को ठेका भी दे दिया गया है, ठेकेदार ने अग्रिम धनराशि भी जमा कर दी है लेकिन बस अड्डा शिफ्ट नहीं होने एवं मेट्रो को बस अड्डे का बड़ा हिस्सा देने के कारण जमीन कम होने के कारण ठेकेदार ने दूसरा नक्शा बनाया है। कई माह बीत जाने के बाद अब शासन से बार बार झकरकटी बस अड्डा खाली कराने के लिए कहा जा रहा है, पिछले दिनों मंडलायुक्त ने भी बैठक करके 15 दिन में बस अड्डे को खाली करने के दिशा निर्देश जारी किये थे।

> शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे का पीपीपी मॉडल के तहत आधुनिकीकरण होना है, आजाद नगर स्थित सिग्नेचर सिटी बस अड्डा के अलावा शहर के विभिन्न डिपो को बस अड्डा के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा।
>
> –महेश कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, कानपुर परिक्षेत्र परिवहन

### झकरकटी बस अड्डे की स्थिति

- झकरकटी बस अड्डा पर राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड की बसें आती हैं
- प्रतिदिन बसों का आवागमन 1400
- प्रतिदिन यात्रियों की संख्या 30-35000

### पीपीपी मॉडल से ऐसे बनेगा बस अड्डा

- बहुमंजिली इमारत में यात्रियों को सारी सुविधाएं
- बसों के लिए निर्धारित प्लेटफार्म
- बसों के आवागमन का इलेक्ट्रानिक्स डिस्प्ले बोर्ड
- बसों की समयसारिणी
- विभिन्न प्रांतों के खान-पान की व्यवस्था
- ऑन लाइन टिकट बुकिंग की सुविधा
- आधुनिक पूछताछ काउंटर
- एसी प्रतीक्षायल, नान एसी प्रतीक्षालय
- चालक एवं परिचालक प्रतीक्षालय

### एक साल कैंट एरिया में अटका रहा बस अड्डा

- झकरकटी बस अड्डे को शिफ्ट करने के लिए परिवहन अधिकारी कई वर्षों से नगर में जगह तलाश रहे थे। पहले यातायात भवन के बगल में खाली ग्राउंड पर शिफ्ट करने की कोशिश की गई और फिर सीओडी पुल के आगे कैंट की जमीन पर शिफ्ट करने की बात तय हुई लेकिन कैंट ने 2 .5 करोड़ रुपये वार्षिक किराया मांग लिया जिससे परिवहन निगम की हिम्मत छूट गयी। उसके बाद आजाद नगर स्थित सिग्नेचर सिटी बस अड्डा से बसों को चलाने की योजना बनाई गई लेकिन ये बस अड्डा इतना छोटा है कि 1400 बसों का लोड हर दिन नहीं उठा सकता ऐसे में डिपो को ही बस अड्डा के रुप में इस्तेमाल करने की योजना बनाई गई है।

## सिटी ब्रीफ

### दक्षिण एनएसयूआई अध्यक्ष बने मोहित सविता

**कानपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान ने मोहित सविता को कानपुर महानगर दक्षिण का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस निर्णय के जरिए ओबीसी नौजवानों को भी साधने का प्रयास माना जा रहा है। दक्षिण क्षेत्र में किदवई नगर और गोविंद नगर विधानसभा शामिल हैं, जहां संगठन को मजबूत करने की चुनौती रहेगी। इस नियुक्ति पर महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, आलोक मिश्रा, सोहेल अंसारी, करिश्मा ठाकुर, जेपी पाल, विकास अवस्थी समेत कई नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शतरंज प्रतियोगिता में समृद्धि, आरव, दक्ष व राघव ने मारी बाजी

**कानपुर।** मास्टर्स चेस एसोसिएशन द्वारा अरमापुर जूनियर क्लब में आयोजित कानपुर मंडल शतरंज प्रतियोगिता में 135 खिलाड़ियों में बेस्ट बालिका खिलाड़ी का खिताब समृद्धि श्रीवास्तव, अंडर 9 बालक में राघव चोपड़ा, अंडर12 बालक में दक्ष सुराना, अंडर 15 में आरव सिंह को मिला। प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष कार्तिक कपूर ने किया। विजेताओं को पुरस्कार वितरण नीरज शर्मा, शिवम त्रिपाठी एवं सभासद आरती त्रिपाठी ने किया। विनय अवस्थी, अरविंद भारद्वाज, नवीन विश्वकर्मा, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# कम वेतन मिलने पर गैस प्लांट चालक भड़के, विरोध-प्रदर्शन

## अफसरों पर उत्पीड़न और पुलिस वेरीफिकेशन के नाम पर परेशान करने का आरोप

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को पनकी गैस बॉटलिंग प्लांट में चालकों ने चक्काजाम कर दिया। जिससे शहर में करीब 5-6 हजार गैस सिलिंडरों की सप्लाई बाधित हुई। कुछ ही समय में प्रशासनिक अधिकारी हरकत में आए और प्रदर्शन कर रहे चालक-परिचालकों की मौके पर जाकर समस्याएं सुनीं। गैस बॉटलिंग प्लांट के डीजीएम को भी बुलाया गया। उन्होंने चालकों से लिखित शिकायत लेकर समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। तब जाकर चालक काम पर लौटे।

गंगागंज स्थित कानपुर-प्रयागराज हाइवे किनारे बने इंडियन ऑयल गैस बॉटलिंग प्लांट के नाराज 230 ट्रकों के चालक-परिचालक ने काम करने से मना कर दिया। प्लांट से ही शहर की कई एजेंसियों में सिलेंडर की सप्लाई होती है। गैस सिलेंडर की मारामारी और सुबह नोएडा में हुए बवाल के कारण प्रशासन पहले से ही अलर्ट पर था। प्रदर्शन की खबर मिलते ही पनकी थाने की पुलिस पहुंची। एसडीएम व



प्रदर्शन करते चालकों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

- एजेंसी की लापरवाही पर चालकों का वेतन काटने से नाराजगी
- गैस बॉटलिंग प्लांट व प्रशासन ने दिया सुनवाई का आश्वासन

परिवहन अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने नाराज चालकों से बात की। चालकों ने अधिकारियों को ज्ञापन देते हुए बताया कि 12000 के वेतन पर 15-15 घंटे काम कराया जाता है। दूसरी समस्या बताई कि एजेंसी की ओर से खराब सिलेंडर दिया जाता है जिसकी कटौती चालकों के वेतन से की जाती है। तीसरी समस्या बताई कि यहां चालक ठेकेदार की ओर से काम करता है। जिस चालक पर छोटा-मोटा सड़क दुर्घटना का भी केस लंबित होता है उसे गेट पास नहीं दिया जाता है। ऐसे में चालक काम नहीं कर पाता। पेट्रोलियम चालक-परिचालक संघ के आनंद तिवारी व प्रशांत सिंह ने बताया कि पहले प्रधान व सभासद का बनाया हुआ चरित्र प्रमाण पत्र मान्य किया जाता था। लेकिन अब पुलिस वेरिफिकेशन में मनमानी की जाती है। जिससे रोजगार में समस्या होती है।

इतनी कम सैलरी में भी समस्या के बाद भी काम करते हैं फिर भी अड़चनें पैदा की जाती हैं। चालकों की समस्याओं पर गैस प्लांट के मुख्य सयंत्र प्रबंधक विकास सहदेव ने लेटर पैड पर ठेकेदारों व एजेंसी के साथ बैठक कर सभी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया।

## 21 ग्राम पंचायतों में सहायक भर्ती को 15 से आवेदन

**कानपुर।** 21 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/एकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती की जानी है। इन पदों पर नियुक्ति के लिए भर्ती कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों में संबंधित पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया दो माह के भीतर पूरी की जानी है। इसके मद्देनजर 15 व 16 अप्रैल को ग्राम पंचायतों में सूचना पट्ट और मुनादी कराई जाएगी। 17 अप्रैल से 2 मई तक अभ्यर्थी अपने आवेदन जिला पंचायत राज अधिकारी, विकास खंड कार्यालय व संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकेंगे। 3 से 4 मई तक आवेदन पत्र ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि 5 से 12 मई के बीच ग्राम पंचायत स्तर पर मेरिट सूची तैयार कर प्रशासनिक समिति से अनुमोदन के बाद जिला स्तरीय समिति को भेजी जाएगी। 13 व 14 मई को डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति की ओर से परीक्षण व संस्तुति। 15 व 16 मई को चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



दीप जलाते भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह। अमृत विचार

## जयंती की पूर्व संध्या पर डॉ. आंबेडकर को नमन

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- वार्ड 92 गोवर्धन पुरवा बस्ती में किया गया आयोजन
- दीपोत्सव मनाया, प्रतिमाओं पर चढ़ाए गए फूल

**अमृत विचार।** वार्ड 92, गोवर्धन पुरवा बस्ती में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा दक्षिण शिवराम सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

जिला मीडिया प्रभारी संजीव बेरी दीपांकर मिश्रा, अवधेश त्रिपाठी, प्रवीण मिश्रा, वंदना गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा कानपुर उत्तर ने जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित के नेतृत्व में दीपोत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थित प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। कंपनी बाग चौराहे पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, विधायक नीलिमा कटियार सहित कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। सायंकाल प्रतिमाओं पर सैकड़ों दीप जलाए गए।

## जोधपुर-आसनसोल साप्ताहिक विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए जोधपुर-आसनसोल -जोधपुर के मध्य साप्ताहिक विशेष गाड़ी संचालित करने की घोषणा की है।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 04819 जोधपुर से प्रत्येक मंगलवार को 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक चलेगी। गाड़ी संख्या 04820 आसनसोल से प्रत्येक गुरुवार को 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित होगी। इस गाड़ी में 2 पार्सलयान, एसी द्वितीय-01, एसी तृतीय -03, स्लीपर-10, सामान्य-04 डिब्बे होंगे।

गाड़ी संख्या 04819 मंगलवार को जोधपुर से सायं 5 बजे रवाना होगी। भरतपुर रात 3.40 बजे,



गोविंदपुरी कानपुर प्रातः 8.20 बजे, बक्सर दोपहर 3.56 बजे, आसनसोल गुरुवार की भोर में 4.55 बजे पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 04820 गुरुवार को आसनसोल से प्रातः 7.55 बजे रवाना होगी। पटना दोपहर 3.30 बजे, गोविंदपुरी शुक्रवार को रात 2.45 बजे आएगी। जयपुर जंक्शन दोपहर 12.55 बजे, नावा सिटी दोपहर 2.32 बजे, मेड़ता रोड सायं 4.32 बजे, जोधपुर सायं 6.45 बजे पहुंचेगी।

## इंटरसिटी गोविंदपुरी से झांसी तक चलेगी

**कानपुर।** कानपुर ब्रिज साउथ बैंक स्टेशन के मध्य ब्रिज संख्या 110 पर लिए गए मेगा ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के कारण पूर्व में निरस्त की गई कुछ ट्रेनों के संचालन को अब आंशिक रूप से बहाल करने का निर्णय लिया गया है।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि ट्रेन संख्या 11109/11110 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी–लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 64701/64702 वीरांगना–लखनऊ चारबाग मेमू को निरस्त किया गया था लेकिन अब ये गाड़ी नवीन व्यवस्था के तहत संचालित होंगी। गाड़ी संख्या 11109 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी–लखनऊ इंटरसिटी 14 अप्रैल से 13 मई तक लखनऊ नहीं जाएगी बल्कि गोविंदपुरी स्टेशन से झांसी तक चलेगी और गोविंदपुरी से लखनऊ के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 11110 लखनऊ–वीरांगना लक्ष्मीबाई इंटरसिटी 14 अप्रैल से 13 मई तक गोविंदपुरी स्टेशन से संचालित होगी।

## मतदाता सूची सुधार को लेकर कांग्रेस का विशेष अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पांचों विधानसभा क्षेत्रों में जांच और सुधार कराएंगे
- पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष, बीएलए संभालेंगे जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** चुनाव आयोग द्वारा जारी एसआईआर सूची के तहत अंतिम मतदाता सूची को लेकर कानपुर महानगर कांग्रेस ने सक्रियता बढ़ा दी है। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में शहर की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची की जांच, सुधार और नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में तय हुआ कि संगठन के पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष, एसआईआर कोऑर्डिनेटर और बीएलए मिलकर घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे। फॉर्म-6 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम जोड़ने और गलत तरीके से हटाए गए नामों को पुनः शामिल कराने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। पवन गुप्ता ने कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम सूची से न कटे, यह सुनिश्चित करना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पवन गुप्ता, हरप्रकाश अग्निहोत्री, निजामुद्दीन खान, शंकर दत्त मिश्रा, पदम मोहन मिश्रा, राकेश साहू, रितेश यादव, अजय श्रीवास्तव, राम शंकर राय, प्रमोद गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश कन्नौजिया, विनय जायसवाल, मो अकील, देव राय सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## जलियांवाला बाग के शहीदों को नमन

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कमला नेहरू पार्क में चंद्रशेखर आजाद जन कल्याण समिति भारत ने सोमवार को जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों की याद में पुष्पांजलि सभा आयोजित की। शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार पांडे उर्फ निन्नी ने कहा कि जलियांवाला बाग में शांतिपूर्ण सभा कर रहे भारतीयों पर जनरल डायर ने गोली चलवाई और निर्दोष लोगों का नरसंहार किया था। भारत के वीर सपूत उधम सिंह ने लंदन जाकर जनरल ओ डायर को गोली मारकर शहीदों का बदला लिया और भारत का गौरव बढ़ाया। इस दौरान संदीप कुमार साहू, पार्षद गोविंद मोहन, अनिल त्रिपाठी, हर्षित शुक्ला, दिनेश त्रिवेदी, बीडी जायसवाल, सुरेंद्र सिंह, मनोज दुबे, वेदांत पांडे, संजय शिखर रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन

**कानपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में जारी पुनरीक्षण कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। आयोग के इसी साल 19 फरवरी के पत्र में संशोधन करते हुए 10 अप्रैल को नई अधिसूचना जारी की गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय से भी संशोधन करते हुए त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण की नई समय-सारिणी निर्धारित की गई है।

मतदाता सूची के कम्प्यूटरीकरण के बाद मतदान केन्द्रों का क्रमांक, वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांक, एसवीएन आवंटन, सूची डाउनलोड तथा फोटो प्रतियों का कार्य 17 मार्च से 21 अप्रैल तक पूरा कराया जाएगा। वहीं, निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 22 अप्रैल को किया जाएगा।

## महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवीन मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन का आयोजन जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को वह सम्मान मिला है, जिसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने भी महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को राष्ट्र निर्माण के लिए अहम बताया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोज सिंह को अभियान का संयोजक और अवधेश सोनकर को समन्वयक बनाया गया। जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि 20 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।



भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री का संबोधन सुनते नेता। अमृत विचार

### इन्हें मिली जिम्मेदारी

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि 20 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत नगर के मातृ शक्ति के कार्यक्रमों के लिए संयोजक बनाए गए हैं।

- टाउन हॉल मीटिंग व बाइक स्कूटी रैली के लिए शिवांग मिश्रा
- प्रेस कॉन्फ्रेंस हुआ ब्रॉडकास्ट के लिए अनुराग शर्मा
- स्थानीय निकाय की भागीदारी के लिए सीमा एमबीए
- नारी शक्ति सम्मेलन सरोज सिंह
- प्रचार प्रसार अभियान अनीता चतुर्वेदी
- मिस्ड कॉल किरण तिवारी
- नारी शक्ति मार्च रीता पासवान
- नारी शक्ति पदयात्रा सत्यम गुप्ता
- लेख लिखवाना शालिनी कटियार
- संस्कृत कार्यक्रम व कला प्रदर्शनी बबीता निगम
- सिगनेचर कैंपेन आकाश शुक्ला
- नारी शक्ति दौड़ नवाब सिंह
- सोशल मीडिया अभियान जीतू कश्यप को बनाया गया गया है

## ब्लू वारियर्स और क्रेजी रेंजर्स एकादश जीते

**कानपुर।** कानपुर क्रिकेट लीग टी-20 में ब्लू वारियर्स और क्रेजी रेंजर्स एकादश ने जीत हासिल की। शुक्लागंज के सप्रू मैदान में खेले गए पहले मुकाबले में नाइट एकादश ने 133 रन बनाए। जिसमें मनीष ने 33 और चंद्रभान ने 27 रन की पारी खेली। ब्लू वारियर्स की ओर से हसन ने चार व राहुल ने दो विकेट झटके। जवाब में ब्लू वारियर्स ने लक्ष्य को 13वें ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाए। त्रिभुवन दीक्षित को 76 रन बनाने पर मैन आफ द मैच चुना गया। वहीं, दूसरे मुकाबले में स्पार्क इंटरनेशनल एकादश ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 156 रन बनाए। दूसरी ओर क्रेजी रेंजर्स एकादश ने लक्ष्य को 20वें ओवर में 157 रन बनाकर जीत लिया। पारी में आयुष ने 88 रन बनाए और उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया।

तैयारी | आयोजनों के लिए पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

# विधानसभा स्तर पर होंगे नारी शक्ति सम्मेलन

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर दक्षिण जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारी बैठक हुई। जिला मीडिया प्रभारी संजीव बेरी ने बताया कि 15 से 18 अप्रैल के बीच विधानसभा स्तर पर नारी शक्ति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। टाउन हाल में कार्यक्रम के साथ नारी शक्ति पदयात्रा 15–17 अप्रैल तक तीन दिन निकाली जाएगी। लेख लेखन अभियान (12–18 अप्रैल), मिस्ड कॉल अभियान (11–18 अप्रैल) और नारी शक्ति मार्च 20 अप्रैल को आयोजित होगा। इसके अलावा 15 अप्रैल को बाइक रैली, 13 से 15 अप्रैल तक नारी शक्ति दीवार, तथा 15 से 19 अप्रैल तक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कला प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। 19–20 अप्रैल को स्थानीय निकायों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जबकि सोशल मीडिया अभियान निरंतर चलेगा। बैठक में पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, गणेश शुक्ला, जसविंदर सिंह सहित कई पदाधिकारी रहे।



लिटिल शेफ में महिलाओं ने जताई खुशी। अमृत विचार

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकतंत्र को नई दिशा

**कानपुर।** सिविल लाइंस स्थित लिटिल शेफ होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में समाजसेवी सीए नीतू सिंह ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम (106वां संविधान संशोधन) को भारतीय लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस कानून के जरिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है, जो उन्हें राजनीतिक भागीदारी का मजबूत संवैधानिक आधार प्रदान करेगा।

नीतू सिंह ने कहा कि वैश्विक स्तर पर महिलाओं का नेतृत्व अभी भी सीमित है, ऐसे में भारत का यह निर्णय प्रगतिशील और दूरदर्शी पहल है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को इस उपलब्धि का प्रमुख कारण बताया। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे इस अवसर के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाएं और स्वतंत्र नेतृत्व प्रस्तुत करें। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, डॉ. एनएम निगम, डा. नीता जैन, कविश खुराना, शबा यूनुस, डॉ. वन्दना निगम, सोनाली जी क्रीड़ा क्षेत्र, डॉ. शशी रानी पाल, प्रतिष्ठित उद्यमी संगीता गुप्ता, डॉ.नंदनी रस्तोगी, डॉ. रजनी सिंह, प्रिंसी गुप्ता, पूनम शुक्ला, चेतना गुप्ता, मिथलेश व नीरू टण्डन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पीएम के विचार सुने व महिलाओं ने दोहराया सशक्तिकरण का संकल्प

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सजीव प्रसारण
- उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

**अमृत विचार।** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सोमवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पीएम के विचारों को सुना और महिला सशक्तिकरण के प्रति संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

विधायक नीलिमा कटियार, सरोज कुरील और डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। महिलाओं ने टोल-फ्री नंबर 9667173333 पर मिस कॉल देकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन किया। विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से लोकतंत्र और मजबूत हो रहा है। सरोज कुरील ने महिलाओं की बढ़ती भूमिका को समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायती राज विभाग व ग्राम पंचायतों की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



नवीन सभागार में पीएम के विचार सुनते डीएम और महिलाएं। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### मुख्य अग्निमशन अधिकारी दीपक शर्मा सम्मानित

**कानपुर।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा को अग्निशमन दिवस पर भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा प्रशंसा चिन्ह का सम्मान दिया गया है जो अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण एवं निष्ठा पूर्वक कार्य करते हुये घटित भीषण अग्निकाण्डों, रेस्क्यू तथा इवैक्यूवेशन के कार्य में अपनी टीम का कुशल नेतृत्व कर रहे हैं। भारत सरकार गृह मंत्रालय महानिदेशालय अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक अग्नि अनुभाग नई दिल्ली द्वारा अग्निशमन दिवस 14 अप्रैल-2026 के अवसर पर डीजी-एफएस, सीडी और एचजी डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। श्री शर्मा के साथ फायर सर्विस चालक सुखदेव सिंह, को भी सम्मानित किया गया है।

### कैंप में 152 छात्राओं की हुई जांच

**कानपुर।** परमहंस राम मंगल दास कन्या विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को एचपीवी वायरस से होने वाले सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण जागरूकता एवं एनीमिया की रोकथाम संबंधी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 152 छात्राओं की हीमोग्लोबिन की नि:शुल्क जांच की गई। इसके साथ ही मासिक धर्म स्वच्छता पर व्याख्यान, नि:शुल्क दवा वितरण एवं खाद्य सामग्री का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर एनआईएमए वूमेन्स फोरम की सचिव आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक ने जानकारी दी कि गिलोय, हल्दी, आंवला, नीम, तुलसी, सहजन, गुड़हल एवं त्रिफला का नियमित सेवन, जंक फूड से परहेज, 6 माह से 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन, तथा दिनचर्या एवं ऋतुचर्या का पालन कर कैंसर एवं एनीमिया की रोकथाम संभव है। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. नीरजा, सचिव डॉ. वंदना पाठक, कोषाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा, डॉ. अंजू मिश्रा एवं डॉ. पूनम सिंह उपस्थित रहीं।

### छात्राओं को किया जागरूक

**कानपुर।** दयानंद गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में छात्राओं को जागरूकता किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, सशक्तिकरण एवं उनके संवैधानिक प्रावधानों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा विभिन्न रचनात्मक एवं प्रभावशाली गतिविधियाँ आयोजित की गईं। छात्राओं ने कॉलेज परिसर में चेन बनाकर एकता और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। साथ ही, पोस्टर, स्लोगन एवं नारों के माध्यम से अधिनियम के महत्व को सरल एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया। नारी शक्ति दीवार हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें छात्राओं, प्राध्यापिकाओं भाग लिया।

### मौलाना मोहम्मद अंजुम को श्रद्धांजलि

**कानपुर।** शैक्षणिक संस्थान जामिया महमूदिया अशरफुल उलूम अशरफाबाद, जाजमऊ में दिवंगत मौलाना मोहम्मद अंजुम मजाहिरी की याद में शोक सभा एवं दुआ की मजलिस का आयोजन किया गया। जमीअत उलमा के प्रदेश महासचिव मौलाना अब्दुल्लाह कासमी, मुफ्ती सैयद मोहम्मद उस्मान कासमी, मौलाना मोहम्मद अकरम जामेई ने विचार रखे। संचालन मुफ्ती मोहम्मद वासिफ कासमी ने की। मौलवी अबू बकर सिद्दीक ने कुरआन पाक की तिलावत की।

# कर किरपा तेरे गुण गावां, नानक नाम जपत सुख पावां शबद गूंजा

## गुरुद्वारा भाई बन्नो साहिब में अमृत संचार कराया, खालसा साजना दिवस की शुरुआत


गुरुद्वारा में शबद-कीर्तन करते रागी जत्थे। अमृत विचार


स्त्री सत्संग ने भी कीर्तन किया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुरुद्वारा भाई बन्नो साहिब में खालसा साजना दिवस में 28 लोगों को अमृत संचार कराया गया। शुरुआत रागी जत्थों ने शबद गायन करके की। कर किरपा तेरे गुण गावां, नानक नाम जपत सुख पावां। अमृत पीवह सदा चिर जीवह, हर सिमरन अन्नद अन्नंता आदि शबद से संगत निहाल हुए।

गुरुद्वारा में दो दिवसीय खालसा साजना दिवस मनाया जा रहा है, पहले दिन सोमवार को गुरुद्वारा में हजुरी रागी अमृतसर से आए रागी सतबीर सिंह ने कीर्तन कर संगत का मन मोहा। दरबार साहिब अमृतसर से आए हजूरी रागी हरदीप सिंह ने भी शबद गायन करके संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के महामंत्री अजीत सिंह भाटिया ने बताया कि मंगलवार को गुरुद्वारा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। देर रात गुरु का अटूट लंगर किया गया। मुख्य रूप से सुरिंदर जीत सिंह, जसवंत सिंह, परमजीत सिंह, लवली सिंह, कवलंबीर सिंह, अमरजीत सिंह, दलजीत सिंह, परविंदर सिंह, साहिब सिंह आदि मौजूद रहे। गुरूद्वारा माता गुजरी जी लेबर कालोनीः खालसा साजना दिवस पर सोमवार को सुबह एवं शाम दीवान सजा। सर्व प्रथम रहिरास साहिब जी के पाठ के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। उसके उपरांत भाई सुखजीत सिंह (बाबा बकाला वाले), भाई गुरमुख सिंह (श्री दरबार साहिब अमृतसर वाले) भाई जसमीत सिंह (कानपुर वाले) तथा ज्ञानी गुरविंदर सिंह (हैड ग्रंथी) व भाई लखवीर सिंह (हजूरी रागी) गुरूद्वारा माता गुजरी जी लेबर कालौनी वालों ने विशेष रूप से कीर्तन व कथा से संगत को निहाल किया। राजमा चावल व छबील का लंगर भी लगाया गया। मीडिया प्रभारी टीपी सिंह सोनू ने बताया कि मंगलवार को गुरु के अटूट लंगर होगा और दीवान सजेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजिंदर सिंह जिंदी, बलबीर सिंह, रंजीत सिंह, कुलविंदर सिंह बख्शी, कंवलजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, गुरदीप सिंह, शरनजीत सिंह ओबराय तथा टीपी सिंह सोनू आदि मौजूद रहे। उधर, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रजिस्टर्ड रतनलाल नगर में तीन दिवसीय गुरमत समागम में सोमवार को दूसरे दिन कानपुर के स्त्री सत्संग द्वारा हरजस कीर्तन करके संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के रविंद्र सिंह अरोरा, प्रधान रविंद्र सिंह, आनंद, योगेश सचदेवा, त्रिलोक सिंह आदि थे।

## कोलकाता से मदार तक साप्ताहिक विशेष ट्रेन

**कानपुर।** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए मदार से कोलकाता के मध्य साप्ताहिक विशेष गाड़ी चलाने की घोषणा की है।



गाड़ी संख्या 09605 मदार से प्रत्येक शुक्रवार को 17 अप्रैल से 1 मई 2026 तक चलेगी। गाड़ी संख्या 09606 कोलकाता से प्रत्येक रविवार को 19 अप्रैल से 3 मई 2026 तक चलेगी। इस गाड़ी में 2 पार्सलयान, एसी द्वितीय-02 ,एसी तृतीय -04, स्लीपर-08 ,सामान्य -04 डिब्बे होंगे।

गाड़ी संख्या 09605 मदार जंक्शन से प्रातः 10.45 बजे रवाना होगी। किशनगढ़ 10.57 बजे, जयपुर दोपहर 12.45 बजे, भरतपुर सायं 4.05 बजे, ईदगाह आगरा सायं 5.42 बजे, टूंडला रात 8.15 जबे, गोविंदपुरी रात 10.35 बजे, सूबेदारगंज रात 2.30 बजे, सासाराम प्रातः 7.25 बजे, कोलकाता रात 9.50 बजे पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 09606 कोलकाता से रात 00.50 बजे रवाना होगी। आसनसोल प्रातः 6.10 बजे, सूबेदारगंज रात 9.50 बजे, गोविंदपुरी रात 00.20 बजे, इटावा रात 2.10 बजे, टूंडला रात 4.05 बजे, भरतपुर प्रातः 6.40 बजे, जयपुर 11.10 बजे, मदार जंक्शन दोपहर 2 बजे पहुंचेगी।


खो-खो खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

# सीएसजेएमयू ने दूसरे दिन भी दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित ऑल इंडिया पुरुष खो-खो चैम्पियनशिप में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर विश्वविद्यालय ने बीएनयू विश्वविद्यालय को 42-24 से पराजित करते हुए 18 अंकों से प्रभावशाली विजय प्राप्त की। चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा ने कल्याणी विश्वविद्यालय को 36-26 के स्कोर के साथ 10 अंकों से हराया।

स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, नांदेड़ ने सिदो-कान्हू बिरसा विश्वविद्यालय के विरुद्ध 39-30 के स्कोर के साथ 9 अंकों से जीत दर्ज की। मंगलौर विश्वविद्यालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय को 34-30 से पराजित करते हुए 4 अंकों से रोमांचक विजय प्राप्त की। मेजबान सीएसजेएमयू, कानपुर ने सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय को 34-26 से हराकर 8 अंकों से प्रभावशाली जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में कालीकट विश्वविद्यालय ने विद्यासागर विश्वविद्यालय को 28-18 से पराजित करते हुए 10 अंकों से विजय प्राप्त की। दावणगेरे विश्वविद्यालय, कर्नाटक ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय को 32-23 से हराकर 9 अंकों से जीत दर्ज की, जबकि लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब ने मुंबई विश्वविद्यालय को 33-27 के स्कोर के साथ 6 अंकों से पराजित किया।

## डॉ. विनोद त्रिपाठी को साहित्य गौरव सम्मान

**कानपुर।** जवाहरलाल रोहतगी नेत्र चिकित्सालय प्रेक्षागार में साहित्य गौरव सम्मान समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार व कवि डॉ. विनोद त्रिपाठी को साहित्य गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। शिक्षाविद डॉ. शिवकुमार दीक्षित ने कहा कि डॉ. त्रिपाठी ने आधी सदी से अधिक समय तक साहित्य के क्षेत्र में लोगों को प्रेरित करने और नई पीढ़ी को मार्गदर्शन देने का कार्य किया है।

# वाईएमसीसी, इगलेट और डायमंड ने जीते मुकाबले

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- **बाबे लालू एकादश के नहीं खेलने से सी-स्पोर्टिंग को मिला वॉकओवर**

**अमृत विचार।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन की केडीएमए लीग में वाईएमसीसी, इग्लेट और डायमंड एकादश ने विपक्षी टीम पर शानदार जीत हासिल की। वहीं, सी स्पोर्टिंग को बाबे लालू एकादश पर वाकओवर मिला। लीग के जूनियर डिवीजन में केस्को एकादश ने गांधीग्राम एकादश को 15 रन से शिकस्त दी।

सोमवार को मंधना स्थित चंद्रा मैदान में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पार्क एकादश ने 37 ओवर में नौ विकेट पर 233 रन बनाए। इसमें माही (64) और हर्ष (56) ने अर्धशतकीय पारी खेली। गेंदबाजी में वाइएमसीसी एकादश के कप्तान राहुल पाल ने चार विकेट चटकाए। जवाब में वाइएमसीसी एकादश ने विकेट कीपर बल्लेबाज नितिन पाल (106) रनों के बदौलत चार विकेट की जीत हासिल की। मैच में शतक लगाने वाले नितिन को मैन आफ द मैच चुना गया। एवरेस्ट मैदान में खेले गए दूसरे मुकाबले में कानपुर इग्लेट ने 40 ओवर में सात विकेट पर 208 रन बनाए। जवाब में खेरापति एकादश 39 ओवर में 10 विकेट पर 147 रन ही बना सका। मैच में इग्लेट के सत्यम पांडेय को घातक गेंदबाजी के लिए मैन आफ द मैच चुना गया। सत्यम ने आठ ओवर में 20 रन देकर छह विकेट झटके। पीएसी मैदान में हुए तीसरे मुकाबले में कानपुर क्रिकेटर्स ने 37 ओवर में नौ विकेट पर 195 रन बनाए। जवाब में डायमंड एकादश ने लक्ष्य को दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। बल्लेबाज देवांश ने नाबाद 132 रन की शतकीय पारी खेलकर टीम को शानदार जीत दिलाई। इसके लिए मैन आफ द मैच चुना गया। इसी प्रकार जूनियर डिवीजन का मुकाबला शुक्लागंज के सप्रू मैदान में खेला गया। इसमें केस्को ने 15 रन से गांधीग्राम एकादश को हराया। केस्को के मयूर तिवारी को 18 रन और तीन विकेट लेने पर मैन आफ द मैच चुना गया।

# समयबद्ध होगा सत्र तय कैलेंडर से पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 27 जनवरी से 10 फरवरी तक प्रस्तावित**

**अमृत विचार।** जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) ने माध्यमिक विद्यालयों के लिए शैक्षिक सत्र 2026-27 का तिथिवार एकेडमिक कैलेंडर जारी करते हुए सभी स्कूलों को कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए हैं।

कैलेंडर के अनुसार नया शैक्षिक सत्र अप्रैल से प्रारंभ होगा। कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए जुलाई के द्वितीय सप्ताह में प्रथम यूनिट टेस्ट (एमसीक्यूएस आधारित) और अगस्त के अंतिम सप्ताह में द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक) आयोजित किए जाएंगे। सितंबर के चौथे सप्ताह में अर्द्धवार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षाएं और अक्टूबर के दूसरे व तीसरे सप्ताह में अर्द्धवार्षिक लिखित परीक्षाएं कराई जाएंगी। डीआईओएस ने निर्देश दिया है कि अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के अंक नवंबर के प्रथम सप्ताह तक अनिवार्य रूप से वेबसाइट पर अपलोड किए जाएं। इसके बाद नवंबर के अंतिम सप्ताह में तृतीय यूनिट टेस्ट और दिसंबर के अंतिम सप्ताह में चतुर्थ यूनिट टेस्ट का आयोजन होगा। कक्षा 10 व 12 का पाठ्यक्रम 10 जनवरी 2027 तक तथा कक्षा 9 व 11 का पाठ्यक्रम 25 जनवरी 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कक्षा 12 की प्री-बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाएं 11 जनवरी से तथा लिखित परीक्षाएं 18 जनवरी 2027 से शुरू होंगी। कक्षा 9 व 11 की वार्षिक परीक्षाएं 1 से 10 फरवरी 2027 के बीच होंगी, जबकि बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 27 जनवरी से 10 फरवरी तक प्रस्तावित हैं। बोर्ड परीक्षाएं फरवरी 2027 में आयोजित की जाएंगी।

# डॉ. संजीव गुप्ता सीएसए विवि के नए कुलपति बने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** सहायक महानिदेशक तिलहन व दलहन आईसीएआर नई दिल्ली डॉ संजीव गुप्ता को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। विश्वविद्यालय में अभी कुलपति का प्रभार मंडलायुक्त के पास था। उन्हें यह प्रभार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. एके सिंह के इस्तीफा देने के बाद दिया गया था।

विश्वविद्यालय में नए कुलपति को प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने नियुक्त किया है। उन्होंने डॉ संजीव गुप्ता को कुलपति के रूप में तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्त पर विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि डॉ संजीव गुप्ता इससे पहले कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान में वे आईसीएआर के सहायक महानिदेशक तिलहन व दलहन हैं।

इससे पहले उन्होंने आईसीएआर के विभिन्न संस्थानों में कृषि वैज्ञानिक के रूप में काम और सेवाएं प्रदान की हैं। डॉ संजीव गुप्ता को पादप जैव प्रौद्योगिकी, फसल अनुवांशिक एवं पादप प्रजनन तथा आण्विक प्रजनन में व्यापक शोध का अनुभव है।

## बीजेसी पावर लीजेंड्स बना लीग का विजेता

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर क्लब में आयोजित दो दिवसीय ब्रह्मावर्त प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में बीजेसी पावर लीजेंड्स ने जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में यशिका शाह को मैन ऑफ द मैच, विट्ठल मोहन को बेस्ट फील्डर, रुचि जैन को प्लेयर ऑफ द मैच तथा शिवानी बंसल को सर्वाधिक छक्के लगाने का पुरस्कार दिया गया।

जय ठक्कर को बेहतर क्षेत्ररक्षण, विकास अग्रवाल को सर्वाधिक चौके और मोहित अग्रवाल को मैक्सिमम सिक्स का पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में रुचि जैन और बच्चों में अनंत को फाइनल में सम्मानित किया गया, जबकि बच्चों में आर्यमान और महिलाओं में अनीता जैन को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष केतन ठक्कर, प्रोजेक्ट चेयरमैन गौतम गुप्ता, प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. मनीष राठी, डॉ. हेमंत मोहन, डॉ आरती मोहन सहित कई लोग मौजूद रहे।



विजेता टीम ने मनाई खुशी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


# कार्यालय नगर पंचायत मऊ, जनपद-चित्रकूट

पत्रांक-978 / न0पं0 मऊ/2026-27 दिनांक: 13 अप्रैल, 2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा जनपद के समस्त भूसा व्यवसायियों, दुकानदारों एवं नगर पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मऊ जनपद चित्रकूट में गौशाला में संरक्षित गौवंशीय पशुओं के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति किये जाने के लिए सीलबंद निविदाएं दिनांक 13/4/26 से दिनांक 22/4/26 तक अपरान्ह 02.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत मऊ में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक 22/4/26 को 03.00, उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष नगर पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। निविदाओं की बिक्री दिनांक 14/4/26 से 21/4/26 तक कार्यालय कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय में की जाएगी। निविदा के साथ ठेकेदारों / फर्मो को निविदा मूल्य (टेण्डर फार्म) की धनराशि नगद के रूप में कार्यालय में जमा करते हुए उसकी रसीद / पावती की प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यो से सम्बन्धित नियम/शर्तो आदि की जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से कार्य दिवस में कभी भी प्राप्त की जा सकती है।

**निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्नवत है :-**

| कम संख्या | सामग्री का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | भूसा | 50000.00 | 2000.00 |
| | हरा-चारा | | |
| | साइलेज | | |
| 2 | आटा-चोकर | 25000.00 | 2000.00 |
| | गुड, नमक | | |
| | खरी / पशु आहार | | |

नियम एवं शर्ते रू-
1. गौवंशीय पशुओं के भरण-पोषण हेतु क्रम संख्या 01 एवं 02 में उल्लिखित समाग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा अलग-अलग डाली जा सकती है।
2. निर्धारित धरोहर धनराशि जमा करने वाली फर्मो/ आपूर्तिकर्ताओं की निविदाओं पर ही विचार किया जायेगा।
3. जमानत धरोहर धनराशि वित्तीय वर्ष 2026-27 की समाप्ति उपरान्त ही वापस की जायेगी।
4. निविदा की धरोहर धनराशि नगद नगर पंचायत मऊ के टाउन फण्ड खाता संख्या-40050347025 आई0एफ0एस0सी0 कोड नं0 SBIN0011205 अथवा कार्यालय एम0ए0सी0-5 के माध्यम से जमा किया जा सकता है।
5. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत मऊ**
**जनपद-चित्रकूट।**


**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मऊ**
**जनपद-चित्रकूट।**


**कार्यशाला** — आईआईटी कानपुर में 'प्रक्रिया सुरक्षा एवं जोखिम प्रबंधन' विषय पर मंथन

# उपकरण संचालन की सतर्कता से शोध की सटीकता तय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर के पीजी एकेडमिक्स एंड करियर काउंसिल (एएनसी) छात्र संघ ने अनुसंधान एवं विकास अधिष्ठाता कार्यालय, आईआईटी कानपुर की ओर से कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में 'इंडस्ट्री 360: प्रक्रिया सुरक्षा, पर्यावरण-सामाजिक-प्रशासन एवं जोखिम प्रबंधन' विषय पर विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए गए। कार्यशाला का उद्देश्य शैक्षणिक ज्ञान और वास्तविक औद्योगिक कार्यप्रणालियों के बीच की दूरी को कम करना था। विशेषज्ञों ने कहा कि प्रयोगशाला में उपकरण संचालन की सतर्कता, शोध की सटीकता भी काफी हद तक तय करती है।


कार्यशाला में मौजूद प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रो. तरुण गुप्ता, अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास) ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रो. राघवेंद्र कुमार चौधरी (शैक्षणिक मार्गदर्शक, एएनसी) व रीमा मित्तल (पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी, टेक्नोपार्क आईआईटी कानपुर) के रूप में मौजूद रहीं। प्रो. तरुण गुप्ता ने प्रयोगशालाओं में कार्य करते समय तथा उन्नत उपकरणों के संचालन के दौरान प्रक्रिया सुरक्षा की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि इस विषय में पर्याप्त जानकारी के अभाव में उपकरणों की खराबी, अनावश्यक कार्य अवरोध, शोध कार्य में विलंब तथा कभी-कभी गंभीर दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं।

रीमा मित्तल ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए उदाहरण प्रस्तुत किए। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों का संचालन उद्योग विशेषज्ञ राकेश वर्मा एवं रेखा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यशाला में सौ से अधिक छात्रों, शोधार्थियों एवं उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रो. राघवेंद्र चौधरी, अमन शुक्ला (महासचिव, एएनसी), वीरेंद्र गुंजाल, हर्ष बाजपेयी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## गैंगस्टर को तीन साल की सजा

उन्नाव, अमृत विचार : जिला एवं सत्र न्यायालय ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में अंतिम सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी ठहराते हुए 3 साल की सज़ा सुनाई है। साथ ही उस पर 5 हजार का जुर्माना भी लगाया। क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर समाज में भय का वातावरण बनाने वाले कानपुर के मोहल्ला हरबंश मोहाल निवासी मोनू पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने 3 मार्च -2011 को गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई कर जेल भेजा था। आईओ आरबी यादव ने साक्ष्य एकत्र कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता विश्वास त्रिपाठी, अलंकार द्विवेदी व हरीश अवस्थी की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश ने मोनू को दोषी ठहराते हुए 3 साल की सजा सुनाई।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार : थाना गंगाघाट क्षेत्र के चौकी जाजमऊ अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाइवे पर त्रिभुवनखेड़ा पुलिया के पास सोमवार रात करीब 8:20 बजे तेज रफ्तार डंपर और मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार शहनाज बेगम (55) की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला का शव दो हिस्सों में बंट गया। जानकारी के अनुसार, कानपुर कमिश्नरेट के जाजमऊ थाना क्षेत्र के सरैया बाजार निवासी मोहम्मद हसन अपनी पत्नी शहनाज बेगम के साथ बाइक से उन्नाव में रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। हादसे में हसन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

# सिसकियों व आक्रोश के बीच हुई शवों की अंत्येष्टि

## हसनगंज डंपर हादसाः शव गांव पहुंचे तो मचा कोहराम, विधायक व अन्य ने परिजनों को बंधाया ढांढस

संवाददाता हसनगंज उन्नाव


रोते-बिलखते मृतक अशोक के परिजन।


पुलिस से जानकारी लेते विधायक बृजेश रावत।

**अमृत विचारः** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में बीते रविवार गिट्टी लदे डंपर के चाट के ठेले पर पलटने से किसान व किशोर की मौत हो गई थी। सोमवार दोपहर दोनों शव गांव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। कुछ देर रुककर खेतों में शवों का अंतिम संस्कार हुआ। मोहान विधायक बृजेश रावत व भारतीय जनहित महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा देकर ढाढस बंधाया। एसडीएम के मुताबिक मृतकों के परिजनों को सभी अनुमन्य आर्थिक सहायता व योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

बता दें कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के नेवलगंज गांव निवासी कपिल यादव रविवार देरशाम गिट्टी लादकर लखनऊ जा रहा था। तभी लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर नेवलगंज गांव के सामने डंपर अनंत्रित होकर सड़क किनारे चाट के ठेले पर पलट गया। इसमें चाट विक्रेता सहित 4 लोग उसके नीचे दब गए थे। इसमें अशोक व 14 वर्षीय सूरज की दबकर मौत हो गई थी। घायल सलीम लोक बंधु अस्पताल लखनऊ में भर्ती है। वहीं बउवा को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। एसडीएम प्रज्ञा पांडेय ने परिजनों के आवास, नौकरी, विद्यवा पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री राहत दुर्घटना बीमा, दो बीघे जमीन का पट्टा, अंत्योदय राशन कार्ड सहित डंपर चालक पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत व भारतीय जनहित महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद मौर्य ने परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि दोनों शवों का अंतिम संस्कार खेत में करवा दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि कई बार ब्रेकर बनवाने की मांग की गई। लेकिन उसे अनसुना कर दिया गया।

# पिता ने दर्ज कराई दहेज हत्या की रिपोर्ट, पति गिरफ्तार

- प्रेम विवाह कर आई युवती की मौत का मामला

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, **अमृत विचारः** सोशल मीडिया से हुई दोस्ती के बाद प्रेम विवाह करने वाली युवती की गला रेतकर हुई मौत के मामले में पिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके बाद परिजन शव लेकर आजमगढ़ चले गए।

बता दें कि दही थानाक्षेत्र के मुकुंदखेड़ा गांव निवासी विनयदीप लोधी ने आजमगढ़ के जहानागंज नगर पंचायत के वार्ड-12 निवासी सलमा से सोशल मीडिया से हुई दोस्ती के बाद पर जनवरी में कोर्ट मैरिज की थी। रविवार को सलमा का शव रक्तरंजित हालत में उसकी ससुराल में मिला था। पति व सास लक्ष्मी ने चाकू से गला रेतकर आत्महत्या करने की बात बताई थी। लेकिन पोस्टमार्टम में मिली घाव की गहराई हत्या की ओर इशारा कर रही थी। घटना की रात 12 बजे दो गाड़ियों से परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और बताया कि यह लोग दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करते थे। रविवार को दोनों में विवाद हुआ और ससुरालीजनों ने बेटी की हत्या कर दी। सलमा 5 भाई-बहनों में चौथे नंबर की थी। बेटी की मौत से मां जमीला व अन्य परिजन बेहाल हैं। पिता घर पर कढ़ाई का काम करते हैं।

# टीकाकरण में सहयोग नहीं तो कार्रवाई तय

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



बैठक में मातहतों को निर्देशित करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** विकास भवन सभागार में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में डिप्थीरिया व एचपीवी टीकाकरण के क्रियान्वयन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें डीएम ने टीकाकरण के संबंध में होने वाली प्रक्रिया व अभियान के बारे में बिंदुवार जानकारी ली और अभियान चलाकर शत प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश दिये।

डा. नरेंद्र सिंह व डा. स्वेतांशू ने बताया कि अभियान 20 से 30 अप्रैल तक चलेगा। इसमें टीकाकरण टीमें माइक्रोप्लान के अनुसार भ्रमण करेंगी। जिसमें 5 से 6 साल तक के बच्चों को डीपीटी सेकेंड बूस्टर, 10 साल के बच्चों को टीडी-10 व 16 साल के बच्चों को टीडी-16 लगाई जाएगी। बैठक में बताया गया कि विगत अभियान में कुछ निजी विद्यालयों द्वारा शहरी क्षेत्र में टीकाकरण नहीं कराया गया था। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिन विद्यालयों द्वारा टीकाकरण अभियान में सहयोग नहीं किया जाएगा उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एचपीवी वैक्सीन के बारे में बताया कि वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर से बचाव होता है। वर्तमान में सभी ब्लॉक सीएचसी/पीएचसी पर एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध है। जिसे 14 से 15 साल के बीच की बच्चियां लगवा सकती हैं।

- डीएम ने जिला टास्क फोर्स की बैठक में विद्यालयों को चेताया

# चलती कार में लगी भीषण आग वकील ने कूदकर बचाई जान

- सूचना पर पहुंची दमकल ने काफी मशक्कत से बुझाई आग

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचारः** रविवार देरशत उस समय अफरा-तफरी मच गई जब ट्रांस गंगा सिटी के गेट नंबर-3 के पास चलती ऑडी कार में अचानक आग लग गई। कार सवार हाईकोर्ट के अधिवक्ता ने कूदकर अपनी जान बचाई। जबकि देखते ही देखते पूरी कार जलकर खाक हो गई।

कृष्णा नगर थाना चकेरी कानपुर नगर निवासी अधिवक्ता रविकांत उत्तम रविवार रात करीब 12 बजे लखनऊ से कानपुर घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार ट्रांस गंगा सिटी गेट नंबर 3 के पास पहुंची तभी इंजन से धुआं निकलने लगा और डैशबोर्ड से चिंगारी उठने लगीं। कुछ ही क्षणों में कार में आग भड़क उठी और वाहन के दरवाजे लॉक हो गए। जान जोखिम में डालते हुए रविकांत ने शीशा खोलकर छलांग लगा दी। जिससे उनका चेहरा हल्का झुलस गया। सूचना पर गंगा बैराज चौकी इंचार्ज मान सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और फायर ब्रिगेड को बुलाया। फायर ब्रिगेड ने करीब घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि समय रहते चालक की जान बच गई।

## डिवाइन मिशन एण्ड डॉन बॉस्को स्कूल में मनाई गई बाबा साहब की जयंती



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्र।

उन्नाव, अमृत विचार : डिवाइन मिशन एण्ड डॉन बॉस्को स्कूल कल्याणी देवी में भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इसमें एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डॉ. आंबेडकर के जीवन, उनके विचारों व योगदान से प्रेरित करना था। शुभारंभ डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। विद्यार्थियों ने भाषण, कविता व विचार प्रस्तुति से उनके जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति समर्पण व भारतीय संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या प्रतिमा सहाय ने कहा कि डॉ. आंबेडकर केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार ही नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, समानता व शिक्षा के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाने व शिक्षा के माध्यम से जीवन सफल बनाने को प्रेरित किया। इसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों ने डॉ. आंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## भारत विकास परिषद शुक्लागंज शाखा को प्रांतीय स्तर पर मिले कई सम्मान


पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित।

शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार : भारत विकास परिषद ब्रह्मावर्त प्रांत के तत्वावधान में कानपुर के साकेत नगर स्थित ओसियन ग्रैंड होटल में हुए प्रांतीय कार्यक्रम में भारत विकास परिषद शुक्लागंज शाखा को उत्कृष्ट कार्यों के लिए कई पुरस्कार मिले। शाखा को सर्वाधिक सदस्यता अभियान में सर्वोपरि रहने व कंबल वितरण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सराहा गया। विशेष सराहना मिली। इसमें शाखाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र को ऊर्जावान अध्यक्ष सम्मान मिला। उन्हें प्रांतीय व राष्ट्रीय पदाधिकारियों मुकेश जैन, विमलेश अवस्थी, आदित्य शुक्ला, आत्मप्रकाश व गिरीश दीक्षित ने सम्मानित किया। इसके साथ शाखा को कीर्ति स्तम्भ सम्मान दिया गया। जिसे अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र, सचिव राजीव मिश्र, कोषाध्यक्ष अमित पांडेय व आशुतोष शुक्ल ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। संयुक्त सचिव अवनीश शुक्ला भी विशिष्ट कार्यों के लिए सम्मानित हुए।

# अनुशासन व कड़े अभ्यास से ही खिलाड़ी छू सकते आसमान

- शिक्षक विधायक ने बांटे जनपदीय क्रिकेट लीग के पुरस्कार

**उन्नाव, अमृत विचारः** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित श्याम प्रकाश श्रीवास्तव अंडर-23 जनपदीय क्रिकेट लीग का पुरस्कार वितरण समारोह प्रकाश गेस्ट हाउस में हुआ। इसमें शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल व उप्र क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन अरविंद श्रीवास्तव रहे। समापन पर मुख्य व विशिष्ट अतिथि ने विजेता व उप विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन पर आयुष को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मिला। शुभारंभ स्व. श्याम प्रकाश श्रीवास्तव के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय राठी, उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी, महामंत्री पीके मिश्रा, ओम मिश्रा व साकिर ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस मौके पर राज बहादुर सिंह चंदेल ने कहा कि खिलाड़ियों को ग्राउंड पर अभ्यास के लिए समय से पहुंचना चाहिए। यदि आप सच्चे मन व अनुशासन से अभ्यास करेंगे तभी आप प्रदेश व देश के स्तर पर जिले का नाम रोशन कर पाएंगे। अरविंद श्रीवास्तव ने स्व. श्याम प्रकाश जी के खेल प्रेम को याद कर खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने की प्रेरणा दी।

# एई ने कटान निरोधक कार्य का लिया जायजा

शुक्लागंज, उन्नाव


कटान के कार्य के बारे में जानकारी लेते एई। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** उन्नाव शारदा नहर सिंचाई विभाग द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे कटान निरोधक कार्यों में तेजी लाई जा रही है। मिश्रा कॉलोनी व रविदास नगर स्थित मुक्ता घाट पर हो रहे कार्यों का सोमवार को एई अनुराग मिश्रा ने निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया।

बता दें कि मिश्रा कॉलोनी में गंगा कटान रोकने को स्लोप पिचिंग का कार्य हो रहा है। निरीक्षण में एई अनुराग मिश्रा ने कार्य की गुणवत्ता व गति पर संतोष जता कार्यदायी संस्था को जरूरी निर्देश दिए। ताकि कार्य समय से पूरा हो। वहीं रविदास नगर के मुक्ता घाट पर धारा मोड़ने के कार्य की भी शुरुआत हो गई है। इसके लिए ड्रम, पाइप, मट पंप व पोकलैंड समेत जरूरी संसाधन पहुंचा दिए गए हैं। एई ने यहां भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दोनों स्थानों पर चल रहे कार्यों को जून के अंतिम सप्ताह तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए संबंधित संस्था को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

- समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की गई जान

नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर अजगैन रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। अजगैन कस्बा निवासी मो. दानिश (24) पुत्र यासीन शुक्लागंज के गांधी नगर में किराए पर रहता था। वह कानपुर में मेट्रो रेल परियोजना में ठेकेदार के अधीन वेल्डिंग का काम करता था। सोमवार सुबह उसका शव अजगैन रेलवे स्टेशन के पास गोकुल खेड़ा गांव के सामने डाउन लाइन ट्रैक पर पड़ा मिला। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची आरपीएफ व जीआरपी ने ट्रैक से शव हटवाकर रूट क्लियर करा उसकी पहचान कराई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि वह घर से दिल्ली जाने की बात कहकर निकला था। जीआरपी एसओ धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक के ट्रैक पार करते समय मुम्बई-गोरखपुर एक्सप्रेस की चपेट में आने की बात सामने आई है।

## आंबेडकर जयंती पर विद्यार्थी हुए पुरस्कृत


मेधावियों को पुरस्कृत करते प्रबंधक व प्रधानाचार्य।

शुक्लागंज-उन्नाव, अमृत विचार : सोमवार को गंगा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में वंदना सत्र के दौरान डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर सरस्वती प्रतिभा खोज में स्थान प्राप्त छात्र सम्मानित हुए। विद्यालय प्रबंधक राकेश कुमार व प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह ने वेदांश दुबे, वैभवी अवस्थी, विकल्प शुक्ला व यज्ञेश को शील्ड, प्रशस्तिपत्र व नगद धनराशि दी। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर कहा कि प्रतिभा सभी में होती है परिश्रम से सफलता जरूर मिलती है। आदित्य मिश्र ने बाबा साहब के जीवन व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान निर्माता, समाज सुधारक व दलितों-पिछड़ों के मसीहा बताया। उन्होंने सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण व समानता के लिए उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया।

# टीईटी के विरोध में निकाला मशाल जुलूस

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


मशाल जुलूस निकालते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू टेट अनिवार्यता के विरोध में बुधवार को अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के प्रांतीय आह्वान के क्रम में शिक्षकों ने मशाल जुलूस निकाला। इसमें विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर विरोध जताया। मशाल जुलूस पीडब्ल्यूडी परिसर से शुरू होकर आंबेडकर प्रतिमा होते हुए कलक्ट्रेट पहुंचा। जहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया गया। इसमें शिक्षकों ने टेट अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग उठाई गई।

इस दौरान अटेवा के जिला संयोजक अर्पित मिश्रा ने कहा कि यह कानून शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण है इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक संगठन के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार व मांडलिक मंत्री प्रदीप वर्मा ने कहा कि सभी शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक एकजुट होकर इस मुद्दे पर संघर्ष कर रहे हैं और मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर कई शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।

- शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन कर सरकार को चेताया

# महिला आरक्षण बिल ऐतिहासिक कदम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



कार्यक्रम में मौजूद भाजपाई। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में सोमवार को कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का लाइव प्रसारण देखा गया। पीएम ने संसद व विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व पर जोर दिया। बीजेपी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं व नेताओं ने भाग लिया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह पहल नारी शक्ति को राष्ट्र निर्माण में एक प्रमुख भूमिका देने व भाजपा की प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए हुई है। जो 2029 के चुनावों में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करेगी। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने महिला आरक्षण बिल प्रधानमंत्री का एक ऐतिहासिक कदम बताया। दशकों तक महिलाओं को आरक्षण देने के नाम पर केवल राजनीतिक चर्चाएं और वादे होते रहे लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे धरातल पर उतारकर वास्तविक स्वरूप दिया है। इसमें विमला कुरील, किरन सिंह, सविता रावत, अनीता द्विवेदी, किशोरी त्रिवेदी, नीलम सिंह, पुनीता दीक्षित, श्रद्धा बाजपेई, दुर्गा तिवारी, ज्योति तिवारी, प्रीति शर्मा, ममता सिंह, पूजा सिंह, नीतू सिंह, मीडिया प्रभारी विजय द्विवेदी आदि मौजूद रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष आनंद अवस्थी ने किया।

- भाजपाइयों ने देखा 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का लाइव प्रसारण

## पंकज गुप्ता ने कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण


विकास कार्यों का लोकार्पण करते सदर विधायक।

उन्नाव, अमृत विचार : शहर के मोहल्ला एबी नगर उत्तरी में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसमें स्थानीय निवासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक का स्वागत किया। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के मंत्र पर काम कर रही है। ताकि विकास की किरण समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय हमारा क्षेत्र विकास की दौड़ में पीछे छूट गया था। लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से पूरे क्षेत्र में बिना भेदभाव के विकास कार्य हो रहे हैं। विधायक ने जवाहर नगर में सुशील मिश्रा के मकान से पारस गुप्ता के घर होते हुए मेन रोड तक व नीरज की दुकान से गोपेश्वर महादेव मन्दिर होते हुए विकास गुप्ता के घर तक इंटर लाकिंग व नाली निर्माणकार्य और ओमप्रकाश के घर से पालिका गेस्ट हाउस होते हुए पुलिया तक नाली व इंटर लाकिंग कार्य का लोकार्पण किया। कल्याणेश्वर महादेव मन्दिर व दुर्गा मन्दिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बेंच व स्ट्रीट लाइटों का अधिष्ठापन किया। इस दौरान राधा मिश्रा, चंद्रकांत तिवारी, अंकित सोनी, राजू चौरसिया, कुशल शर्मा, शिवम चौरसिया, रामजी सिंह आदि रहे।

कार्य जारी

## 12वें दिन सोमवार को रेल अफसरों की निगरानी में मेगा ब्लॉक के दौरान 45 एचबीम स्लीपर डाले गए

# रेलवे पुल की मरम्मत में आई तेजी, 12 दिन में 34 फीसदी कार्य पूरा

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


रेलवे पुल पर एचबीम स्लीपर लगाने का होता काम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गंगा नदी पर बने रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रही मरम्मत में तेजी देखने को मिल रही है। कार्य के 12वें दिन सोमवार को रेल अफसरों की निगरानी में मेगा ब्लॉक के दौरान 45 एचबीम स्लीपर डाले गए। ब्लॉक समाप्त होने पर ट्रेनों को 15 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गुजारा गया।

रेलवे द्वारा 2 अप्रैल से शुरू किए गए इस कार्य में जर्जर ट्रफ व पुराने स्लीपर हटाकर नए एचबीम स्लीपर लगाए जा रहे हैं। सोमवार को लखनऊ से आए एडीईएन-2 आदि अधिकारियों की मौजूदगी में करीब 200 रेल कर्मियों ने सुबह 9:20 से शाम 5:20 बजे तक लगातार काम किया। इस दौरान स्लीपर डालने के साथ पुल के बीच से शुक्लागंज की ओर डाउन ट्रैक पर पड़ी गिट्टियों को भी हटाया गया। कर्मियों के निरंतर प्रयास का ही परिणाम है कि 12 दिनों में करीब 34 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। अब तक 517 एचबीम स्लीपर लग चुके हैं। पूरे पुल पर करीब 1710 स्लीपर लगने हैं। अधिकारियों का कहना है कि इसी गति से कार्य हुआ तो निर्धारित समय में काम पूरा कर लिया जाएगा।

## आवास विकास रेलवे क्रासिंग पर फाटक की मरम्मत स्थगित, आवागमन जारी


रेलवे क्रासिंग से निकलते लोग। ● अमृत विचार

उन्नाव : लखनऊ-कानपुर-रायबरेली रेलखंड पर आवास विकास कालोनी रेलवे फाटक संख्या 126 पर होने वाला मरम्मत कार्य फिलहाल टल गया है। विभाग की ओर से मशीन उपलब्ध न होने से यह निर्णय लिया गया है। इससे यहां पर सफर करने वाले यात्रियों को फिलहाल राहत मिली है। सेक्शन इंजीनियर महेश मीणा ने बताया कि ट्रैक की मजबूती, ओवरहॉलिंग व मशीन पैकिंग का कार्य प्रस्तावित था। इसके लिए 13 अप्रैल की सुबह से 15 की शाम तक 59 घंटे फाटक बंद करने की योजना थी। लेकिन ऐन वक्त पर मशीन न आने से इसे स्थगित करना पड़ा। मोतीनगर व आवास विकास के बीच स्थित इस फाटक पर पूर्व घोषित बंदी अब लागू नहीं होगी। मशीन उपलब्ध होते ही रेलवे प्रशासन द्वारा नई तारीखों की घोषणा की जाएगी। जब भी कार्य शुरू होगा यात्रियों को ओवरब्रिज का उपयोग करना होगा। रेलवे ने जिला प्रशासन व फोर्स को पहले ही सूचित कर दिया था कि कार्य के दौरान शांति व यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरपीएफ व स्थानीय पुलिस की तैनाती की जाए। हालांकि, अब यह व्यवस्था नई तारीखों के ऐलान के समय प्रभावी होगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनी आंबेडकर जयंती


बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रधानाचार्य।

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को वंदना सत्र के बाद संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इसमें प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने बाबा साहत के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि बाबा साहब एक सच्चे देशभक्त थे। जिन्होंने देशहित में जनकल्याणकारी संविधान का निर्माण किया। उनके योगदान को देश सदैव याद रखेगा। हिंदी प्रवक्ता श्याम नारायण मिश्र ने भी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और छात्रों को उनके जीवन, कृतित्व व व्यक्तित्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस मौके पर रविशंकर श्रीवास्तव समेत विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# अमृत विचार

मंगलवार, 14 अप्रैल 2026




अगर आप नई चीजें नहीं आजमाएंगे, तो आप पीछे रह जाएंगे।
**-आशा भोसले,** गायिका



# आशा भोसले का जाना

आशा भोसले अब हमारे बीच नहीं रहीं। भारतीय संगीत जगत के लिए यह गहरा आघात है। उनके निधन के साथ एक ऐसा युग विदा हुआ, जिसने हिंदी फिल्म संगीत को बहुरंगी, जीवंत और अत्यंत प्रयोगशील बनाया। आशा भोसले मात्र एक पार्श्व गायिका नहीं थीं, बल्कि वे स्वर की वह अनूठी साधिका थीं, जिन्होंने अपने गाये हर गीत में जीवन फूंक दिया। 8 सितंबर 1933 को जन्मी आशा भोसले ने अत्यंत कम उम्र में ही संगीत की दुनिया में जब कदम रखा, तब उनके जीवन में संघर्ष कम नहीं थे, परंतु उनकी जिजीविषा और प्रतिभा ने उन्हें शिखर तक पहुंचाया। उस दौर में जब लता मंगेशकर का प्रभुत्व था, आशा भोसले ने अपनी अलग पहचान बनाने का कठिन मार्ग चुना और उसमें सफल भी हुईं।

विविधता उनकी गायकी की सबसे बड़ी विशेषता थी। वे किसी एक शैली में सीमित नहीं रहीं। चाहे वह शास्त्रीयता से सजी ठुमरी हो, मस्ती से भरा कैबरे गीत, दर्द से भीगी ग़ज़ल या फिर लोकधुनों से प्रेरित गीत, हर शैली में उन्होंने अपनी अलग छाप छोड़ी। 'पिया तू अब तो आजा', 'दम मारो दम', 'इन आंखों की मस्ती' जैसे गीत लोकप्रिय होने के साथ यह स्थापित भी करते हैं कि वे हर रंग में ढल सकती हैं। आशा जी की एक और विशेषता थी, उनकी प्रयोगशीलता। उन्होंने नए संगीतकारों, नR ध्वनियों और आधुनिक वाद्ययंत्रों को खुले मन से अपनाया। ओपी नैयर, आरडी बर्मन जैसे संगीतकारों के साथ उनकी जुगलबंदी ने हिंदी फिल्म संगीत को एक नई दिशा दी। आरडी बर्मन के साथ उनका रचनात्मक रिश्ता तो मानो भारतीय पॉप और फिल्म संगीत का स्वर्णिम अध्याय बन गया। जहां लता मंगेशकर को 'स्वर कोकिला' कहा गया, वहीं आशा भोसले को 'बहुरंगी स्वर की जादूगरनी' कहना अधिक उचित होगा। उन्होंने उन गीतों को भी स्वीकार किया, जिन्हें अन्य गायिकाएं गाने से हिचकती थीं और उन्हें अमर बना दिया। यही साहस और जोखिम उठाने की क्षमता उन्हें विशिष्ट बनाती है। फिल्मी संगीत के साथ-साथ आशा भोसले ने ग़ज़ल, भजन, पॉप और अंतर्राष्ट्रीय संगीत में भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने उस्तादों के साथ गाकर यह सिद्ध किया कि वे केवल फिल्मी गायिका नहीं, बल्कि एक गंभीर और प्रशिक्षित कलाकार भी हैं। उनकी आवाज़ में जो लचीलापन, भावनात्मक गहराई और अभिव्यक्ति की शक्ति थी, वह आज भी दुर्लभ है।

उनका योगदान केवल गीतों तक सीमित नहीं है, वरन् उन्होंने भारतीय संगीत की सीमाओं को विस्तारित किया। उन्होंने यह दिखाया कि एक कलाकार परंपरा और आधुनिकता दोनों को साथ लेकर कैसे चल सकता है। यही कारण है कि आज भी नई पीढ़ी के गायक-गायिकाएं उन्हें आदर्श मानते हैं। उनके निधन के साथ एक खालीपन जरूर पैदा हुआ है, लेकिन उनका संगीत अमर है। हर पीढ़ी उनके गीतों में अपनी भावनाओं का प्रतिबिंब देखती रहेगी। वे केवल अपने समय की नहीं, बल्कि हर समय की गायिका थीं। आशा भोसले का जीवन हमें यह सिखाता है कि प्रतिभा तभी महान बनती है, जब उसमें साहस, प्रयोग और निरंतर सीखने की भूख जुड़ जाए। उनका जाना एक युग का अंत है, लेकिन उनका संगीत हमेशा जीवित रहेगा, हर दिल में, हर सुर में।

## प्रसंगवश

# अंबेडकर दिवस: समानता का सपना व वर्तमान समय

महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, विधि वेत्ता, विचारक, भारतीय संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर ज्ञान के महर्षि थे। वेवरले निकोलस नाम के पत्रकार ने 1914 में उनकी गणना भारत के प्रथम श्रेणी के विद्वानों में की थी। वे निपुण राजनीतिज्ञ थे, परंतु उनकी राजनीतिक योग्यता में विद्वता की स्पष्ट झलक थी। राजनीति में कदम-कदम पर बेईमानी दिखने पर भी उन्होंने सत्य का साथ कभी नहीं छोड़ा। वे अभिमान से कहा करते थे कि मैनें कभी गंदी राजनीति नहीं की। वे अहिंसा के प्रवर्तक थे। उनका यह स्पष्ट मत था कि बिना सत्य के अहिंसा का कोई अर्थ नहीं है। नींद में सुन्न पड़े रहना अहिंसा नहीं कहलाता। अहिंसा हो तो शेर की। उन्हें बलवान की अहिंसा पसंद थी, इसलिए उन्होंने बर्ट्रांड रसेल की अहिंसा का कौतुक किया है।

महाड़ सत्याग्रह के समय उनके साथ बहादुर सैनिक होते हुए भी तथा अपने ऊपर हिंसक हमला होने पर भी उन्होंने अपने अनुयायियों को हिंसक प्रतिकार से दूर रहने का आदेश दिया था। डॉ. अम्बेडकर वाकपटुता के धनी थे। साधारण व्यक्तियों से बातचीत करने की उनकी सामान्य भाषा और विद्वानों के समक्ष विद्वतापूर्ण भाषा। जनसभा में बोलने के लिए जब वे खड़े होते, तो लाखों लोगों को खामोश कर देने वाली मोहनी उनकी वाणी में थी, लेकिन जब वे संसद भवन में सांसदों के सामने बोलते तो धुरंधर सभा भी मोहित होकर घंटों उनका भाषण सुनती और उनकी वाणी के प्रभाव के कारण गर्दन हिलाती।



डॉ. सुभाष चंद्र
रुहेलखंड यूनिवर्सिटी

उनकी संगठन शक्ति और कुशलता के बारे में तो प्रश्न ही नहीं उठ सकता था। पहले उन्होंने अस्पृश्यों में आत्मविश्वास जगाने और उसका बोध पैदा कर देने वाले आंदोलनों को चलाया। खेतिहर मजदूरों एवं मिल मजदूरों के संगठन स्थापित किए। लोगों के विचारों को झकझोरने के लिए अखबार चलाए। विरोधियों की आलोचनाओं का सामना किया। स्वाभिमान एवं स्वावलंबन, लाचारी से न जीने का निश्चय, अपना रास्ता खुद खोज निकालने का फैसला, जो भी दिशा दिखे उससे अपना उत्कर्ष करने का निश्चय, शिक्षा और आर्थिक तथा सामाजिक समता पाने के लिए संघर्ष- यह सारी सफलताएं अंबेडकर के आंदोलन की विशेषताएं थीं।

अंबेडकर केवल बातूनी विचारक नहीं थे। वे किसी भी सुधार को किस तरह से अमल में लाया जाए, इस पर भी खूब सोचते थे। उन्होंने अंतर्जातीय विवार को प्रोत्साहन दिया तथा खुद भी अंतर्जातीय विवाह किया। वे सारे भारतीय अस्पृश्यों एवं महिलाओं की भलाई के बारे में सोचते थे। श्रम मंत्री बनते ही उन्होंने इस अवसर का उपयोग करते हुए मजदूरों के कल्याण के लिए कानून बनवाए। वे अपने आपको पहले भारतीय मानते थे और आखिर में भी भारतीय ही समझते थे। अपनी इस भारतीयता पर उन्होंने धार्मिकता का पुट कभी नहीं चढ़ने दिया। उनके रोम-रोम में प्रजातंत्र की प्रक्रति समायी हुई थी।

आपको कभी भी किसी पद की लालसा नहीं रही और न ही संपत्ति का मोह रहा। आपका व्यक्तित्व तूफान के समान था। आपने हिंदू समाज को सुधारने के लिए अपने विचारों द्वारा अथक प्रयास किए। उन्होंने प्रजातंत्र को जीवन का मूल्य बनाकर समाज को उन्नत करने का भरसक प्रयास किया तथा राजनीतिक प्रजातंत्र को सामाजिक प्रजातंत्र बनाने का सपना चित्रित किया था। आपने हजारों दरारों से भरे भारत रूपी इमारत का पुनरुत्थान करने का प्रयत्न किया था तथा देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए संविधान रूपी तोहफा दिया। अस्तु इसको संभालने का पूर्ण दायित्व हमारा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# अमेरिका-ईरान वार्ता फेल होने का अर्थ और भविष्य





सौरभ वार्ष्णेय
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका और ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता का असफल होना केवल दो देशों के रिश्तों में दरार भर नहीं है, बल्कि इसका असर पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता, वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति पर पड़ने वाला है। यह विफलता कई स्तरों पर गंभीर संकेत देती है। यह पश्चिम एशिया की जटिल भू-राजनीति, अविश्वास और क्षेत्रीय शक्तियों की प्रतिस्पर्धा का भी प्रतिबिंब है। ऐसे में यह कहना कि इस विफलता के लिए पाकिस्तान पूरी तरह जिम्मेदार है, एक अतिसरलीकरण होगा, हालांकि उसकी भूमिका को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता।

लेबनान में इजरायल बमबारी कर रहा था, जिस पर ईरान ने अपना विरोध दर्ज कराया था। वहीं ईरान की दस सूत्री बातें जो कि अमेरिका शुरू से मानने से इंकार कर रहा था। अब ऐसे में वार्ता हुई, तो बताया जा रहा है कि पाकिस्तान ने एक-दूसरे देश की बातें साझा की, जो वार्ता का हल ही अस्पष्ट कर देती है। पाकिस्तान से जाते समय अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी बेंस ने भी वार्ता फेल होने की जानकारी दी। इस शांति वार्ता के फेल होने के निहितार्थ हैं।

सबसे पहले, यह क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ाने का संकेत है। पहले से ही इजऱायल, लेबनान, यमन और खाड़ी क्षेत्र में तनाव मौजूद है। ऐसे में वार्ता का टूटना टकराव की संभावना को और बढ़ा सकता है। ईरान समर्थित समूहों और अमेरिका समर्थित शक्तियों के बीच परोक्ष संघर्ष तेज हो सकता है। दूसरा बड़ा प्रभाव वैश्विक तेल बाजार पर पड़ सकता है। ईरान एक बड़ा तेल उत्पादक देश है और उस पर लगे प्रतिबंधों में ढील की उम्मीद से बाजार में संतुलन बन सकता था, लेकिन वार्ता विफल होने से तेल की कीमतों में अस्थिरता बढ़ सकती है, जिसका असर भारत जैसे आयातक देशों पर सीधे पड़ेगा।

अमेरिका-ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता का असफल होना केवल दो देशों के रिश्तों में दरार भर नहीं, बल्कि इसका असर पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता, वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति पर पड़ने वाला है।

तीसरा, यह अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति की सीमाओं को उजागर करता है। वर्षों से चल रही बातचीत के बावजूद यदि कोई ठोस परिणाम नहीं निकलता, तो यह दर्शाता है कि आपसी अविश्वास और राजनीतिक हित शांति के रास्ते में बड़ी बाधा बने हुए हैं। इससे भविष्य में अन्य वैश्विक वार्ताओं पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। चौथा, परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंताएं और बढ़ेंगी। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने का उद्देश्य इस वार्ता का मुख्य आधार था। अब इसके विफल होने से परमाणु हथियारों की होड़ तेज होने का खतरा है, जिससे वैश्विक सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग सकता है। यह विफलता एक चेतावनी है कि केवल बातचीत की मेज पर बैठना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि विश्वास निर्माण और ठोस राजनीतिक इ'छाशक्ति भी जरूरी है। यदि विश्व शक्तियां समय रहते समाधान नहीं निकाल पातीं, तो इसका खामियाजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ सकता है।

वहीं पाकिस्तान की भूमिका की बात की जाए, तो पाकिस्तान लंबे समय से अमेरिका और ईरान दोनों के साथ संतुलन साधने की कोशिश करता रहा है। एक ओर वह अमेरिका का रणनीतिक साझेदार रहा है, वहीं दूसरी ओर ईरान के साथ उसकी भौगोलिक निकटता और ऊर्जा हित जुड़े हुए हैं। हाल के वर्षों में पाकिस्तान ने मध्यस्थ की भूमिका निभाने की इच्छा जताई है, लेकिन उसकी आंतरिक अस्थिरता, सीमित कूटनीतिक प्रभाव और सुरक्षा चुनौतियां उसे एक प्रभावी मध्यस्थ बनने से रोकती हैं।

इसके अलावा, पाकिस्तान की भूमिका को लेकर संदेह भी बना रहता है। अमेरिका को यह आशंका रही है कि पाकिस्तान क्षेत्र में अपने हितों को साधने के लिए ईरान के साथ दोहरी नीति अपनाता है, जबकि ईरान भी पाकिस्तान की सऊदी अरब के साथ निकटता को लेकर सतर्क रहता है। ऐसे में यदि वार्ता के दौरान पाकिस्तान की कोई अप्रत्यक्ष भूमिका रही भी हो, तो वह निर्णायक नहीं कही जा सकती।

वास्तव में, अमेरिका और ईरान के बीच अविश्वास की खाई बहुत गहरी है। परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंध और क्षेत्रीय प्रभाव को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से टकराव चला आ रहा है। इन मूल मुद्दों का समाधान किए बिना किसी तीसरे देश को दोष देना वास्तविकता से मुंह मोड़ने जैसा होगा। पाकिस्तान इस कूटनीतिक परिदृश्य में एक सीमित और परोक्ष भूमिका निभाता है, लेकिन वार्ता की विफलता का मुख्य कारण नहीं है। यह विफलता अधिकतर अमेरिका और ईरान के बीच गहरे मतभेदों और पारस्परिक अविश्वास का परिणाम है, जिसे किसी एक बाहरी कारक पर थोपना न तो उचित है और न ही व्यावहारिक।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका का ईरान के प्रति रुख एक जटिल रणनीतिक संतुलन पर टिका हुआ दिखाई देता है। एक ओर वह प्रत्यक्ष युद्ध से बचना चाहता है, तो दूसरी ओर ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियों और परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर सख्त नियंत्रण भी बनाए रखना चाहता है। यही द्वंद्व आने वाले समय में उसकी नीति की दिशा तय करेगा। सबसे पहले, अमेरिका की प्राथमिकता पूर्ण युद्ध से बचाव है। इराक और अफगानिस्तान जैसे लंबे और महंगे सैन्य अभियानों के अनुभव ने उसे सिखाया है कि मध्य-पूर्व में सीधा युद्ध केवल अस्थिरता बढ़ाता है, इसलिए वह ईरान के साथ सीधे सैन्य टकराव के बजाय नियंत्रित दबाव की नीति अपना रहा है।

दूसरा, अमेरिका आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंधों को और सख्त कर सकता है। ईरान के तेल निर्यात, बैंकिंग प्रणाली और रक्षा सहयोग पर रोक लगाकर वह उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने की कोशिश करेगा। साथ ही, वह यूरोपीय देशों और खाड़ी सहयोगियों को भी अपने साथ जोड़कर एक संयुक्त मोर्चा बनाने की दिशा में काम करेगा। तीसरा, अमेरिका की रणनीति में प्रत्यक्ष नहीं, परोक्ष सैन्य उपस्थिति भी महत्वपूर्ण रहेगी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने



समाजवादी पार्टी गुंडों-माफिया द्वारा पोषित पार्टी है। अगर मुसलमान अपना नेता चुन लें और सपा जातिवादी राजनीति छोड़ दे, तो सपा के लिए दरी बिछाने वाला कोई नहीं होगा। सपा दो टके की पार्टी रह जाएगी।

**-ब्रजेश पाठक**
डिप्टी सीएम
उत्तर प्रदेश सरकार

## सामने

हार की हताशा, बिगाड़ती है भाषा। इनके कुवचनों पर हम क्रोध नहीं करेंगे, बल्कि सहानुभूति रखते हैं, क्योंकि आजकल ये अस्त-व्यस्त और असंतुलित चल रहे हैं। इनका मंत्रालय कौन सा है, इन्हें यह भी याद नहीं होगा।

**-अखिलेश यादव**
सपा मुखिया



# क्या फिक्स्ड इनकम बनेगा सुरक्षित विकल्प!



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अभूतपूर्व अनिश्चितता से गुजर रहा है। ईरान-इज़राइल-अमेरिका के बीच तनाव ने न केवल भू-राजनीतिक संतुलन को प्रभावित किया है, बल्कि इसका सीधा असर ऊर्जा आपूर्ति, महंगाई, मुद्रा और निवेश बाजारों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की कीमतें हाल के समय में 110–120 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के आसपास बनी हुई हैं और यदि संघर्ष लंबा खिंचता है, तो इनके 150 डॉलर के पार जाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। भारत जैसे देश, जो अपनी कुल तेल आवश्यकता का लगभग 88% आयात करते हैं, इस स्थिति से सीधे प्रभावित हो रहे हैं।

ऊर्जा की बढ़ती कीमतों का असर आम उपभोक्ता तक तेजी से पहुंच रहा है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ रही है, जिससे खाद्य पदार्थों, उर्वरकों और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो रही है। परिणामस्वरूप, महंगाई दर 5–6% के दायरे में बनी हुई है और कई विशेषज्ञ इसे और बढ़ने की संभावना जता रहे हैं। यदि यह स्थिति जारी रहती है, तो भारत की आर्थिक वृद्धि दर जो पहले 7% के आसपास अनुमानित थी, वह घटकर 6–6.5% तक आ सकती है। इन परिस्थितियों का सीधा असर शेयर बाजारों पर भी देखा जा रहा है। भारतीय शेयर बाजारों में हाल के महीनों में अस्थिरता बढ़ी है और निवेशकों का भरोसा कुछ कमजोर हुआ है। वोलैटिलिटी इंडेक्स 25 के ऊपर बना हुआ है, जो यह संकेत देता है कि बाजार में जोखिम का स्तर ऊंचा है। विदेशी निवेशकों द्वारा पूंजी निकालने और वैश्विक अनिश्चितता के कारण बाजार में गिरावट का दबाव बना हुआ है।

ईरान-अमेरिका तनाव ने न केवल भू-राजनीतिक संतुलन को प्रभावित किया है, बल्कि इसका सीधा असर ऊर्जा आपूर्ति, महंगाई, मुद्रा और निवेश बाजारों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

दूसरी ओर, पारंपरिक सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोना और चांदी भी इस बार निवेशकों को स्पष्ट दिशा नहीं दे पा रहे हैं। सोने की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। कभी यह तेज चढ़ाव के करीब पहुंच जाता है, तो कभी इसमें अचानक गिरावट आ जाती है। चांदी भी औद्योगिक मांग और वैश्विक आर्थिक सुस्ती की आशंकाओं के कारण अत्यधिक अस्थिर बनी हुई है। ऐसे में निवेशकों के सामने यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर सुरक्षित निवेश का विकल्प क्या है।

इसी परिदृश्य में फिक्स्ड इनकम निवेश, जैसे- बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट, सरकारी बॉन्ड, पब्लिक प्रोविडेंट फंड और पोस्ट ऑफिस योजनाएं एक बार फिर निवेशकों की प्राथमिकता बनते नजर आ रहे हैं। वर्तमान समय में फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरें 6.5% से 7.5% के बीच हैं, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह 8% तक पहुंच रही हैं। इसके अलावा, सरकारी बॉन्ड और छोटी बचत योजनाएं भी स्थिर और अपेक्षाकृत सुरक्षित रिटर्न प्रदान कर रही हैं।

फिक्स्ड इनकम निवेश का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें पूंजी की सुरक्षा होती है और निवेशक को निश्चित रिटर्न मिलता है। जब बाजार में अस्थिरता बढ़ती है, तो निवेशक जोखिम से बचने के लिए ऐसे विकल्पों की ओर रुख करते हैं। यही कारण है कि वर्तमान समय में डेट म्यूचुअल फंड, बॉन्ड और फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश बढ़ रहा है, हालांकि यह समझना भी आवश्यक है कि केवल फिक्स्ड इनकम निवेश पर निर्भर रहना एक दीर्घकालिक रणनीति नहीं हो सकती। बढ़ती महंगाई के कारण वास्तविक रिटर्न कम हो जाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी निवेश पर 7% रिटर्न मिल रहा है और महंगाई 6% है, तो वास्तविक लाभ केवल 1% ही रह जाता है, इसलिए निवेशकों को संतुलित दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है।

वर्तमान परिस्थितियों में एक सामान्य भारतीय निवेशक के लिए सबसे उपयुक्त रणनीति 'डायवर्सिफिकेशन' है। कुल निवेश का लगभग 40–50% हिस्सा फिक्स्ड इनकम साधनों में रखना चाहिए, जिससे स्थिर आय और पूंजी सुरक्षा बनी रहे। वहीं 20–30% निवेश इक्विटी या इक्विटी म्यूचुअल फंड में SIP के माध्यम से किया जा सकता है, ताकि लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण हो सके। सोने में 10–15% निवेश केवल जोखिम संतुलन के लिए करना चाहिए, जबकि शेष राशि लिक्विड फंड या बचत खाते में रखी जानी चाहिए। इसके साथ ही निवेशकों को अपने वित्तीय जीवन में 'लिक्विडिटी' को प्राथमिकता देनी चाहिए। वर्तमान वैश्विक संकट के कारण किसी भी समय आर्थिक स्थिति बदल सकती है, ऐसे में 12 से 24 महीने के खर्च के बराबर आपातकालीन फंड रखना अत्यंत आवश्यक है। यह फंड निवेशक को अचानक आने वाले संकट से बचाने में मदद करता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि निवेशकों को भावनात्मक निर्णय लेने से बचना चाहिए। बाजार में गिरावट के समय घबराकर निवेश निकालना और तेजी के समय बिना सोच-समझ के निवेश करना नुकसानदेह हो सकता है। (यह लेख केवल शैक्षिक उद्देश्य के लिए है, निवेश से पहले विशेषज्ञ की सलाह अवश्य लें।)

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# आशा और दीदी

लता जी को ज़िंदगी में बेशुमार यश मिला, उनका नाम सदा इज़्ज़त से लिया गया। पर आशा जी की कहानी तो मसालों भरी थी न। पिता दीनानाथ मंगेश्कर के जाने के बाद मंगेशकर फ़ैमिली के सिर आर्थिक दुश्वारियां तो आई हीं। लता जी तब 15-16 साल की ही तो थीं, जब उनको घर संभालने के लिए इंडस्ट्री में उतरना पड़ा।



सिद्धार्थ 'सहर'
लेखक

वहीं बड़ी बहन से चार साल छोटी आशा भोसले भी तब मात्र 16 साल की थीं, जब लता जी के 36 वर्षीय सेक्रेटरी गणपतराव भोसले से शादी करने के लिए उन्होंने घर ही छोड़ दिया। आनन-फानन की गई शादी कब रोज़ के लफड़े-झगड़े में बदल गई, आशा ताई को अंदाज़ा न हुआ।

1955 के आसपास ज़िंदगी में ओपी नय्यर के रूप में उन्हें जो म्यूज़िक डायरेक्टर मिला, वो किसी देवता से कम क्या लगता होगा! लेकिन म्यूजिक स्टूडियो के देवता के बाद घर पर पति के रूप में जो था, उससे रिश्ता कमज़ोर होने लगा। भोसले, आशा जी को काम करते नहीं देख पा रहा था।

मात्र 10 साल चली इस शादी से जब तीसरी औलाद होने को थी, तब डोमेस्टिक अब्यूज़ से परेशान होकर आशा ताई लौट आईं अपने घर और फिर कभी मुड़कर नहीं गईं, लेकिन तब के समय में शादी तोड़ने के बाद जो प्रताड़ना मिली होगी उन्हें, उसका आइडिया भी नहीं होगा आज किसी को।

शायद ये भी एक वजह थी कि लता और आशा के बीच प्रेम नगण्य होने लगा था। पर अंधेरी रात की सुबह ओपी के संग हुई, तो 15 साल चली, पर आखिर यहां भी रिश्तों में ब्रेक लगने ही थे, क्योंकि ओपी पहले से शादीशुदा थे, सो ब्रेक लगे... आशा जी ने ओपी के साथ जो आखिरी गीत रिकार्ड किया था, उसके बोल बड़े दिलचस्प थे– 'चैन से हमको कभी, आपने जीने न दिया, ज़हर भी चाहा अगर, पीना तो पीने न दिया'

ओपी नय्यर पर ज़बरदस्त किताब लिख चुके पराग डिमरी साहब बताते हैं कि इस गाने की रिकॉर्डिंग में आशा जी फूट-फूटकर रोईं कि तब जो स्टूडियो से निकलीं तो फिर कभी ओपी से नहीं मिलीं।

फिर उनका साथ पंचम दा के साथ बनने लगा था। 1980 में आशा ताई ने पंचम दा से शादी कर ली। धीरे-धीरे लता जी से भी उनके रिश्ते सुधरने लगे। क्या इत्तेफ़ाक़ है कि चार साल पहले, लता जी भी 92 वर्ष की आयु में शरीर से मुक्त हुई थीं, आज आशा ताई की उम्र भी 92 वर्ष ही थी, जब उनका देहावसान हुआ।

**-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# रक्षा उत्पादन और निर्यात में आत्मनिर्भरता

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता से देश के रक्षा उत्पादन में करिश्माई बढ़ोतरी हुई है, और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या भी बढ़ी है। देश के सभी 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (डीपीएसयू) सीमाओं की सुरक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में मजबूत स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का कुल रक्षा उत्पादन सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचकर 1.51 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया। इसमें डीपीएसयू और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों की हिस्सेदारी करीब 77% तक रही है। आंकड़ों के अनुसार, केवल 16 डीपीएसयू ने मिलकर इस उत्पादन में 1.16 ट्रिलियन रुपये से अधिक का योगदान दिया है। इसके चलते डीपीएसयू के उत्पादन में भी 16% की वृद्धि सामने आई है।

भारत के रक्षा उत्पादन में (डीपीएसयू) का योगदान काफी महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' जैसी पहल के माध्यम से देश अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भरता कम कर रहा है और इस काम में डीपीएसयू आधार स्तंभ बनकर आगे बढ़ रहे है। यही नहीं, देश के बढ़ते रक्षा निर्यात में भी डीपीएसयू महत्वपूर्ण योगदान कर रहे है। वर्ष 2024-25 में कुल 23,622 करोड़ के रिकॉर्ड निर्यात में डीपीएसयू का हिस्सा 8,389 करोड़ रुपये रहा है। इस तरह डीपीएसयू के निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में 42.85% की वृद्धि दर्ज की गई है।



डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

यह आंकड़ा भारतीय रक्षा उत्पादों की वैश्विक स्वीकार्यता को दर्शाता है। वर्तमान में डीपीएसयू न केवल लड़ाकू विमान (तेजस), मिसाइल (आकाश), और युद्धपोत जैसे जटिल प्लेटफार्मों का निर्माण कर रहे हैं, बल्कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र भी तैयार कर रहे हैं। सरकार 2029 तक कुल रक्षा उत्पादन को रुपये तीन लाख करोड़ तक ले जानी की दिशा में काम कर रही है, जिसमें डीपीएसयू की भूमिका को आधारशिला के रूप में देखा जा रहा है।

मौजूद वैश्विक हालात जिसमें रूस-यूक्रेन युद्ध, मिडिल ईस्ट देशों में युद्ध और पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव तथा चीन की बढ़ती ताकत को देखते हुए देश की सामरिक जरूरतों को पूरा करने के साथ डीपीएसयू ने महत्वपूर्ण तकनीकों के तीव्र स्वदेशीकरण, समग्र आरएंडडी, उत्पाद गुणवत्ता सुधार, समयबद्ध डिलीवरी और निर्यात वृद्धि पर अपना फोकस बढ़ा दिया है। भारत सरकार भी इस बात पर जोर दे रही है कि डीपीएसयू स्पष्ट आरएंडडी और इंडिजेनाइजेशन रोडमैप तैयार करें।

भारत वर्तमान में अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया सहित 100 से अधिक देशों को रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहा है। बढ़ते निवेश, नीति सुधारों और डीपीएसयू के साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी ने निर्यात को गति प्रदान की है। देश में 16,000 से अधिक एमएसएमई इकाइयां रक्षा विनिर्माण में सक्रिय हैं, जो ड्रोन्स से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक कई महत्वपूर्ण तकनीकों का निर्माण कर रही हैं। इसके चलते रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी भी बढ़कर करीब 23% तक पहुंच गई है। इसे देखते हुए भारत सरकार ने अगले तीन वर्षों में तीन लाख करोड़ रुपये के उत्पादन के साथ 50,000 करोड़ रुपये के निर्यात का बड़ा लक्ष्य तय किया है। इसी के तहत साल 2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया गया था। सरकार का उद्देश्य देश के सशस्त्र बलों को तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध के लिए तैयार अभेद्य सैन्य शक्ति में बदलना है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# धर्म, शौर्य व तप के आदर्श भगवान परशुराम



भारतीय सनातन परंपरा में भगवान परशुराम का स्थान अत्यंत विशिष्ट है। वे भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं और ऐसे एकमात्र चिरंजीवी हैं। भगवान परशुराम का उल्लेख रामायण, महाभारत, भागवत पुराण और कल्कि पुराण इत्यादि अनेक ग्रंथों में किया गया है। उनका व्यक्तित्व तप, शौर्य, न्याय और सामाजिक संतुलन का प्रतीक है। उनका जीवन केवल युद्धकथा नहीं, अपितु अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, मर्यादा की स्थापना और धर्म की पुनर्स्थापना का प्रेरक इतिहास है। कहा जाता है कि भारत के अधिकांश ग्राम उन्हीं के द्वारा बसाए गए। वे भार्गव गोत्र की सबसे आज्ञाकारी संतानों में से एक थे। वे सदैव अपने गुरुजन और माता-पिता की आज्ञा का पालन करते थे।



गौरीशंकर वैश्य विनम्र
लखनऊ

भगवान परशुराम का जन्म महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के घर हुआ। उनका नाम 'राम' था, परंतु हाथ में परशु (कुल्हाड़ी) धारण करने के कारण वे 'परशुराम' कहलाए। उनका जन्म त्रेतायुग में हिंदू कैलेंडर के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया (अक्षय तृतीया) को माना जाता है, (जो इस वर्ष 19 अप्रैल को है)। बाल्यकाल से ही वे विलक्षण प्रतिभा, कठोर अनुशासन और अद्भुत तेज से युक्त थे। गुरु दत्तात्रेय और महादेव शिव से उन्हें दिव्य अस्त्र-शस्त्रों तथा युद्धविद्या का ज्ञान प्राप्त हुआ। शिव से प्राप्त दिव्य परशु उनके जीवन का प्रमुख प्रतीक बन गया।

श्रीमद्भागवत में दृष्टांत है कि गंधर्वराज चित्ररथ को अप्सराओं के साथ विहार करते देख, हवन हेतु जल लेने गई रेणुका आसक्त हो गईं और कुछ देर वहीं रुक गईं। हवन काल व्यतीत हो जाने से क्रुद्ध मुनि जमदग्नि ने अपनी पत्नी के आर्य-मर्यादा विरोधी आचरण करने के दंडस्वरूप पुत्रों को माता रेणुका का वध करने की आज्ञा दी। अन्य सभी भाइयों द्वारा ऐसा दुस्साहस न कर पाने पर पितृभक्त परशुराम ने उनकी आज्ञानुसार माता का वध कर दिया। उन्हें बचाने हेतु आए अपने समस्त भाइयों का भी वध कर दिया। उनके इस कार्य से प्रसन्न होकर पिता जमदग्नि ने जब उनसे वर मांगने के लिए कहा, तो परशुराम ने सभी के पुनर्जीवित होने एवं उनके द्वारा वध किए जाने संबंधी स्मृति नष्ट हो जाने का वर मांगा। परशुराम का काल ऐसा समय था, जब क्षत्रिय वर्ग के कुछ राजा शक्ति, वैभव और सत्ता के मद में अन्याय, अत्याचार और अधर्म की ओर प्रवृत्त हो गए थे। राज्य सत्ता का दुरुपयोग बढ़ने लगा था। राजा कार्तवीर्य अर्जुन (सहस्रार्जुन) का उदाहरण इतिहास में विशेष रूप से मिलता है, जिसने महर्षि जमदग्नि के आश्रम में अत्याचार किया और अंततः उनकी हत्या कर दी। यह घटना परशुराम के जीवन में निर्णायक मोड़ सिद्ध हुई।

पिता की हत्या से व्यथित होकर परशुराम ने प्रतिज्ञा ली कि वे धरती से अधर्मी क्षत्रियों का उन्मूलन करेंगे। उन्होंने इक्कीस बार पृथ्वी को क्षत्रिय विहीन करने का संकल्प पूरा किया। यह कथन केवल रक्तपात का नहीं, अपितु सत्ता के दुरुपयोग के विरुद्ध चेतावनी और सामाजिक संतुलन की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। उन्होंने अश्वमेध महायज्ञ किया और सप्तद्वीप युक्त पृथ्वी महर्षि कश्यप को दानकर दी। केवल इतना ही नहीं। उन्होंने देवराज इंद्र के समक्ष अपने शस्त्र त्याग दिए और सागर द्वारा छोड़े गए भूभाग महेन्द्र पर्वत पर आश्रम बनाकर तपस्या में लीन हो गए।

भगवान परशुराम का पराक्रम अद्वितीय था। उनका शौर्य केवल बाहुबल तक सीमित नहीं था, अपितु उसमें नैतिक साहस और न्यायबोध निहित था। परशुराम ने यह सिद्ध किया कि शक्ति का प्रयोग तभी सार्थक है, जब वह धर्म के संरक्षण हेतु हो। महाभारत काल में भी परशुराम का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। वे भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महान योद्धाओं के गुरु रहे। भीष्म के साथ उनका युद्ध परशुराम के अदम्य शौर्य का परिचायक है। यद्यपि यह युद्ध किसी की पराजय के लिए नहीं, अपितु गुरु-शिष्य और धर्म-प्रतिष्ठा की परीक्षा के रूप में देखा जाता है।

परशुराम केवल योद्धा ही नहीं, अपितु महान तपस्वी और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने ब्राह्मण और क्षत्रिय दोनों वर्गों को उनके कर्तव्यों का बोध कराया। उनके जीवन से यह संदेश मिलता है कि जन्म से नहीं, कर्म से व्यक्ति की पहचान होती है। केरल की भूमि के निर्माण की कथा भी परशुराम से जुड़ी है। मान्यता है कि उन्होंने समुद्र को पीछे हटाकर नई भूमि का निर्माण किया और वहां धर्म, शिक्षा तथा संस्कृति की स्थापना की। इस कारण केरल में आज भी परशुराम को 'भूमि के जनक' के रूप में श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाता है। भगवान परशुराम का जीवन आज के युग में भी अत्यंत प्रासंगिक है। वे सिखाते हैं कि अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना ही सच्चा धर्म है। साथ ही, उनका तपस्वी स्वरूप यह भी बताता है कि शक्ति के साथ संयम और आत्मसंयम अनिवार्य है। परशुराम का व्यक्तित्व यह संतुलन स्थापित करता है कि जब संवाद और शांति विफल हो जाएं, तब धर्म की रक्षा हेतु शौर्य आवश्यक हो जाता है, किंतु विजय के पश्चात वैराग्य और तपस्या ही श्रेष्ठ मार्ग है।

भगवान परशुराम भारतीय संस्कृति में धर्म, शौर्य और तप का अनुपम आदर्श हैं। वे ऐसे योद्धा-संत हैं, जिनका जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और आत्मिक उत्थान दोनों का समन्वय प्रस्तुत करता है। उनका इतिहास हमें यह प्रेरणा देता है कि समाज में संतुलन बनाए रखने के लिए साहस, नैतिकता और आत्मसंयम तीनों का समान महत्व है। परशुराम केवल एक पौराणिक चरित्र नहीं, अपितु युगों-युगों तक मार्गदर्शन देने वाला जीवंत आदर्श है।



# अक्षय तृतीया : बिना मुहूर्त के शुभ कार्य करने की तिथि

अक्षय तृतीया वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इस दिन शुभ कार्य को करने के लिए पंचांग और मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती। यह दिन अपने आप में ही एक शुभ दिन माना गया है। इस दिन कोई भी कार्य करना चाहे जैसे - व्यापार, विवाह, गृह प्रवेश, कोई भी नया वाहन खरीदना और सोने-चांदी की वस्तुएं खरीदना इस दिन शुभ माना गया है।



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, कानपुर

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों ही अपनी उच्च राशि में स्थित होते हैं और शुभ परिणाम देते हैं। इन दोनों ग्रहों की सम्मिलित कृपा का फल अक्षय होता है। अक्षय तृतीया पर मूल्यवान वस्तुओं की खरीदारी और दान-पुण्य के कार्य भी शुभ माने गए हैं। पंचांग के अनुसार, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 19 अप्रैल, रविवार के दिन सुबह 10 बजकर 50 मिनट तक व्याप्त रहेगी। इसके उपरांत तृतीया तिथि आरंभ हो जाएगी। 20 अप्रैल, सोमवार के दिन सुबह 7 बजकर 20 मिनट तक तृतीया तिथि रहेगी। उदया तिथि की गणना के अनुसार, 20 अप्रैल को तृतीया तिथि मान्य रहेगी, लेकिन फिर भी अक्षय तृतीया का पर्व 19 अप्रैल, रविवार को मनाना ही शास्त्र सम्मत रहेगा।

## अक्षय तृतीया का महत्व

ऐसी मान्यताएं हैं कि अक्षय तृतीया पर सोना-चांदी खरीदने से जातक का भाग्योदय होता है। इसके अलावा, पवित्र नदियों में स्नान, दान, ब्राह्मण भोज, कर्म, यज्ञ और ईश्वर की उपासना जैसे उत्तम कार्य इस तिथि पर अक्षय फलदायी माने गए हैं। धार्मिक मान्यता अनुसार, इस दिन शुरू किया गया कोई भी कार्य आसानी से संपन्न हो जाता है।



## क्यों खास है अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया को कई कारणों से साल का सबसे शुभ दिन माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत अक्षय तृतीया से ही हुई थी। भगवान विष्णु ने नर नारायण का अवतार भी इसी दिन लिया था। भगवान परशुराम का जन्म भी अक्षय तृतीया पर हुआ था। इस शुभ तिथि से ही भगवान गणेश जी ने महाभारत का काव्य लिखना शुरू किया था। इतना ही नहीं, अक्षय तृतीया से ही बद्रीनाथ के कपाट खुलते हैं और केवल इसी दिन वृंदावन में भगवान बांके-बिहारी जी के चरणों के दर्शन होते हैं। मान्यता है कि इसी दिन विष्णु जी के चरणों से मां गंगा धरती पर अवतरित हुई थीं। वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि को अखा तीज के रूप में भी मनाया जाता है। कुछ लोग इसे अक्षय तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया को वसंत का अंत और ग्रीष्म ऋतु का आरंभ माना जाता है। इसलिए इस दिन जल से भरे घड़े, कुल्हड़, सकोरे, पंखे खड़ाऊं, छाता, सत्तू, तरबूज और ककड़ी आदि गर्मी में लाभकारी वस्तुओं का दान किया जाता है।

अक्षय का अर्थ है, जो कभी क्षय न हो यानी जो सर्वदा अक्षुण्ण रहे। इस दिन किए हुए सभी शुभ कार्य हमेशा के लिए अक्षय हो जाते हैं अर्थात जो कभी नष्ट न हो। एक कहावत भी है कि जो देता है वही पाता है अर्थात साफ हृदय और नि:स्वार्थ भाव से जो हम दूसरों को देते हैं, वहीं हमें किसी न किसी रूप में कई गुना होकर पुन: मिलता है, इसलिए शास्त्रों में दान-पुण्य का बड़ा महत्व बताया गया है। अक्षय तृतीया के दिन किया गया दान सर्वश्रेष्ठ दान माना गया है। दान देने से मन में परोपकार की भावना का उदय होता है तथा आसक्ति और लोभ का दमन होता है।

इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर गंगा स्नान करके भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के पूजन की परंपरा है। नैवेद्य में जौ का सत्तू, ककड़ी और चने की दाल अर्पित किया जाता है। इस दिन सत्तू खाने तथा नई वस्तु और आभूषण पहनने की परंपरा है। अक्षय तृतीया आशा, समृद्धि और सकारात्मकता का त्योहार है। यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि अच्छे कर्म, चाहे वे कितने भी छोटे क्यों न हों, जीवनभर के लिए आशीर्वाद बन सकते हैं। चाहे आप इसे धार्मिक अनुष्ठानों, दान-पुण्य या साधारण प्रार्थना के साथ मनाएं, इसका सार एक ही है। यह इस बात का स्मरण दिलाता है कि समृद्धि केवल धन-दौलत से ही नहीं, बल्कि दया, आस्था और खुशी से भी जुड़ी होती है। शायद यही 'अक्षय' का सच्चा अर्थ है- वह चीज जो कभी समाप्त नहीं होती।

# आस्था और उल्लास का महापर्व बैसाखी



प्राचीन काल से भारत एक कृषि प्रधान देश तो है ही, लेकिन साथ-साथ भारत एक उत्सव प्रधान देश भी है। भारत एक विविध संस्कृतियों का देश है, जहां हर ऋतु अपने साथ एक नया उत्साह और उमंग लेकर आती है। भारत में अधिकतर पर्व किसी न किसी फसल की तैयारी के समय मनाए जाते हैं, इसका कारण उत्सव के समय का कालखंड तो होता ही है, साथ में पर्व पर खर्च करने के लिए पर्याप्त मात्रा में संसाधन और धन भी परिवारों के पास उपलब्ध हो जाता है। गेहूं की फसल तैयार होते ही होली का पर्व आ जाता है और खरीफ की तैयारी पर दीपावली पर्व आ जाता है। पंजाब में वैसे तो रबी की फसल जल्दी तैयार हो जाती है, परंतु गेहूं पूरी तरह कटकर चैत्र के अंत तक किसानों के घर पर पहुंच जाता है और उसकी कमाई घर पर आने लगती है। इसी ऋतु के साथ जुड़ा है- पंजाब का प्रमुख पर्व बैसाखी।



अशोक सूरी
आध्यात्मिक लेखक



**जट्टा आई बैसाखी**- किसान जब अपनी गेहूं की फसल की सुनहरी बालियों को लहलहाते हुए देखता है, तो उसका मन मयूर खुशी से भर जाता है और फिर पंजाबियों को तो उत्सव मनाने का मौका चाहिए। 'जट्टा आई बैसाखी' के उद्घघोष के साथ ढोल की थाप पर हर पंजाबी के कदम भांगड़ा और गिद्दा के बोल पर कदम ताल करने लगते हैं, जो इस पर्व की खुशी का जीवन चित्रण है। बैसाखी पर्व ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करता है। पंजाब एवं हरियाणा में यह पर्व केवल एक तिथि मात्र नहीं है, अपितु किसान की मेहनत के फलने और विश्वास के पुर्नजन्म का उत्सव होता है। धार्मिक दृष्टि से वैसाखी का दिन प्रतिवर्ष 13 या 14 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन हिन्दू नववर्ष की पहली संक्रांति भी होती है और सूर्य मेष राशि में प्रवेश करता है। परंतु पंजाब में बैसाखी का दिन भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। सन् 1699 में इसी दिवस को सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद जी ने आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। सिख इस दिवस को 'साजना' दिवस के रूप में मनाते हैं। इसी दिन श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाकर पंज प्यारों को अमृत छकाया और अन्याय के विरुद्ध लड़ने के लिये एक वीर समुदाय को जन्म दिया जिसे गुरु जी ने 'खालसा' नाम दिया और इसी के साथ 'राज करेगा खालसा' का अमर संदेश दिया। इसी दिवस को दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की। आज का सिख समुदाय इसी खालसा पंथ का विस्तृत रूप है। गुरु जी ने पंज प्यारों को अमृत छकाकर पंज प्यारों की पदवी और अमर सूत्र दिया। गुरु गोबिंद सिंह जी ने इस अवसर पर स्वयं भी पंज प्यारों से अमृत छककर यह सिद्ध किया कि गुरु और चेले में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा था- 'आपे गुरु चेला' अर्थात वह स्वयं गुरु भी हैं और स्वयं चेला भी। गुरु गोबिंद सिंह जी पंथ के दसवें एवं अंतिम मानव शरीर धारी गुरु थे। इसके पश्चात् गुरु ग्रंथ साहब को ही गुरु की पदवी पर रखा गया।

## आशा और नवचेतना की प्रेरणा

बैसाखी के अतिरिक्त भारतीय इतिहास में यह 13 अप्रैल का दिवस कुछ अन्य घटनाओं के लिए भी विशेष है। इसी दिन गौतम बुद्ध को निर्वाण प्राप्त हुआ था। इसी दिन स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की थी। बैसाखी का पर्व हमें अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहना सिखाता है और साथ ही एकता, भाईचारे और मानवता का संदेश देता है। गुरु के लंगर में कोई छोटा या बड़ा नहीं होता सभी एक ही पंक्ति में गुरु का प्रसाद छकते हैं। आज के समय में जब समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। बैसाखी का पर्व हमें सकारात्मकता, आशा और नवचेतना की प्रेरणा देता है।

## वाहे गुरु जी का खालसा वाहे गुरु जी की फतह

वाहे गुरु जी का खालसा वाहे गुरु जी की फतह इस वाक्य का तात्पर्य है कि यह खालसा पंथ वाहे गुरु जी का है, अतः इसकी सदैव विजय निश्चित है। गुरु जी ने सभी खालसा अनुयायियों को एक विशेष पहचान दी, जिसे पांच ककार (कड़ा, किरपान, कछैरा, कंघा और केष) कहा गया। आज भी सिख पंथ के लोग गुरु जी के इन पांच आदेश को धारण करते हैं। गुरु जी ने सभी सिखों को सिंह बताया और अपने नाम के आगे सिंह लगाने तथा महिलाओं को कौर लगाने का आदेश दिया। यही आदेश पंथ में समानता और समरसता का प्रतीक बना। आज सिखों के उत्सवों के अवसर पर निकलने वाले नगर कीर्तन में पंज प्यारे केसरिया बाना पहने सबसे आगे चलते हैं। आज हर गुरुद्वारे में कीर्तन, अरदास और लंगर का आयोजन नियमित रूप से होता है। पंजाब की लोक संस्कृति इस दिन अपने चरम पर होती है। ढोल की थाप पर झूमते युवक-युवतियां रंग-बिरंगे वस्त्रों और उत्साह से भरा वातावरण हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है।

पौराणिक कथा

# देवयानी और कच



कच और देवयानी का कथानक अत्यंत प्रसिद्ध है। कच देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। देवताओं के अनुरोध पर वे दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य के पास संजीवनी विद्या सीखने गए। देवयानी, शुक्राचार्य की पुत्री, कच से प्रेम करने लगी। कच भी आचार्य और उनकी पुत्री की नित्य सेवा करते, गायन-वादन द्वारा देवयानी को प्रसन्न रखते थे। जब कच का अध्ययन पूर्ण हुआ और शुक्राचार्य ने उन्हें देवलोक जाने की आज्ञा दी, तब देवयानी ने अपने प्रेम का निवेदन करते हुए उनसे विवाह का आग्रह किया। कच ने उत्तर दिया कि गुरु की पुत्री होने के कारण वह उनके लिए पूजनीय बहन के समान है, अतः यह संबंध धर्म के विरुद्ध है। देवयानी ने तर्क दिया कि कच उसके पिता के नहीं, गुरु के पुत्र हैं, इसलिए भाई नहीं लगते। फिर भी कच ने धर्म का पालन करते हुए प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया। इससे क्रोधित होकर देवयानी ने कहा कि उसने कच को बार-बार मृत्यु से बचाया है, इसलिए वह उसके प्राणों पर अधिकार रखती है। उसने शाप दिया कि कच की सीखी हुई विद्या निष्फल हो जाए। कच ने शांत भाव से उत्तर दिया कि वह धर्म नहीं त्याग सकता और शाप स्वीकार करता है, पर प्रत्युत्तर में उसने भी शाप दिया कि देवयानी का यह प्रेम विवाह में सफल नहीं होगा।



शिवानंद मिश्रा
आध्यात्मिक लेखक

कच को मारने के लिए असुरों ने अनेक बार प्रयास किए। हर बार शुक्राचार्य की संजीवनी विद्या और देवयानी के आग्रह से वह जीवित हो उठता। अंततः असुरों ने कच को मारकर उसका भस्म शुक्राचार्य को खिला दिया। तब कच को जीवित करने का एकमात्र उपाय था स्वयं शुक्राचार्य का जीवन त्यागना। परिस्थिति को समझकर शुक्राचार्य ने पहले कच को अपने भीतर से जीवित किया और उसे संजीवनी विद्या सिखाई। फिर कच ने उनका उदर फाड़कर बाहर आकर उसी विद्या से उन्हें पुनः जीवित कर दिया। इसके बाद शुक्राचार्य ने कच को शाप दिया कि वह इस विद्या का स्वयं प्रयोग नहीं कर सकेगा। कच ने उत्तर दिया कि वह इसे दूसरों को सिखा देगा। अंततः कच गुरु की आज्ञा लेकर देवलोक लौट गया और अपनी विद्या से देवताओं का उद्देश्य पूर्ण किया।

बोध कथा

# सबसे बड़ा धन आत्मविश्वास



एक बार की बात है, एक बहुत ही प्रसिद्ध चित्रकार चौराहे पर खड़े होकर लोगों को अपनी कला दिखा रहा था। तभी वहां एक फटे-पुराने कपड़ों में एक भिखारी आया। भिखारी ने चित्रकार से कुछ खाने के लिए पैसे मांगे। चित्रकार के पास उस समय पैसे नहीं थे, लेकिन उसने अपनी जेब से एक सफेद लिफाफा निकाला और भिखारी को दे दिया। उसने कहा, "मेरे दोस्त, अभी मेरे पास धन नहीं है, लेकिन इस लिफाफे को संभालकर रखना। जब तुम्हें लगे कि तुम्हारे पास खोने को कुछ नहीं बचा, तब इसे खोलना।" भिखारी को बहुत गुस्सा आया। उसने सोचा, "इस कागज के टुकड़े से मेरा पेट कैसे भरेगा?" उसने लिफाफे को अपनी झोली में डाल लिया और उसे भूल गया।

कुछ साल बीत गए। एक भीषण सर्दी की रात में भिखारी भूख और ठंड से बेहाल एक पुरानी इमारत के नीचे बैठा था। उसे लगा कि आज उसकी आखिरी रात है। अचानक उसे अपनी फटी हुई झोली में वह पुराना, मुड़ा-तुड़ा लिफाफा मिला। उसे चित्रकार की बात याद आई। जैसे ही उसने लिफाफा खोला, उसके अंदर से कोई कीमती सिक्का या नोट नहीं निकला, बल्कि एक छोटा सा दर्पण (शीशा) और एक कागज का टुकड़ा निकला जिस पर लिखा था, "दुनिया तुम्हें वह देख रही है, जो तुम बाहर से दिख रहे हो, लेकिन तुम वही बनोगे जो तुम इस आईने में देखोगे।"

भिखारी ने कांपते हाथों से उस आईने में अपना चेहरा देखा। सालों से उसने खुद को नहीं देखा था। उसने देखा कि उसकी आंखों में अभी भी एक चमक है, उसके हाथों में काम करने की शक्ति है। उसे अहसास हुआ कि उसने खुद को 'भिखारी' मान लिया था, इसलिए दुनिया उसे भिखारी देख रही थी। अगली सुबह, उसने भीख मांगने के बजाय पास के एक ढाबे पर जाकर बर्तन धोने का काम मांगा। उसने अपनी सफाई पर ध्यान दिया, मेहनत की और धीरे-धीरे एक छोटा सा काम शुरू किया।

सालों बाद, वह व्यक्ति खुद एक सफल व्यापारी बना। एक दिन वह उसी पुराने चित्रकार से मिला (जो अब काफी वृद्ध हो चुका था)। उसने चित्रकार को धन्यवाद देते हुए कहा, "उस खाली लिफाफे ने मुझे वह दिया जो सोने की मोहरें भी नहीं दे पातीं उसने मुझे 'मैं' से मिलवाया।"

कहानी की सीख- हमारी परिस्थिति वैसी ही बनी रहती हैं, जैसा हम खुद के बारे में सोचते हैं। जब आप खुद का सम्मान करना शुरू करते हैं, तो दुनिया का आपके प्रति नजरिया अपने आप बदल जाता है। आत्मविश्वास ही सबसे बड़ा धन है।

-प्रमोद श्रीवास्तव

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,847.57 | 23,842.65 |
| गिरावट | 702.68 | 207.95 |
| प्रतिशत में | 0.91 | 0.86 |

सोना 1,55,000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,45,200 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### पाइपर सेरिका ने 33 स्टार्टअप में 210 करोड़ रुपये निवेश किए

**नई दिल्ली।** मुंबई स्थित परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी पाइपर सेरिका ने अपने श्रेणी-1 वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के माध्यम से 33 से अधिक स्टार्टअप में करीब 210 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि कुल 273 करोड़ रुपये के कोष में से शेष 63 करोड़ रुपये अगले दो से तीन महीने में निवेश किए जाने की उम्मीद है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) पंजीकृत यह कोष उच्च वृद्धि वाले क्षेत्रों जैसे गहन प्रौद्योगिकी (डीपटेक), वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक), कृत्रिम मेधा (एआई), अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रक्षा, सेमीकंडक्टर और बायोसाइंसेज में शुरुआती चरण की प्रौद्योगिकी-आधारित कंपनियों पर केंद्रित है। इसके वर्तमान खंड में ऑल्ट मोबिलिटी, सेंससेमी, पैंथरन, फ्रीड, कोराटिया टेक्नोलॉजीज और सिक्स सेंस मोबिलिटी और जैसे स्टार्टअप शामिल हैं।

### आरएमजेड की 35 अरब डॉलर के निवेश की योजना

**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी आरएमजेड कॉर्प ने सोमवार को कहा कि वह अगले पांच वर्षों में भारत में डेटा सेंटर, एआई कारखाने, वाणिज्यिक संपत्तियों और आवासीय परियोजनाओं के विकास पर 35 अरब डॉलर का निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने पर भी विचार कर रही है। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि कुल प्रस्तावित निवेश का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा डिजिटल ढांचागत परियोजनाओं में लगाया जाएगा। यह निवेश कर्ज और इक्विटी के मिश्रण से जुटाया जाएगा। आरएमजेड कॉर्प के सह-संस्थापक और चेयरमैन मनोज मेंदा ने कहा कि दीर्घकालिक पूंजी सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक बाजारों से पूंजी जुटाना आवश्यक है, जिसके लिए आईपीओ लाने पर विचार किया जा रहा है।

### ओला ने पेश किया नया इलेक्ट्रिक स्कूटर

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को 5.2 किलोवाट-घंटा बैटरी वाले नए मॉडल ''एस1 एक्स प्लस'' को 1,29,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नए मॉडल में कंपनी की स्वदेशी रूप से विकसित 4680 भारत सेल का इस्तेमाल किया गया है। स्कूटर में 11 किलोवाट की मिड-ड्राइव मोटर और इंटिग्रेटेड मोटर कंट्रोल यूनिट भी दी गई है। बयान, यह स्कूटर एक बार रिचार्ज होने पर 320 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। इसकी अधिकतम रफ्तार 125 किलोमीटर प्रति घंटे रखी गई है। यह मॉडल ओला इलेक्ट्रिक के जेन-3 एस1 पोर्टफोलियो का हिस्सा है।

# अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने से सेंसेक्स 703 अंक टूटा, निफ्टी भी गिरा

## कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल, 102 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा ब्रेंट क्रूड

**मुंबई, एजेंसी**




स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 703 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी भी 208 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के लिए बातचीत विफल होने के साथ संघर्ष लंबे समय तक जारी रहने की चिंता में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 702.68 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 76,847.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,681.93 अंक लुढ़क कर 75,868.32 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 207.95 अंक यानी 0.86% की गिरावट के साथ 23,842.65 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजारों को पिछले सप्ताह के युद्धविराम समझौते से सीमित समर्थन मिल रहा है। हालांकि, वार्ता विफल होने से कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गयी है। नायर ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें मुद्रास्फीति, मुद्रा स्थिरता और वृहद आर्थिक संतुलन को लेकर चिंताएं बढ़ा रही हैं।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने के बाद बढ़ते वैश्विक तनाव के कारण शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। इससे कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया और वैश्विक बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.73 प्रतिशत बढ़कर 102.6 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट मामूली बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

### घाटे में रहीं ये कंपनियां

सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

### लाभ में रहे इनके शेयर

लाभ में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक शामिल हैं।

बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.82 प्रतिशत और स्मॉलकैप में 0.33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,573 में गिरावट आई जबकि 1,790 लाभ में रहे। वहीं 201 के भाव अपरिवर्तित रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 672.09 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# ईरानी कच्चे तेल की भारत में 7 साल बाद वापसी, प्रमुख बंदरगाहों पर पहुंचे टैंकर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



20 लाख बैरल लेकर गुजरात पहुंचा 'फेलिसिटी' और इतना ही तेल उड़ीसा लाया 'गया'

ईरानी कच्चा तेल लेकर आए दो बड़े टैंकर भारत के पूर्वी एवं पश्चिमी तट के बंदरगाहों पर पहुंच गए हैं जो लगभग सात वर्ष में ऐसी पहली आपूर्ति है। जहाज-ट्रैकिंग विवरण से यह जानकारी मिली।

नेशनल ईरानियन टैंकर कंपनी द्वारा संचालित 'फेलिसिटी' नामक एक बेहद बड़ा कच्चा तेल वाहक जहाज ने रविवार देर रात गुजरात तट के सिक्का के पास लंगर डाला। इसमें करीब 20 लाख बैरल कच्चा तेल है जिसे मार्च के मध्य में खार्ग द्वीप से लादा गया था। दूसरा टैंकर 'जया' लगभग उसी समय ओडिशा तट के पारादीप के पास पहुंचा। यह भी करीब करीब समान मात्रा में कच्चा तेल लेकर आया है जिसे फरवरी के अंत में खार्ग द्वीप से लादा गया था। यह तेल अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर सैन्य हमले करने और तेहरान की ओर से जवाबी कार्रवाई किए जाने से पहले लादा गया था। करीब सात वर्ष में भारतीय तटों पर पहुंचने वाली ये ईरानी कच्चे तेल की पहली खेप हैं जो पिछले महीने अमेरिका द्वारा जारी प्रतिबंध छूट के बाद संभव हो सकी हैं।

कीमतें नियंत्रित रखने के लिए एक महीने की इस छूट के तहत समुद्र में पहले से मौजूद ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति दी गई थी। शांति वार्ता विफल होने के बाद हालांकि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी की घोषणा की है ताकि तेहरान के तेल निर्यात राजस्व को सीमित किया जा सके। पारादीप बंदरगाह मुख्य रूप से इंडियन ऑयल द्वारा संचालित है जिसने छूट के तहत कम से कम एक ईरानी खेप खरीदने की पुष्टि की है। वहीं, सिक्का क्षेत्र रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के लिए एक प्रमुख कच्चा तेल हैंडलिंग केंद्र है जिनकी यहां बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं।

### ईरानी तेल का बड़ा खरीदार रहा है भारत

भारत ऐतिहासिक रूप से ईरानी कच्चे तेल का बड़ा खरीदार रहा है और रिफाइनरियों की अनुकूलता तथा सहायक व्यावसायिक शर्तों के कारण ईरान के हल्के और भारी दोनों प्रकार के तेल का आयात करता रहा है। वर्ष 2018 में प्रतिबंध सख्त होने के बाद मई 2019 से आयात बंद हो गया और इसकी जगह पश्चिम एशिया, अमेरिका तथा अन्य स्रोतों से आपूर्ति होने लगी। एक समय ईरानी तेल भारत के कुल आयात का 11.5 प्रतिशत हिस्सा था।

# देश में 90 दिन के लिए पर्याप्त कोयला भंडार: केंद्रीय मंत्री

**हैदराबाद, एजेंसी**



केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि देश में 90 दिन की जरूरत के लिए पर्याप्त 20 करोड़ टन से अधिक का कोयला भंडार उपलब्ध है। रेड्डी ने यहां खान मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि देश में लगातार दूसरे वर्ष एक अरब टन कोयला उत्पादन हासिल किया गया है।

उन्होंने कहा कि आज ताप विद्युत संयंत्रों और खदानों के पास 90 दिन के लिए पर्याप्त कोयला उपलब्ध है। पहले हमारे पास केवल 21 से 25 दिन का ही भंडार होता था, लेकिन अब 20 करोड़ टन से अधिक कोयला उपलब्ध है।

रेड्डी ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य खनिज क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करना और देश को आत्मनिर्भर बनाना है।

मैं केंद्र सरकार की ओर से यह कहना चाहूंगा कि सरकार खनिज क्षेत्र में राजस्व के लिए काम नहीं करती। बल्कि वह खनिज क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाती है। भविष्य में शहरी खनन और कोयला गैसीकरण (ठोस कोयले को रासायनिक प्रक्रिया के जरिए गैस में बदलना) में महत्वपूर्ण खनिजों के निष्कर्षण की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए, उन्होंने निजी क्षेत्र से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, राज्य सरकारों और अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शहरी खनन के जरिये देश की जरूरत के 30-40 प्रतिशत महत्वपूर्ण खनिज कबाड़ से निकाले जा सकते हैं। सरकार इस दिशा में एक कार्ययोजना तैयार कर रही है, जिसके तहत हर शहर से कबाड़ एकत्र कर रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर आदि से महत्वपूर्ण खनिज निकाले जाएंगे।

# भारत-ओमान ने की व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ओमान के अपने समकक्ष अनवर बिन हिलाल बिन हमदान अल जबरी के साथ सोमवार को द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। गोयल ने पिछले कुछ दिनों में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बहरीन और कुवैत के व्यापार मंत्रियों के साथ भी बातचीत की है।

गोयल ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि ओमान के वाणिज्य, उद्योग एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री एचई अनवर बिन हिलाल बिन हमदान अल जबरी के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। भारत-ओमान सीईपीए के तहत अवसरों को बढ़ाने पर चर्चा की जिससे दोनों देशों के पारस्परिक विकास के लिए द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके। समग्र आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर दिसंबर, 2025 में मस्कट में हस्ताक्षर किए गए थे। इसे अभी लागू नहीं किया गया है।

## जानकारी

# ई-रुपया और डिजिटल गोल्ड




**कारोबार डेस्क**

आज के डिजिटल युग में एक नया नाम तेजी से चर्चा में है वो है eRupee यानी डिजिटल रुपया। ये है क्या? कई लोग इसे UPI समझ लेते हैं तो कुछ इसे क्रिप्टो करेंसी जैसा तो बाकी इसे केवल ऑनलाइन पैसा मानते हैं। लेकिन असल में डिजिटल रुपया या ई-रुपया इन सबसे इतर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा डिजिटल फॉर्म में जारी की गयी करेंसी यानी रुपया है। इसी तरह डिजिटल गोल्ड भी आधुनिक दुनिया का एक और नवाचार है। डिजिटल गोल्ड निवेश का एक माध्यम है जिसमें व्यक्ति बिना भौतिक सोना खरीदे, ऑनलाइन सोने में निवेश कर सकता है। यह पारदर्शिता, तरलता और सुरक्षित भंडारण जैसी सुविधाएँ प्रदान करता है। जहाँ डिजिटल रुपया दैनिक भुगतान को सरल बनाता है, वहीं डिजिटल गोल्ड दीर्घकालिक निवेश के लिए उपयोगी है। आइये इन दोनों नवाचारों के बारे में जानते हैं-

### ई-रुपया क्या है?

- यह भारत की डिजिटल करेंसी है। इसे भारतीय रिजर्व बैंक जारी करता है। यह नकद रुपये का डिजिटल रूप है। 1 ई-रुपया = 1 नकद रुपया

### क्या ये यूपीआई है?

- नहीं, यूपीआई सिर्फ पैसे भेजने का तरीका है। ई-रुपया खुद पैसा है।
  यूपीआई = सिस्टम
  eरुपया = करेंसी

### ई-रुपया का उपयोग कैसे करें?

- ई-रुपये को अभी कुछ बड़े बैंक ही अपने एप के माध्यम से जारी करते हैं। आप उस एप को डाउनलोड करके अपने बैंक खाते को उससे लिंक करके उसमें जमा राशि को ई-रुपये में बदल सकते हैं।
- पैसे वॉलेट में डालकर इससे आप QR कोड स्कैन करके पेमेंट कर सकते हैं। जब आपको जरूरत हो तो बैंक में वापस ले सकते हैं।

### डिजिटल गोल्ड क्या है?

- हर यह सोने में ऑनलाइन निवेश है। इसे आप मोबाइल ऐप से खरीदते हैं। आपके निवेश के बराबर सोना सुरक्षित वॉल्ट में रखा जाता है। आप इसे कभी भी बेच सकते हैं-

### डिजिटल गोल्ड कैसे खरीदें?

- आप Paytm या PhonePe जैसे ऑनलाइन पेमेंट एप के माध्यम से खरीद सकते हैं। एप खोलकर Digital Gold या Save in Gold सेक्शन चुनें। फिर उसमें 10 रुपये या उससे ज्यादा निवेश करें। पेमेंट होने के बाद सोना आपके नाम पर जुड़ जाएगा।

### डिजिटल गोल्ड और डिजिटल रुपये में अंतर

- **डिजिटल रुपया** = खर्च करने वाला पैसा
- **डिजिटल गोल्ड** = निवेश करने की संपत्ति
- ई-रुपया स्थिर होता है, गोल्ड की कीमत में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं।
- **डिजिटल रुपया :** तेज और सुरक्षित पेमेंट के लिए
- **डिजिटल गोल्ड :** बचत और भविष्य के निवेश के लिए
- **दोनों मोबाइल से आसान उपयोग देते हैं**

### काम की बात

- डिजिटल रुपया रोजमर्रा के लेन-देन को आसान बनाता है, जबकि डिजिटल गोल्ड निवेश का स्मार्ट विकल्प है। दोनों ही डिजिटल अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं। सही समझ के साथ ये आपके पैसे के उपयोग को और सरल व आधुनिक बना सकते हैं। हां, खास बात ये कि चूंकि ई-रुपया स्वयं पैसा है और ई-गोल्ड एक वस्तु। ऐसे में किसी एक्सपर्ट की सलाह लेकर सोच-विचार कर निवेश करें, क्योंकि सोने की कीमत घटती-बढ़ती रहती है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# बमों का जवाब वोटों से देगा बंगाल बनेगी डबल इंजन की सरकार: शाह

## राज्य और देश से घुसपैठियों को बाहर निकालने का है यह चुनाव

**बीरभूम/रानीगंज, एजेंसी**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता बमों का जवाब वोटों से देगी। साथ ही उन्होंने वादा किया कि जब मतदाता तृणमूल सरकार को विदा करेंगे तो भाजपा सिंडिकेट और रिश्वतखोरी को बढ़ावा देने वालों को सीधा करने के लिए उन्हें उल्टा लटकाएगी। शाह ने बीरभूम जिले के मयूरेश्वर और खैरासोल क्षेत्रों तथा पश्चिम बर्धमान के रानीगंज में चुनावी रैलियों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा सरकार बनाएगी, क्योंकि राज्य की जनता ने तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी को टाटा-बाय-बाय कहने का मन बना लिया है। गृहमंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल से संरक्षण पाए अपराधियों ने लंबे समय से बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया है। पांच मई के बाद यानी मतगणना के एक दिन बाद, भाजपा कार्यकर्ता अपने उत्पीड़कों को उनके गढ़ से खींचकर निकालेंगे और उन्हें न्याय के कटघरे में लाएंगे। शाह ने कहा कि मैं तृणमूल के गुंडों को सलाह देता हूं कि वे 23 अप्रैल (मतदान के पहले चरण) को अपने घरों में ही रहें, अन्यथा हम उन्हें चार मई को एक-एक करके उठाएंगे और जेल में डाल देंगे। बीरभूम में पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को होगा। दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा और मतगणना चार मई को होगी। अपनी पार्टी के चुनाव घोषणापत्र का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा बंगाल में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पांच औद्योगिक संपदाएं बनाएगी। शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी राज्य के बहुसंख्यक समुदाय को डराने की कोशिश कर रही हैं। यह चुनाव राज्य और देश से घुसपैठियों को बाहर निकालने का है। शाह ने प्रश्नात्मक लहजे में कहा कि दीदी, हम यहां सदियों से रह रहे हैं। हमें धमकाने वाली आप कौन हैं?

शाह ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में मुर्शिदाबाद में दंगे हुए, राम नवमी शोभायात्रा पर हमले किए गए और कुछ स्थानों पर सरस्वती पूजा की अनुमति नहीं दी गई। शाह ने कहा कि हुमायूं कबीर ममता बनर्जी का मोहरा है। वह बंगाल में बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते हैं, लेकिन भाजपा यह होने नहीं देगी।

### राहुल का तमिलनाडु दौरा टला, 3-4 दिन में जारी होगा नया कार्यक्रम

**चेन्नई, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का तमिलनाडु का दौरा टल गया है। वह 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों में प्रचार के लिए जाने वाले थे। राहुल को सोमवार को तमिलनाडु आने वाले थे, लेकिन अब उनका नया कार्यक्रम बनेगा। तमिलनाडु कांग्रेस की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। तमिलनाडु कांग्रेस ने कहा कि राहुल के दौरे का विस्तृत कार्यक्रम अगले 3-4 दिनों में घोषित किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन की एक प्रमुख सहयोगी है और 28 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

श्री गांधी को सोमवार को चेन्नई पहुंचने के बाद उन्हें यहां से लगभग 40 किमी दूर श्रीपेरंबुदूर जाना था और अपने पिताजी एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करनी थी। इसके बाद उन्हें तमिलनाडु कांग्रेस अध्यक्ष के. सेल्वपेरुंथगाई के लिए प्रचार करना था, जो इस आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

# केंद्र सरकार और 19 राज्य मेरे खिलाफ हैं मैं जनता के लिए अकेले लड़ रही: ममता

## मोदी से पूछा-आप प्रधानमंत्री रहना चाहते हैं या पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री

**सूरी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि केंद्र सरकार और 19 राज्य उनके खिलाफ एकजुट हो गए हैं और वह अकेले ही आम जनता के लिए संघर्ष कर रही हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की देश के 19 राज्यों में सरकार है।

बीरभूम जिले के सूरी में एक रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने कहा कि भाजपा दिल्ली से ताकत का उपयोग करके पश्चिम बंगाल चुनाव नहीं जीत पाएगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस 226 से अधिक सीटें हासिल करेगी। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण युवाओं को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वे (भाजपा) पैसे बांट रहे हैं... उन्होंने सभी (अधिकारियों और पुलिस) का तबादला दूसरे राज्यों में कर दिया है ताकि कोई उन्हें पकड़ न सके। पश्चिम बंगाल में धन, मादक पदार्थ, हथियार और मतदाताओं की तस्करी की जा रही है। मतदाताओं को बिहार से ट्रेन और बसों में भरकर मतदान के लिए लाया जा रहा है। बनर्जी ने कहा-कुल 19 राज्य और केंद्र सरकार मेरे खिलाफ एकजुट हो गए हैं... मैं उनके लिए काफी हूं। मैं आम जनता के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूंगी क्योंकि मुझे नहीं लगता कि मैं अकेली हूं। मुझे जनता का आशीर्वाद प्राप्त है।

टीएमसी प्रमुख ने मोदी पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं? यह सवाल उन्होंने मोदी के उस बयान के जवाब में पूछा जिसमें कहा गया है कि वह पश्चिम बंगाल की सभी 294 सीटों पर उम्मीदवार हैं। प्रधानमंत्री ने रविवार को सिलीगुड़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह पश्चिम बंगाल के 'सभी निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के उम्मीदवार' हैं।

मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि अगर मोदी जी कहते हैं कि वे 294 सीटों पर उम्मीदवार हैं, तो उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और कहना चाहिए कि वे पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। बनर्जी ने कहा-पहले तय कीजिए कि आप देश के प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं या पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री। आप यहां बाहरी हैं।

### नितिन ने द्रमुक सरकार पर भ्रष्टाचार समेत लगाये कई गंभीर आरोप

**अरनथांगी/चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार पर तीखा हमला बोला और जनता से भ्रष्टाचार के खिलाफ मतदान कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनाने की अपील की। श्री नबीन ने अरनथांगी में जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक का मतलब धोखा, भ्रष्टाचार और लूट बताते हुये आरोप लगाया कि राज्य सरकार गरीबों के लिए आवास बनाने में विफल रही है, जबकि कांग्रेस नेताओं के लिए आलीशान घरों पर खर्च किया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे आवास, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान भारत का लाभ देशभर में मिल रहा है, लेकिन तमिलनाडु में इनका पूरा फायदा लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। द्रमुक सरकार परिवारवाद की राजनीति कर रही है, जिसमें सत्ता एक ही परिवार तक सीमित है। आम पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्ति के लिए मुख्यमंत्री बनना लगभग असंभव हो गया है। उन्होंने राज्य में बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार और कथित अवैध शराब कांड का भी मुद्दा उठाया। कहा कि जहरीली शराब से कई लोगों की मौत हुई, लेकिन सरकार ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई।

### स्टालिन ने केंद्र पर लगाया आरोप, निर्मला सीतारमन बोलीं-बेबुनियाद

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने सोमवार को दावा किया कि केंद्र सरकार ने राज्य से धान पर मौजूदा बोनस नीति की समीक्षा करने और उसे बंद करने पर विचार करने के लिए कहा था। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सवाल किया कि क्या वह इस सिलसिले में लिखे गए पत्र को सार्वजनिक करेंगी। हालांकि, सीतारमण ने कहा कि स्टालिन का यह आरोप कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु को धान की खेती के लिए प्रोत्साहन राशि न देने का निर्देश दिया है तथ्यात्मक रूप से बेबुनियाद, राजनीति से प्रेरित और राज्य के किसानों को गुमराह करने के लिए जानबूझकर किया गया झूठा दावा है।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में, नौ जनवरी 2026 के एक पत्र का हवाला देते हुए कहा कि न केवल तमिलनाडु, बल्कि सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को सुझाव दिया गया था कि (फसल पर) राज्य की बोनस नीतियों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप बनाया जाए। पत्र में राज्यों से दलहन, तिलहन और बाजरा की खेती को बढ़ावा देने के लिए अपनी बोनस नीति को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप करने आग्रह किया गया था, जो पोषण सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और टिकाऊ कृषि के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकताओं से मेल खाए। सीतारमण ने कहा कि यह पत्र राज्यों के लिए एक सलाह थी, निर्देश नहीं।

**सबसे बुजुर्ग गोरिल्ला**



फातू ने 13 अप्रैल 2026 को जर्मनी के बर्लिन में अपना 69वां जन्मदिन मनाया, इस दौरान सब्जियां खाईं। ये बर्लिन के चिड़ियाघर की सबसे उम्रदराज और दुनिया की सबसे उम्रदराज गोरिल्ला भी मानी जाती हैं।

# कार में शराब पीने के विरोध पर ब्रिगेडियर व बेटे पर हमला

- ब्रिगेडियर की पत्नी को भी धमकाया, दीं गालियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दक्षिण पश्चिम दिल्ली के वसंत एन्क्लेव इलाके में कार में शराब पीने का विरोध करने पर भारतीय सेना के एक सेवारत ब्रिगेडियर और उनके बेटे पर कुछ लोगों ने कथित रूप से हमला कर दिया तथा सैन्य अधिकारी की पत्नी को धमकाया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह मामला शनिवार का है।

पुलिस के मुताबिक सैन्य अधिकारी ने अपने घर से पास खड़ी लग्जरी कार के अंदर दो लोगों द्वारा शराब पीने पर आपत्ति जताई जिसके बाद बहस शुरू हुई। जब ब्रिगेडियर ने आपत्ति जताई, तो मौके पर जमा हुए लोगों के एक समूह ने उन पर और उनके बेटे पर हमला किया और उनकी पत्नी को धमकी दी। मामले का संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच के दौरान निरीक्षक/जांच अधिकारी की लापरवाही मिलने पर उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है।

भारतीय सेना ने भी इस घटना का गंभीरता से संज्ञान लिया है। सेना पुलिस के एक दल को अधिकारी की सहायता के लिए भेजा गया है। दिल्ली पुलिस से त्वरित जांच और प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के लिए संपर्क किया गया है। परिवार के सदस्यों द्वारा रिकॉर्ड इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें एक कार के अंदर दो पुरुषों को शराब की बोतल पकड़े हुए देखा जा सकता है। ब्रिगेडियर के बेटे, तेजस सिंह अरोड़ा ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि शनिवार रात, खाना खाने के बाद, मेरे पिता, ब्रिगेडियर पीएस अरोड़ा और मैं टहलने निकले थे। हमने एक लग्जरी कार के अंदर दो लोगों को खुलेआम शराब पीते और धूम्रपान करते देखा। तेजस ने कहा कि उन्होंने उन व्यक्तियों से विनम्रतापूर्वक कहीं और जाने का अनुरोध किया, क्योंकि यह एक आवासीय क्षेत्र है और सार्वजनिक रूप से शराब पीना अनुचित है। उन्होंने कहा, जैसे ही हमने उनसे जाने का अनुरोध किया, वे आक्रामक हो गए और हमें किसी को भी फोन करने की चुनौती देने लगे। तब मेरे पिता ने मुझे पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन करने के लिए कहा। तेजस ने आरोप लगाया कि जब पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने उनकी शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया। इसके बजाय, उनमें से एक व्यक्ति ने अधिकारी से फोन पर बात की, जिसके बाद अफसर ने उनसे कहा कि वह मामले को बाद में देखेंगे।

### बेटे को पीटते रहे बदमाश, पुलिसकर्मी अपने वाहन में बैठ देखते रहे तमाशा

ब्रिगेडियर के बेटे तेजस ने कहा कि कुछ ही देर बाद, दो गाड़ियों में सात-आठ लोग आए और हमें पीटने लगे और मेरी मां को गालियां देने लगे। वे आरोपी के साथी थे। बताया कि पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में करीब 15 मिनट तक उन्हें लगातार पीटा गया। तेजस ने कहा कि पांच-छह लोग लगातार मेरी पिटाई करते रहे, जबकि मेरे पिता भी चारों ओर से घिरे हुए थे। हमने पुलिस को बुलाया था, लेकिन उन्होंने हस्तक्षेप नहीं किया। तेजस के चेहरे, गर्दन और हथेली पर चोटें आईं। आरोप लगाया कि मौके पर पहुंचे अधिकारी अपनी गाड़ी में ही बैठे रहे और कोई सहायता नहीं की। ब्रिगेडियर की पत्नी ने यह भी आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद अधिकारी ने अनुरोधों के बावजूद हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। जब हमलावर मेरे बेटे को पीट रहे थे, तब अधिकारी ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया। जब मैंने मदद के लिए गुहार लगाई तो उसने कहा कि वह टीम के आने के बाद ही कार्रवाई कर सकता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### हंगरी में पीटर मैग्यार चुने गए नए प्रधानमंत्री

**बुडापेस्ट।** हंगरी के मतदाताओं ने 16 साल तक प्रधानमंत्री रहे विक्टर ओर्बन को सत्ता से बाहर कर दिया तथा उनकी सत्तावादी नीतियों एवं वैश्विक धुर दक्षिणपंथी आंदोलन को खारिज करते हुए यूरोपीय समर्थक पीटर मैग्यार को चुना। इस चौंकाने वाले चुनाव परिणाम के वैश्विक स्तर पर असर देखे जा सकते हैं। कभी ओर्बन के वफादार रहे पीटर मैग्यार (45) ने अपने प्रचार अभियान के दौरान भ्रष्टाचार एवं स्वास्थ्य सेवा और सार्वजनिक परिवहन जैसे रोजमर्रा के मुद्दों को उठाया तथा यूरोपीय संघ (ईयू) और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के साथ हंगरी के रिश्तों को फिर से मजबूत करने का संकल्प जताया। ओर्बन के कार्यकाल में ये संबंध कमजोर पड़ गए थे। मैग्यार की चौंकाने वाली इस जीत के बाद यूरोपीय नेताओं ने उन्हें बधाई दी और उनकी सराहना की।

### क्यूबा के राष्ट्रपति की अमेरिका को चेतावनी

**सैन जुआन।** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज़-कैनेल ने कहा है कि अमेरिका के पास द्वीपीय राष्ट्र पर सैन्य हमला करने या उन्हें सत्ता से हटाने का कोई वैध कारण नहीं है। एनबीसी न्यूज के मीट द प्रेस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि क्यूबा पर किसी भी तरह का आक्रमण महंगा साबित होगा और क्षेत्रीय सुरक्षा को प्रभावित करेगा। डियाज़-कैनेल ने कहा कि हालांकि, यदि ऐसा होता है तो क्यूबा के लोग अपना बचाव करेंगे। डियाज़-कैनेल ने कहा, यदि वह समय आता है, तो मुझे नहीं लगता कि अमेरिका के पास क्यूबा के खिलाफ सैन्य आक्रमण शुरू करने या किसी 'सर्जिकल ऑपरेशन' अथवा राष्ट्रपति के अपहरण का कोई औचित्य होगा। कहा यदि ऐसा होता है तो लड़ाई होगी, संघर्ष होगा और अपना बचाव करेंगे।

### रूस के विदेश मंत्री वार्ता को जाएंगे चीन

**बीजिंग।** वैश्विक ऊर्जा संकट के गहराने के बीच, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव पश्चिम एशिया संघर्ष के बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिकी नाकेबंदी पर चीनी नेतृत्व के साथ वार्ता के लिए मंगलवार को बीजिंग आएंगे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां बताया कि लावरोव चीन के विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर बीजिंग का दौरा करेंगे। उनकी दो-दिवसीय यात्रा चीन और अन्य देशों को ईरान की तेल आपूर्ति को बाधित करने के प्रयास के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के परिप्रेक्ष्य में हो रही है। चीन वर्षों से अमेरिकी प्रतिबंधों की अनदेखी करते हुए ईरान से बड़ी मात्रा में तेल आयात करता रहा है। ट्रंप द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी के कदम का बीजिंग पर दीर्घकालिक असर पड़ने की आशंका है।

# 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक की दहलीज पर भारत: मोदी

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में महिला आरक्षण कानून पर बोले प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक की दहलीज पर है क्योंकि संसद उस समय नया इतिहास रचेगी जब 2029 से महिला आरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए, इस हफ्ते इसमें संशोधन किया जाएगा।

मोदी ने 16 अप्रैल से शुरू हो रहे संसद के तीन दिवसीय सत्र से पहले यहां आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में कहा कि इस कानून के लागू होने से अतीत की परिकल्पनाएं साकार होंगी और भविष्य के संकल्प पूरे होंगे। उन्होंने शासन में महिलाओं के योगदान की सराहना की और जोर दिया कि उनमें से कई बड़ी भूमिकाओं के लिए तैयार और उत्सुक हैं।

मोदी ने सम्मेलन में कहा कि हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की परिकल्पनाओं को साकार करेगा और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। यह ऐसे भारत का संकल्प है, जो समतावादी हो, जिसमें सामाजिक न्याय केवल नारा न होकर हमारी कार्य संस्कृति और निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा हो।



नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और अन्य।

### यह हमारे समय के सबसे अहम फैसलों में एक

मोदी ने कहा कि मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि यह फैसला हमारे समय के सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में से एक होगा। यह फैसला महिला सशक्तिकरण को समर्पित होगा और नारी शक्ति एवं नारी सम्मान के प्रति सच्चे आदर का प्रतीक होगा। संसद ने सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था जिसे आमतौर पर महिला आरक्षण कानून के नाम से जाना जाता है। यह लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अधिनियम में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीट आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि जब 2023 में यह कानून पेश किया गया था तब इसे सभी दलों की सर्वसम्मति से पारित किया गया था और इसे 2029 तक लागू करने की विशेष रूप से विपक्ष की ओर से सामूहिक मांग उठी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्यों की विधानसभाओं से लेकर संसद तक, दशकों के इंतजार को समाप्त करने का समय 16, 17 और 18 अप्रैल है, जब संशोधनों पर विचार और उन्हें पारित करने के लिए विस्तारित बजट सत्र निर्धारित किया गया है। कहा कि 2023 में नई संसद में हमने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में पहला कदम उठाया था...हमारे राष्ट्र की विकास यात्रा में इन महत्वपूर्ण पड़ावों के बीच, भारत 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक निर्णय लेने की दहलीज पर खड़ा है। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान 2023 में संविधान संशोधन के जरिए किया गया था।

### नारी शक्ति अधि. में बदलाव आवश्यक

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण कानून को 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बदलाव जरूरी है। इसी वजह से सरकार ने कानून में संशोधन पारित कराने के लिए बजट सत्र की अवधि का विस्तार किया है। संशोधन पारित होने के बाद लोकसभा सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी, जिनमें से 273 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समय पर लागू किया जाना चाहिए ताकि महिलाओं की भागीदारी देश के लोकतंत्र को मजबूत कर सके। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस बार भी, ये काम संवाद, सहयोग और सहभागिता से हो।

## गुजरात में ट्रक की चपेट में आने से सात लोगों की मौत

**सुरेंद्रनगर।** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में रविवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से सात लोगों की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। लखतर के पुलिस निरीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि यह घटना लखतर-विरमगाम राजमार्ग पर देर रात करीब 1.30 बजे उस समय घटी, जब तीर्थयात्रियों का एक समूह राजकोट से बहुचराजी मंदिर में दर्शन करने के लिए पैदल जा रहा था। उन्होंने बताया कि जिले के लखतर तालुका के भास्करपारा गांव के बाहरी इलाके में एक ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए श्रद्धालुओं को कुचल दिया।

उन्होंने बताया कि छह तीर्थयात्री और सड़क किनारे खड़े एक डंपर चालक की भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों में चार महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा, यह हादसा उस समय हुआ जब तीर्थयात्री पैदल जा रहे थे। वे बहुचराजी के एक मंदिर में पूजा करने के लिए निकले थे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रभारी पुलिस अधीक्षक वेदिका बिहानी ने बताया कि छह व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई और एक ने विरमगाम के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि चार अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि कपास से लदा ट्रक राजकोट से आ रहा था।

## लालू को झटका, एफआईआर को रद्द करने से सुप्रीम इनकार

- जमीन के बदले नौकरी देने से जुड़े मामले में कोर्ट का निर्णय

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़े जमीन के बदले नौकरी मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी को सोमवार को रद्द करने से इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने हालांकि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद (77) को सुनवाई के दौरान अधीनस्थ अदालत में पेश होने से छूट दे दी। पीठ ने कहा कि हम धारा 17ए (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की) के इस्तेमाल से जुड़े मुद्दे पर कुछ नहीं कहते कि यह आगे से लागू होगा या पूर्व प्रभाव से। तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, याचिकाकर्ता को सुनवाई के समय कानूनी मुद्दा उठाने की आजादी दी जाती है।

उच्चतम न्यायालय ने प्रसाद को इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के लागू होने का मुद्दा उठाने की अनुमति दी। सीबीआई की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सुनवाई के दौरान दलील दी कि कानून की धारा 17ए का उपयोग तभी किया जाता, अगर आरोपी किसी निर्णय लेने वाले पद पर होते। राजू ने दलील दी कि प्रसाद के खिलाफ धारा 17ए के तहत पूर्व अनुमति जरूरी नहीं है, क्योंकि न तो वह निर्णय लेने वाले व्यक्ति थे और न ही सिफारिश करने वाले। लालू प्रसाद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील का विरोध करते हुए कहा कि अधिकारियों को जब तक अनुमति नहीं मिलती, जांच नहीं हो सकती। सिब्बल ने कहा कि सीबीआई नौ साल बाद जागी है और उसने उसी आधार पर एक और आरोपपत्र दायर किया है, जिस पर मामला बंद हो चुका था। इससे पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय ने 24 मार्च को राजद प्रमुख को बड़ा झटका देते हुए उनके और उनके परिवार से जुड़े जमीन के बदले नौकरी मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी रद्द करने से इनकार कर दिया था।

## स्वयंभू बाबा अशोक खरात के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

- धन शोधन से जुड़े मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कई शहरों में जांच

**मुंबई/दिल्ली, एजेंसी**

धन शोधन की जांच के तहत ईडी ने सोमवार को 'स्वयंभू बाबा' अशोक खरात और उससे जुड़े परिसरों पर महाराष्ट्र के कई शहरों में छापेमारी की। खरात के गृह नगर नासिक में स्थित पांच परिसर और पुणे और शिरडी के तीन-तीन परिसर पर छापेमारी की गई है।

खरात, उनके सीए प्रकाश पोफले, खरात के रिश्तेदारों और सहकारी ऋण समितियों की कुछ शाखाओं से जुड़े आवासीय और व्यावसायिक परिसर की जांच की जा रही है। ईडी ने खरात के विरुद्ध नासिक पुलिस की प्राथमिकी के आधार पर छह अप्रैल को उसके खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया था। नासिक पुलिस ने खरात के खिलाफ कई महिला पीड़ितों से जबरन वसूली, धर्म की आड़ में



छल-कपट और नशीले पदार्थ देकर हमला (यौन शोषण) के आरोप में मामला दर्ज किया था। संघीय एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि वे विशेष रूप से इस बात के सबूत जुटाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या खरात और उसके साथियों ने निजी लाभ के लिए अवैध धन का शोधन किया था। महाराष्ट्र सरकार ने 'स्वयंभू बाबा एवं ज्योतिषी' के कथित आपराधिक कृत्यों और वित्तीय लेन-देन की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है।

## कांकेर में मुठभेड़ एक महिला नक्सली मारी गई

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक महिला नक्सली मारी गई। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मुठभेड़ 31 मार्च को सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को सशस्त्र माओवादी मुक्त घोषित किए जाने के 12 दिन बाद हुई है। कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया-परतापुर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में स्थित माचपल्ली-आरामझोरा-हिडूर इलाके के जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर पुलिस बल ने अभियान शुरू किया था। राखेचा ने बताया कि पुलिस और माओवादियों के बीच माचपल्ली इलाके में मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से एक महिला माओवादी का शव बरामद किया गया। शव की पहचान एरिया कमेटी सदस्य के रूप में हुई है।

## शांति की अपील बाइबिल में निहित, हम ट्रंप से नहीं डरते

- अपने शांति संदेश की आलोचना पर पोप लियो ने किया पलटवार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

पोप लियो चौदहवें ने ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल युद्ध संबंधी अपने शांति संदेश की अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा की गई आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि वेटिकन की शांति और सुलह की अपील बाइबिल के पवित्र उपदेशों में निहित है, और वह डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन से नहीं डरते।

अल्जीरिया जा रहे लियो ने पापल विमान में उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि ट्रंप द्वारा की गई आलोचना बाइबिल के पवित्र उपदेशों को न समझने की वजह से है। पापल विमान पोप की यात्राओं के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला विमान है। उन्होंने कहा कि मुझे यह सुनकर बहुत दुख हुआ, लेकिन मैं उस कार्य को जारी रखूंगा जिसे मैं आज दुनिया में चर्च का मिशन मानता हूं। अमेरिकी मूल के पहले पोप ने इस बात पर जोर दिया कि शांति के लिए सामान्य अपील और विश्व में ईरान तथा अन्य जगहों पर युद्ध को बढ़ावा देकर सर्वाधिक शक्तिशाली होने के भ्रम की निंदा करके उन्होंने ट्रंप या किसी अन्य पर सीधा हमला नहीं किया है। पोप ने कहा कि मुझे ट्रंप प्रशासन का कोई डर नहीं है। ट्रंप ने रविवार रात लियो पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि अमेरिकी मूल के कैथोलिक चर्च के वैश्विक नेता बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और वह एक बहुत उदार व्यक्ति हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पोप को कट्टरपंथी वामपंथियों को खुश करना बंद कर देना चाहिए। फ्लोरिडा से वाशिंगटन लौटते समय ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट लिखकर लियो की आलोचना की, और फिर विमान से उतरने के बाद भी जारी रखा।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन



**मेष** आज आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। आंखों की सेहत का ध्यान रखें। अपने कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे।


**तुला** आज कमीशन संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा। वैवाहिक जीवन में अनबन हो सकती है। अपनी बातों को मनवाने के लिए अधिक जोर न दें।


**वृष** आज आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहने वाली है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों पर अधिक निर्भर न रहें। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी।


**वृश्चिक** आज कार्यक्षेत्र की परिस्थितियां अनुकूल हैं। व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें। आप अतिशीघ्रता में कोई बड़ा निर्णय न लें।


**मिथुन** आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़ा पद मिल सकता है। किसी की बात कड़वी लग सकती है।


**धनु** आज का दिन अत्यंत सकारात्मक है। अपनी क्षमताओं का बेहतरीन उपयोग कर पाएंगे। व्यवसायियों को बड़ी डील मिल सकती है।


**कर्क** आज उधार धन के लेन-देन से बचें। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें। युवाओं की संगत बिगड़ सकती है।


**मकर** आज कार्यक्षेत्र में कार्यभार बढ़ेगा। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में लाभ के योग हैं। जो भी कार्य करें उसे आत्मविश्वास के साथ करें।


**सिंह** आज दैनिक कार्यों में कुछ रुकावटें आएंगी। धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। स्वास्थ्य कुछ नरम हो सकता है।


**कुंभ** आज अपनी जीवनशैली को व्यवस्थित रखें। गूढ़ अनुसंधान में आप रुचि ले सकते हैं। व्यवसाय में लाभ की संभावनाएं बनेंगी।


**कन्या** आज दिन की शुरुआत बहुत ही शुभ रहने वाली है। अधूरे पड़े कार्यों को निपटाने में अधिक समय व्यतीत होगा।


**मीन** आज मन में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतोष रहेगा। आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना पड़ेगा। अनावश्यक विवाद से बचें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति:** 14 अप्रैल, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 15 अप्रैल 00.12 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**-शतभिषा 16.06 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

### सुडोकू - 118 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 |

### सुडोकू -119

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 2 | | | 4 | | |
| | 7 | | | 1 | 6 | | | 5 |
| | | | 5 | | | | | 3 |
| | | 5 | | | | 9 | | |
| | 3 | 7 | | | | 2 | 4 | |
| 1 | | 4 | | | | 6 | | |
| 7 | | | 3 | | 5 | | 9 | |
| 2 | | | 1 | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | | | 9 | | 8 | |

## अंतरिक्ष की झलक

### अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के आर्टेमिस-2 मिशन से सामने आया अंतरिक्ष का एक नया और ताजा दृश्य

# आधुनिक फोटोग्राफी तकनीक से बयां होगी चंद्र यात्रा की कहानी

**लंदन, एजेंसी**

अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के इतिहास में अब तक शोधकर्ताओं के पास अंतरिक्ष यात्राओं की कहानी बताने के लिए दस्तावेज, कलाकृतियां और तस्वीरों का बड़ा भंडार मौजूद रहा है।

हालांकि, चंद्रमा के चारों ओर आर्टेमिस द्वितीय मिशन के पूरा होने के बाद अंतरिक्ष का एक नया और ताजा दृश्य सामने आया है। मिशन के दौरान ही पृथ्वी पर भेजी गई डिजिटल तस्वीरें दल के अनुभवों की आधुनिक झलक पेश करती हैं। 1972 में अपोलो 17 के बाद जन्मी पीढ़ियों के लिए, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में इस मिशन की वास्तविकता पर विश्वास करना मुश्किल हो सकता है। हालांकि, यह मिशन वास्तविक था और इसमें शामिल चार अंतरिक्ष यात्री - रीड वाइजमेन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैन्सेन अपनी यात्रा की कहानी उन तस्वीरों के जरिए बता सकते हैं, जो अब नासा के पास सुरक्षित हैं। मानव अंतरिक्ष उड़ान के दृश्य इतिहास का अध्ययन करने वाले विशेषज्ञों



के लिए चंद्रमा पर वापसी की तस्वीरों का लंबे समय से इंतजार था। अपोलो युग के बाद अंतरिक्ष यात्रा की तस्वीरें मुख्य रूप से स्पेस शटल प्रक्षेपण, अंतरिक्ष स्टेशन और मंगल रोवर तक सीमित रही थीं। आर्टेमिस-द्वितीय की तस्वीरों में अपोलो जैसी कालजयी झलक तो है ही, लेकिन आधुनिक उपकरणों के कारण वे अधिक स्पष्ट, साफ और उच्च गुणवत्ता वाली हैं। इनसे अंतरिक्ष यात्रा अधिक भव्य, साहसिक और आकर्षक दिखाई देती है। जेनरेशन 'एक्स' के कई लोगों की तरह, अपोलो मिशनों की प्रत्यक्ष स्मृति न होने के कारण अंतरिक्ष से जुड़ी यादें तस्वीरों तक ही सीमित रही हैं।

### मिशन के दल ने कई सप्ताह लिया प्रशिक्षण

मिशन के दल ने निकोन के डिजिटल कैमरों और आईफोन के साथ कई सप्ताह का प्रशिक्षण लिया। यह तकनीक अपोलो 17 के दौरान इस्तेमाल किए गए 1960 के दशक के 35 मिमी कैमरों की तुलना में कहीं अधिक उन्नत है। नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर इस्तेमाल किए जाने वाले निकोन डी5 कैमरे को प्राथमिकता देता रहा है और इसी भरोसेमंद तकनीक का उपयोग आर्टेमिस-द्वितीय मिशन में भी किया गया। इस मिशन में इस्तेमाल ओरियन अंतरिक्षयान आकार में बड़ा है और इसमें पहले की तुलना में अधिक कैमरे लगाए गए हैं।

## पॉप गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स नशा मुक्ति केंद्र में हुईं भर्ती

**लॉस एंजिलिस।** दिग्गज पॉप गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स शराब और मादक पदार्थों के प्रभाव में वाहन चलाने (डीयूआई) के संदेह में अपनी गिरफ्तारी के करीब एक महीने बाद नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती हुई हैं। स्पीयर्स के एक प्रतिनिधि ने रविवार को बताया कि ब्रिटनी (44) ने स्वेच्छा से केंद्र में अपना पंजीकरण कराया है। कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल के अनुसार, पांच मार्च को अधिकारियों को सूचना मिली थी कि वेंचुरा काउंटी में यूएस 101 पर एक बीएमडब्ल्यू कार बेहद तेज गति और अनियंत्रित तरीके से जा रही है।



नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए क्रीज पर खुद को अधिक समय देने की जरूरत है। यह टी20 क्रिकेट की प्रकृति है। अभी कुछ ही मैच हुए हैं। मुझे नहीं लगता कि आप दो मैच से बहुत अधिक आकलन कर सकते हैं।

**–फिन एलेन, कोलकाता के बल्लेबाज**


# स्टेडियम

कानपुर नगर, मंगलवार,14 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

चेन्नई सुपर किंग्स

बनाम

कोलकाता नाइट राइडर्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

## ऑरेंज कैप





हेनरिक क्लासेन
हैदराबाद– 224 रन
ईशान किशन
हैदराबाद– 213 रन
वैभव सूर्यवंशी
राजस्थान – 200 रन

## पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात – 10 विकेट
रवि विश्नोई
राजस्थान– 9 विकेट
अंशुल कंबोज
चेन्नई – 8 विकेट



## हाईलाइट

### अहमदाबाद के बजाय चेन्नई में होगा जीटी और सीएसके का मैच

**मुंबई।** अहमदाबाद और गुजरात के अन्य हिस्सों में 26 अप्रैल को होने वाले नगर निगम चुनावों के कारण इस दिन अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस (जीटी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच होने वाले आईपीएल 2026 के मुकाबले को चेन्नई स्थानांतरित करने का फैसला लिया गया है। यह मुक़ाबला अब 26 अप्रैल को ही खेला जाएगा। इस मैच को चेन्नई के एम ए चिदंबरम स्टेडियम में शिफ्ट कर दिया गया है।

### टिम डेविड और हार्दिक पंड्या पर जुर्माना

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हरफनमौला टिम डेविड पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान अंपायर के निर्देश नहीं मानने के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया। डेविड को आईपीएल खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया जबकि मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना भरना पड़ा। आईपीएल ने एक बयान में कहा कि डेविड ने आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.4 का उल्लंघन किया है। डेविड ने आरसीबी की पारी के दौरान दो बार गेंद अंपायर को नहीं सौंपी थी।

### रोहित शर्मा की चोट का होगा स्कैन

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा अपनी हैमस्ट्रिंग चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए स्कैन करवाएंगे। अब गुरुवार को होने वाले अगले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में उनकी उपलब्धता स्कैन के नतीजों पर निर्भर करेगी। 38 वर्षीय रोहित, रविवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान छठे ओवर में चोटिल होने के बाद रिटायर होकर मैदान से बाहर चले गए।

# हिंगे-साकिब ने रोका राजस्थान रॉयल्स का विजय रथ

## आईपीएल-2026 : सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन ने 91 रनों की पारी खेली

**हैदराबाद, एजेंसी**

कप्तान ईशान किशन की 44 गेंदों में 91 रन की पारी के बाद पदार्पण कर रहे प्रफुल्ल हिंगे (34 रन पर चार विकेट) और शाकिब हुसैन (24 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 57 रन से शिकस्त दी।

हिंगे ने पहले ओवर में ही तीन विकेट चटकाकर आईपीएल का नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुहान-ड्रे प्रिटोरियस को खाता खोले बिना आउट कर अपने पदार्पण को यादगार बनाया। सनराइजर्स ने किशन की आतिशी पारी के बाद आखिरी ओवरों में नीतीश कुमार रेड्डी और सलिल अरोड़ा की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से छह विकेट पर 216 रन बनाए, जिसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स को 19 ओवर में 159 रन पर आउट कर दिया। रॉयल्स की यह पांच मैचों में पहली हार है, जबकि सनराइजर्स की इतने ही मैचों में यह दूसरी जीत है।

हिंगे को पदार्पण कर रहे एक अन्य गेंदबाज शाकिब का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने यशस्वी जायसवाल (एक) और डोनोवन फरेरा (44 गेंदों में 69 रन) के अहम विकेट चटकाए। ईशान मलिंगा ने 31 रन पर दो विकेट लिए। महज नौ रन पर पांच विकेट गिरने के बाद फरेरा और रविंद्र जडेजा (32 गेंदों में 45 रन) ने छठे विकेट के लिए 72 गेंदों में 118 रन की साझेदारी कर रॉयल्स को मुकाबले में बनाए रखा, लेकिन इस साझेदारी के टूटने के साथ ही टीम की उम्मीदें खत्म हो गईं। किशन ने अपनी पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाने के अलावा हेनरिच क्लासेन (26 गेंदों में 40 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 88 रन की अहम साझेदारी की। आखिरी ओवरों में रेड्डी ने महज 13 गेंदों पर 28 रन ठोककर रनगति को और तेज किया, जबकि अरोड़ा ने 13 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।



राजस्थान रॉयल्स के ध्रुव जुरेल का विकेट लेने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते सनराइजर्स हैदराबाद के प्रफुल्ल हिंगे। एजेंसी

लक्ष्य का बचाव करते हुए हिंगे ने पारी की दूसरी गेंद पर ही वैभव सूर्यवंशी को विकेटकीपर अरोड़ा के हाथों कैच कराया। इसके बाद उन्होंने जुरेल को बोल्ड किया और लुहान-ड्रे प्रिटोरियस को रेड्डी के हाथों कैच कराकर तीन विकेट पूरे किए। ये तीनों बल्लेबाज बिना खाता खोले पवेलियन लौटे, जिससे रॉयल्स ने एक रन पर तीन विकेट गंवा दिए। शाकिब ने दूसरे ओवर में जायसवाल को आउट कर स्कोर दो रन पर चार विकेट कर दिया। कप्तान रियान पराग ने हिंगे के खिलाफ पारी का पहला चौका जड़ा, लेकिन तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर स्लिप में अभिषेक शर्मा को कैच दे बैठे, जिससे तीन ओवर में नौ रन पर रॉयल्स की आधी टीम पवेलियन लौट गई। अनुभवी रविंद्र जडेजा और डोनोवन फरेरा ने इसके बाद संभलकर बल्लेबाजी करते हुए नियमित अंतराल पर बाउंड्री लगाईं। फरेरा इस दौरान ज्यादा आक्रामक रहे। जडेजा ने चौथे ओवर में शाकिब के खिलाफ दो चौके जड़े, वहीं फरेरा ने हिंगे के खिलाफ पारी का पहला छक्का लगाया। पावरप्ले में टीम का स्कोर पांच विकेट पर 40 रन था। फरेरा ने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए शिवांग कुमार के खिलाफ सातवें ओवर में लगातार गेंदों पर दो चौके जड़े और 11वें ओवर में अपनी पारी का दूसरा छक्का लगाया। अगले ओवर में हर्ष दुबे की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का जड़ते हुए 31 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। जडेजा ने 13वें ओवर में चौका लगाकर टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया, जबकि उसी ओवर में फरेरा के एक रन के साथ इस जोड़ी ने 65 गेंदों में शतकीय साझेदारी पूरी की।

### दूसरा ही टी-20 था प्रफुल्ल हिंगे का

सीनियर स्तर पर 24 वर्षीय हिंगे का यह केवल दूसरा टी-20 मैच था। उन्होंने अक्तूबर 2024 में विदर्भ के लिए प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था और पिछले रणजी ट्रॉफ़ी सीजन में 11 पारियों में 26.37 की औसत से 16 विकेट हासिल किए थे। इस मुकाबले से पहले उन्होंने एकमात्र टी20 दिसंबर 2025 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला था। जिसमें उन्होंने 23 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। पिछले साल विदर्भ प्रो टी20 लीग में नेको मास्टर ब्लास्टर्स के ख़िताबी सीजन में अहम भूमिका अदा की थी।

### सनराइजर्स हैदराबाद

**216/6** (20 ओवर)

- अभिषेक शर्मा का बिश्नोई बो आर्चर 00
- ट्रेविस हेड का फरेरा बो पराग 18
- ईशान किशन का एवं बो संदीप 91
- हेनरिच क्लासेन का पराग बो देशपांडे 40
- नीतिश कुमार रेड्डी का जुरेल बो आर्चर 28
- सलिल अरोड़ा नाबाद 24
- अनिकेत वर्मा रन आउट 06
- हर्ष दुबे नाबाद 00

**विकेट पतन:** 1-0, 2-55, 3-143, 4-162, 5-195, 6-209, **अतिरिक्त:** 09, **गेंदबाजी:** आर्चर 4-0-27-2, बर्गर 4-0-31-0, संदीप 4-0-52-1, देशपांडे 4-0-55-1, पराग 1-0-5-1, बिश्नोई 3-0-35-0

### राजस्थान रॉयल्स

**159/10** (19 ओवर)

- यशस्वी जायसवाल का रेड्डी बो शाकिब 01
- वैभव सूर्यवंशी का अरोड़ा बो हिंगे 00
- ध्रुव जुरेल बो हिंगे 00
- लुहान ड्रे प्रिटोरियस का रेड्डी बो हिंगे 00
- रियान पराग का अभिषेक बो हिंगे 04
- रविंद्र जडेजा का अरोड़ा बो मलिंगा 45
- डोनोवन फरेरा बो शाकिब 69
- जोफ्रा आर्चर का हिंगे बो शाकिब 02
- तुषार देशपांडे का किशन बो मलिंगा 25
- रवि बिश्नोई का किशन बो शाकिब 00
- नांद्रे बर्गर नाबाद 03

**अतिरिक्त:** 10, **विकेट पतन:** 1-1, 2-1, 3-1, 4-2, 5-9, 6-127, 7-129, 8-140, 9-140

**गेंदबाजी:** हिंगे 4-0-34-4, शाकिब 4-0-24-4, मलिंगा 4-0-31-2, शिवांग 3-0-28-0, रेड्डी 2-0-19-0, हर्ष 2-0-22-0

**30** गेंदों पर ईशान किशन ने अर्धशतक पूरा किया

### नए खिलाड़ियों को मौका देना सोची-समझी रणनीतिः किशन



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन ने इंडियन प्रीमियर लीग टी-20 मैच में सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 57 रन से शिकस्त देने के बाद पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाजों प्रफुल्ल हिंगे और शाकिब हुसैन की तारीफ की।

'प्लेयर ऑफ द मैच' हिंगे ने अपने पहले ओवर में ही तीन विकेट चटकाकर आईपीएल का नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुहान-ड्रे प्रिटोरियस को खाता खोले बिना आउट किया। किशन ने जीत के बाद टीम के प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए कहा कि यह जीत टीम के लिए महत्वपूर्ण रही और खिलाड़ियों ने योजनाओं को बखूबी लागू किया। उन्होंने पुरस्कार समारोह में प्रसारकों से कहा हम इस जीत से बेहद खुश हैं। टीम ने दो अहम अंक हासिल किए और गेंदबाजों ने वही किया जिसकी हम उनसे अपेक्षा कर रहे थे। हमने उनसे कहा था कि वे खुलकर खेलें और अपनी योजनाओं को सही तरीके से लागू करें, और आज उन्होंने ऐसा ही किया। इसका श्रेय सभी गेंदबाजों को जाता है। नए गेंदबाजों को मौका देने पर उन्होंने कहाआपको यह भी देखना होता है कि युवा खिलाड़ियों में सफलता के लिए कितनी ललक है। वे पूरे सत्र हमारे गेंदबाजी कोच वरुण आरोन के साथ मेहनत कर रहे थे और अनुभवी खिलाड़ियों से लगातार बातचीत कर रहे थे।

# महिला टी-20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि घोषित

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की। इस विश्व कप का आयोजन दो महीने बाद इंग्लैंड एवं वेल्स में होगा। कुल पुरस्कार राशि में पिछले सत्र की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

टूर्नामेंट के पिछले सत्र में 10 टीमों ने भाग लिया था, लेकिन 12 जून से पांच जुलाई तक सात स्थानों पर खेले जाने वाले आगामी विश्व कप में 12 टीमें भाग लेंगी। इसका फाइनल लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगा।

संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित पिछले सत्र की कुल पुरस्कार राशि 7,958,077 डॉलर (लगभग 74 करोड़ रुपये) थी, जो अब बढ़कर 8,764,615 डॉलर (लगभग 82 करोड़ रुपये) हो गई है। आईसीसी ने यहां विज्ञप्ति में कहा सभी 12 प्रतिभागी टीमों को कम से कम 2,47,500 डॉलर (लगभग 2.06 करोड़ रुपये) का सुनिश्चित पुरस्कार मिलेगा।

महिला क्रिकेट का विकास लगातार तेज हो रहा है। आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप का 12 टीमों तक विस्तार और रिकॉर्ड पुरस्कार राशि, एक मजबूत और अधिक प्रतिस्पर्धी वैश्विक खेल के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**संजोग गुप्ता , आईसीसी के सीईओ**

### विजेता टीम को 21.8 करोड़ रुपये मिलेंगे

विजेता टीम को 23,40,000 डॉलर (लगभग 21.8 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जबकि उपविजेता को 11,70,000 डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपये) प्राप्त होंगे। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 6,75,000 डॉलर (लगभग 6.29 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जबकि प्रत्येक ग्रुप मैच जीतने पर टीमों को 31,154 डॉलर (लगभग 29 लाख रुपये) मिलेंगे।



### 12 जून से होंगे मुकाबले

टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून को बर्मिंघम के एडजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मैच से होगी। इस विश्व कप में भाग लेने वाली अन्य टीमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, आयरलैंड, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज हैं। 33 मैचों का यह टूर्नामेंट 24 दिनों तक चलेगा। इस बीच, टी20 विश्व कप ट्रॉफी मेजबान शहरों का दौरा करेगी और लंदन में इसका समापन होगा। स्कॉटलैंड में सात से 10 मई तक इसका पहला पड़ाव होगा।

# केकेआर पर दबदबा बनाना चाहेगा सीएसके

- तालिका में अंतिम पायदान पर चल रही हैं दोनों टीमें

**चेन्नई, एजेंसी**

पिछले मैच में जीत से उत्साहित चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अब तक एक भी मैच नहीं जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम के खिलाफ दबदबा बनाने की कोशिश करेगी। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। उसकी इस जीत के नायक संजू सैमसन रहे जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 115 रन की पारी खेली।

इसके बाद उसके गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। डेवाल्ड ब्रेविस के फिट होकर वापसी करने से सीएसके को अपने गेंदबाजी संयोजन में बदलाव करने की छूट मिली जिससे वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 212 रन का बचाव करने में सफल रही।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने अपने आईपीएल पदार्पण पर प्रभावित किया। उन्होंने अपनी अतिरिक्त उछाल से बल्लेबाजों को चौंकाया। जेमी ओवरटन ने भी शानदार प्रदर्शन किया और लगातार अच्छी गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए। सत्र का अपना पहला मैच खेल रहे बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन ने पावरप्ले में सीएसके के गेंदबाजी आक्रमण को एक और आयाम प्रदान किया।



अभ्यास सत्र के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी। एजेंसी

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 0 | 0 | 8 | 0.889 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 0 | 6 | 1.148 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.427 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.772 |
| 9. | चेन्नई सुपर किंग्स | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -1.532 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |

### टीम

**सीएसके :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजपनीत सिंह, नूर अहमद, अकील हुसैन, प्रशांत वीर, कार्तिक शर्मा, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, रामकृष्ण घोष, मुकेश चौधरी

**केकेआर :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती, फिन एलन, मथीशा पथिराना, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, तेजस्वी दहिया, रचिन रवींद्र, आकाश दीप, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, सार्थक रंजन, कार्तिक त्यागी, कैमरन ग्रीन, सौरभ दुबे, दक्ष कामरा।

**योजना**

**खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा– सभी बाधाओं को किया जाएगा दूर, सिर्फ एक बार वर्ष 2013 में हुई थी रेस**

# अगले वर्ष फार्मूला वन की भारत में होगी वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि उन्हें यकीन है कि 2027 में भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी होगी और इसके लिए कर संबंधी बाधाओं को दूर किया जाएगा जिसकी वजह से 2013 के बाद भारत में रेस नहीं हुई है। मांडविया ने यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में इस रेस के आयोजन के लिए कम से कम तीन कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है।

उन्होंने कहा भारत में 2027 में फॉर्मूला वन रेस होगी। पहली रेस बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित की जाएगी। भारत इससे पहले फॉर्मूला वन रेस इंडियन ग्रां प्री आयोजित कर चुका है, लेकिन कर और नौकरशाही संबंधी समस्याओं के कारण 2013 में तीसरे संस्करण के बाद इसे फॉर्मूला वन रेस के कैलेंडर से हटा दिया गया था।





वहीं लिबर्टी मीडिया के स्वामित्व वाले फार्मूला वन के सूत्रों ने कहा कि भारत में 2027 में रेस संभव नहीं है हालांकि भारत को उभरते बाजार के रूप में देखा जा रहा है। सूत्र ने कहा 2027 में तो संभव नहीं है लेकिन भारत ऐसा बाजार है जिसमें रूचि है। भारत में एफवन के काफी प्रशंसक हैं लेकिन हमने कोई करार नहीं किया है। फार्मूला वन ने पिछले साल दिसंबर में भारत में प्रसारण साझेदार की घोषणा करते हुए कहा था कि भारत में उसके 79 मिलियन प्रशंसक हैं।

ग्रेटर नोएडा में एफवन ट्रैक समेत कर्जे में डूबे जेपी समूह की संपत्तियां खरीदने जा रहे अडाणी समूह ने भारत में एफवन रेस फिर शुरू कराने की इच्छा जताई है। मांडविया ने कहा कि सरकार अपनी ओर से पूरा प्रयास करेगी कि भारत में इस रेस की वापसी हो। उन्होंने कहा सारी औपचारिकतायें पूरी करने में छह महीने का समय लगेगा। सरकार कर में रियायत दिलाने की कोशिश करेगी । फार्मूला वन को मनोरंजन की श्रेणी में रखा जायेगा या खेलों की, इस पर अंतर मंत्रालय बातचीत होगी। पिछली बार भारी मनोरंजन कर भी रेस की भारत से रवानगी का एक कारण था।

मांडविया ने कहा ईरान में चल रहे युद्ध के कारण भारत को खेल आयोजनों के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में देखा जा रहा है। हम एफवन से पहले मोटो जीपी भी कराने जा रहे हैं। भारतीय मोटर स्पोर्ट्स क्लब महासंघ फार्मूला वन से बात कर रहा है। एफवन का 24 रेस का व्यस्त कैलेंडर है। इसके दो राउंड इस महीने सउदी अरब और बहरीन में होने थे जो पश्चिम एशिया में तनाव के कारण रद्द कर दिए गए हैं।

### राष्ट्रमंडल 2030 में दो भारतीय खेल

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत में 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में हॉकी और क्रिकेट जरूर रहेंगे जबकि कबड्डी, योगासन, खोखो और मलखम्ब जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों में से भी दो को जगह दी जायेगी। राष्ट्रमंडल खेल अध्यक्ष डोनाल्ड रूकारे की अध्यक्षता में इसके प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह मेजबान शहर अहमदाबाद में तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने शुक्रवार को मांडविया से भी मुलाकात की थी। खेलमंत्री ने यहां बातचीत के दौरान पत्रकारों को बताया हमारे पारंपरिक खेलों में से कबड्डी, मलखम्ब खोखो और योगासन में से दो को शामिल करने का प्रयास है।

# अल्काराज को पछाड़ सिनर फिर बने दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी

**रोम, एजेंसी**

इटली के यानिक सिनर नवीनतम एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में कार्लोस अल्काराज को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए। सिनर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के अल्कारेज को हराकर खिताब जीता था जिसके बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे।

क्ले कोर्ट पर यह सिनर का पहला बड़ा खिताब है और उन्होंने अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी को हराकर यह खिताब हासिल किया। सिनर ने कहा यह मेरे लिए काफी मायने रखता है क्योंकि इसका मतलब है कि मैं आगे बढ़ रहा हूं। यह 2026 के लिए सिनर के मुख्य लक्ष्य की ओर बढ़ाया गया पहला कदम है। उनका लक्ष्य फ्रेंच ओपन जीतकर करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करना है। सिनर के 13350 अंक हैं जबकि अल्काराज 13240 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव 5555 अंक के साथ तीसरे पायदान पर हैं। नोवाक जोकोविच, फेलिक्स ऑगर एलियासिम, बेन शेल्टन, एलेक्स डि मिनोर, टेलर फ्रिट्ज, लॉरेंजो मुसेटी और दानिल मेदवेदेव शीर्ष 10 में शामिल हैं।



### मोंटे कार्लो मास्टर्स का खिताब भी जीता

**मोनाको।** यानिक सिनर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन और कार्लोस अल्काराज को हराकर नवंबर की शुरुआत के बाद पहली बार दुनिया के शीर्ष स्थान पर वापसी की। मोनाको में खेले गए निर्णायक मुकाबले में सिनर ने अल्काराज को 7-6 (7-5), 6-3 से हराकर मोंटे कार्लो टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। दुनिया के शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच नवंबर में एटीपी चैंपियनशिप के फाइनल में सिनर की सीधे सेटों में जीत के बाद पहली भिड़ंत थी। बड़े-बड़े शॉट्स से भरे इस तनावपूर्ण और कड़े मुकाबले में, दोनों खिलाड़ियों को तेज़ हवाओं का सामना करना पड़ा। इन हवाओं ने मैच में अनिश्चितता का एक तत्व जोड़ दिया, जिसके चलते दोनों खिलाड़ियों से कुल मिलाकर 83 गलतियां हुईं।